हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 26.03.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 241 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### सरकार ने दो आईपीएस अधिकारियों का किया तबादला

**रांची :** झारखंड सरकार ने दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है और पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत डीजी एमएस भाटिया सहित पांच अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। इसके तहत अनिल पालटा को रेल डीजी और पंकज कंबोज को झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का निदेशक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में अधिसूचना मंगलवार देर शाम जारी कर दी गई। होमगार्ड डीजी के पद पर कार्यरत अनिल पालटा को रेल डीजी बनाया गया। प्रतीक्षारत एमएस भाटिया को होमगार्ड डीजी के रूप में नियुक्त किया गया। आईजी प्रोविजन के पद पर कार्यरत पंकज कंबोज को झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का निदेशक बनाया गया। प्रतीक्षारत शुभम खंडेलवाल को सिमरिया एसडीपीओ नियुक्त किया गया। प्रतीक्षारत गौरव गोस्वामी को एसडीपीओ पतरातू के पद पर तैनात किया गया। प्रतीक्षारत वेदांत शेखर को सीडीपीओ किस्को की जिम्मेदारी दी गई। प्रतीक्षारत शिवम प्रकाश को सीडीपीओ चक्रधरपुर बनाया गया। सरकार द्वारा जारी इस अधिसूचना के साथ ही संबंधित अधिकारियों को उनके नए पदों पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है।

### मनरेगा बीपीओ 12 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**पलामू :** गढ़वा जिले के रमना प्रखंड के मनरेगा बीपीओ प्रभु कुमार को 12 हजार रिश्वत लेते पलामू प्रमंडलीय एसीबी की टीम ने मंगलवार को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम बीपीओ को लेकर मेदनीनगर पहुंची और जरूरी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के पुलिस अधीक्षक के अनुसार रमना के हरदाकला के शिव शंकर राम की माता जितनी देवी के नाम से डोभा का निर्माण कार्य मिला था। इस योजना को चालू करने तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर करने के लिए जब शिव शंकर बीपीओ से मिले तो उन्होंने 12 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। आवेदक घूस नहीं देना चाहते थे। उन्होंने इस की शिकायत पलामू एसीबी के कार्यालय में की। शिकायत के आलोक में जांच की गई और मामले को सही पाकर मामला दर्ज किया गया। कार्रवाई के लिए टीम बनाई गई और आवेदक को घुस के 12 हजार रुपए देकर धावा दल के साथ रमना प्रखंड कार्यालय भेजा गया।

# अब सिंगल बैंक खाताधारी को ही मंईयां योजना का मिलेगा लाभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य सरकार में मंईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन में आंशिक संशोधन किया है। मार्च 2025 के बाद से आवेदिका का आधार लिंक के साथ सिंगल बैंक खाता होना चाहिए। इसी के आधार पर मंईयां सम्मान योजना की राशि मिलेगी। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में कुल 16 एजेंडों को स्वीकृति दी गई। बाल पहाड़ी सिंचाई योजना के तहत बाल पहाड़ी बराज के निर्माण पर सैद्धांतिक सहमति दी गई। छठे पुनरीक्षित वेतनमान के परिपेक्ष्य में जनवरी 2006 के पूर्व पदस्थापित झारखंड सचिवालय के सहायक के वेतन निधार्रण के संकल्प को निरस्त करने की स्वीकृति दी गई। बैठक में मनरेगा योजना के तहत जेट्रोफा पौधा में गड़बड़ी करने वाली राज्य सेवा की अफसर साधना जयपुरियार को बर्खास्त करने का फैसला लिया गया। वर्तमान में वह निलंबित चल रही थीं।

### दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षित सहायक आचार्यो के 3451 पद कर्णांकित

बैठक में विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों के लिए प्रारंभिक स्कूलों में इंटर स्तरीय विशेष प्रशिक्षित सहायक आचार्यों के 2399 पद और स्नातक स्तर के सहायक आचार्य के 1052 पद सहित कुल 3421 पद कर्णांकित करने की स्वीकृति दी गई। कृषि विभाग के छह कर्मियों की सेवा संपुष्टि की स्वीकृति दी गई। प्रधान महालेखाकार रांची कार्यालय के डिजिटलीकरण के लिए द्वतीय चरण में 50 लाख, तीन हजार 700 रुपए की स्वीकृति दी गई। झारखंड कम्यूनिटी हेल्थ अस्टेंट संवर्ग नियमावली 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई। झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की नियमावली में संशोधन की स्वीकृति दी गई। अब कारा का रखरखाव भवन निर्माण विभाग करेगा। पेयजलापूर्ति का काम पेयजल विभाग करेगा। जलसंसाधन विभाग में निर्माण कार्य श्रेणी में 18 जुलाई 2022 से प्रभावी डीएसटी दर में 12 से 18 फीसदी की वृद्धि के परिपेक्ष्य में कार्यसंविदा से संबंधित भुगतान राशि की अंतरदेयता की स्वीकृति दी गई।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- **उद्योग को बढ़ावा :** झारखंड में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को विशेष छूट देने के लिए एक नया विधेयक स्वीकृत किया गया।
- **सरकारी पदोन्नति में छूट :** झारखंड सचिवालय सेवा के सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों की प्रोन्नति के नियमों में एक बार की छूट दी गई।
- **आर्थिक सर्वेक्षण :** झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 को विधानसभा में प्रस्तुत करने की अनुमति मिली।
- **ई-कोर्ट प्रोजेक्ट :** झारखंड में ई-कोर्ट प्रोजेक्ट के तीसरे चरण के कार्यान्वयन के लिए मंजूरी दी गई।
- **डिजिटलीकरण :** राज्य कर्मियों से जुड़े कार्यों के डिजिटलीकरण के दूसरे चरण के लिए 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत हुई।
- **नियमितीकरण :** छह सरकारी कर्मियों की सेवाओं को नियमित करने की स्वीकृति दी गई।
- **महिला सम्मान योजना :** 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' में आंशिक संशोधन की स्वीकृति दी गई।
- **स्वास्थ्य सेवा :** झारखंड कम्युनिटी हेल्थ असिस्टेंट संवर्ग के लिए नई नियमावली बनाई गई।
- **वित्तीय फैसले :** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी को मंजूरी मिली। साथ ही, 2025-26 के बजट प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई।
- **पुलिस हाउसिंग परियोजना :** पुलिस संगठन और गृह विभाग से जुड़े निर्माण कार्यों के लिए नीतिगत संशोधन को मंजूरी मिली।
- **जीएसटी में बदलाव :** जल संसाधन विभाग के निर्माण कार्यों में जीएसटी दर 12 फीसदी से बढ़ाकर 18 फीसदी करने के अनुरूप भुगतान की मंजूरी दी गई।
- **सचिवालय कर्मियों के वेतन संशोधन :** 01.01.2006 के पूर्व नियुक्त झारखंड सचिवालय के सहायक/निजी सहायक कर्मियों के वेतन निर्धारण से संबंधित पुराने संकल्प को निरस्त किया गया।
- **न्यायिक सेवा में सुधार :** झारखंड उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में सेवा नियमितीकरण के लिए कदम उठाए गए।

# झारखंड विधान सभा : पिछड़ा वर्ग मंत्रालय के गठन की उठी मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में कांग्रेस विधायक दल के नेता और विधायक प्रदीप यादव ने पिछड़ा वर्ग मंत्रालय के गठन की मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्ग की संख्या 90 प्रतिशत से भी अधिक है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार ने आरक्षण की सीमा को बढ़ाते हुए पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण और जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया, लेकिन यह निर्णय अब तक प्रभावी नहीं हो पाया है। उन्होंने संविधान के 93वें संशोधन (शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण) और हाई कोर्ट के निर्णय का भी जिक्र किया, जो राज्य में लागू नहीं हो पाया है। प्रदीप यादव ने अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी "पिछड़ा वर्ग मंत्रालय" के गठन की मांग की। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि पिछड़ों के कल्याण के लिए अलग विभाग संवैधानिक प्रावधान का मामला है। फिलहाल इस पर कोई विचार नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के पास प्रतिनिधिमंडल भेजने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस पर विचार किया जायेगा।

### शिक्षकों के वेतन का मामला उठा

भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पलामू जिले के उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में कार्यरत 408 शिक्षकों को वर्ष 2023 के वेतन का भुगतान का मामला उठाया।

इस पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू के पत्रांक 438, 22 मार्च 2025 से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार माह मार्च के प्रथम सप्ताह में आवंटन प्राप्त होते ही सभी शिक्षकों का वर्ष 2023 का बकाया वेतन का भुगतान कर दिया गया है। एरियर की जांच करवा ली जाएगी।

### झलखंडी माता मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का उठा मामला

भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पलामू जिले के मंझीगांवा में स्थित झलखंडी माता मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की। साथ ही कहा कि चैत नवरात्री में लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। यहां नौ दिनों तक मेला लगता है। वहां कपड़ा चेजिंग रूम सहित अन्य सुविधाएं बहाल करायी जाये। इस सवाल पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि जिला पर्यटन संवर्धन परिषद और तदोपरांत राज्य पर्यटन संवर्धन समिति की अनुशंसा के आलोक में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से किसी भी स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में अधिसूचित किया जाता है, जिसके पश्चात उक्त स्थल के विकास के लिए राशि उपलब्ध कराई जाती है। उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव जिला पर्यटन संवर्धन परिषद के समक्ष विचारार्थ रखने के लिए उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला पर्यटन संवर्धन समिति, पलामू को निर्देशित किया गया है।

# बिहार इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी बेटियां ही रहीं तीनों संकाय की टॉपर

एजेंसी




**86.50 फीसदी परीक्षार्थी हुए सफल**

**पटना :** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट (12वीं) का रिजल्ट जारी कर दिया है। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने रिजल्ट जारी किया है। मौके पर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ और बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर भी मौजूद रहे। इंटर की परीक्षा में कुल 86.50 फीसदी परीक्षार्थी सफल हुए हैं। पश्चिम चंपारण की बेतिया स्थित राज्य संपोषित एसएस प्लस टू स्कूल हरनाटांड की छात्रा प्रिया जायसवाल साइंस टॉपर बनीं हैं। कॉमर्स में टॉपर वैशाली की रौशन कुमारी है, जिन्होंने 500 में से 475 अंक हासिल किया है। रौशनी कुमारी वैशाली के रहने वाले सुधीर कुमार की बेटी हैं। आर्टस में हाजीपुर की छात्रा अंकिता कुमारी टॉपर बनीं हैं। अंकिता ने 94.6 फीसदी यानी 473 अंक हासिल कर आर्ट्स टॉपर बनी हैं। अंकिता राजकीयकृत वीएन उच्च विद्यालय, सेहन की छात्रा है और अनिल कुमार शर्मा की बेटी हैं। इस तरह इस साल इंटमीडिएट की तीनों संकाय की परीक्षा में तीनों टॉपर बेटिया ही है। पश्चिम चंपारण की साइंस टॉपर प्रिया जायसवाल को पहले यकीन ही नहीं हुआ कि उन्होंने टॉप किया है। प्रिया ने कहा मैं मार्केट में थी, तभी फोन आया कि मैंने टॉप किया है। पहले तो मुझे लगा कि बिहार में कई प्रिया होंगी लेकिन जब पूरा नाम बताया तो यकीन हुआ।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, 25 लाख के इनामी सुधीर उर्फ सुधाकर सहित 3 नक्सली ढेर

एजेंसी



**दंतेवाड़ा :** छत्तीसगढ़ के जिला दंतेवाड़ा और बीजापुर मुठभेड़ में मंगलवार को 25 लाख के इनामी सुधीर उर्फ सुधाकर सहित 3 नक्सली ढेर हुए हैं। इसके साथ मारे गए दो अन्य नक्सलियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। बस्तर आईजी सुन्दरराज पी. ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है।

बस्तर आईजी सुन्दरराज पी. ने बताया कि जिला दंतेवाड़ा और बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत थाना गीदम के ग्राम गिरसापारा, नेलगोड़ा, बोड़गा तथा इकेली के सरहदी क्षेत्र में नक्सल कैडरों की उपस्थिति के सूचना पर नक्सल विरोधी अभियान पर दंतेवाड़ा डीआरजी और बस्तर फाइटर की टीम अभियान पर रवाना हुई थी। इस अभियान के दौरान मंगलवार सुबह 8 बजे से नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ हो गई। इसके बाद तलाशी अभियान में मौके से 3 पुरुष नक्सलियों के शव बरामद किए गए। प्रारंभिक तौर पर एक नक्सली की पहचान 25 लाख के इनामी दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का सदस्य सुधीर उर्फ सुधाकर उर्फ मुरली निवासी वारंगल जिला तेलंगाना के रूप में हुई है जबकि अन्य दो मारे गये नक्सलियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मारे गये नक्सलियों के शव के साथ मुठभेड़ स्थल से इंसास राइफल, 303 राइफल,12 बोर राइफल और अन्य विस्फोटक सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं मौके से बरामद किया गया है। बस्तर आईजी ने बताया गया कि डीआरजी/ एसटीएफ/ बस्तर फाइटर/ कोबरा/ सीआरपीएफ/ बीएसएफ/ आईटीबीपी/ सीएफ अन्य समस्त सुरक्षाबलों के सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास के लिए समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2025 में बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित नक्सली संगठन के विरुद्ध अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 83 दिनों में 100 से अधिक हार्डकोर नक्सलियों के शव बरामद किये गये हैं।

# भाजपा की ईद पर सौगात-ए-मोदी : 32 लाख गरीब मुस्लिम परिवारों को स्पेशल किट बंटना शुरू

एजेंसी




**नयी दिल्ली :** देश के मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की सौगात देने के मकसद से भारतीय जनता पार्टी की ओर से अभियान सौगात-ए-मोदी मंगलवार को राजधानी दिल्ली में शुरू किया गया। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने गालिब अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में इस अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री और मोर्चा के प्रभारी दुष्यंत गौतम के साथ मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी भी मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होंने कई लोगों को "सौगात-ए-मोदी" के तहत निजामुद्दीन क्षेत्र में उपहार बांटे। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 32 लाख गरीब मुस्लिम परिवार बिना किसी कठिनाई के त्योहार मना सकें। इस अभियान के तहत 32,000 अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ता जरूरतमंदों तक पहुंचने के लिए देशभर की 32,000 मस्जिदों के साथ सहयोग करेंगे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने मीडिया को बताया कि रमजान के पवित्र महीने और ईद, गुड फ्राइडे, ईस्टर, नौरोज और भारतीय नववर्ष जैसे आगामी अवसरों के दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा "सौगात-ए-मोदी" अभियान के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचेगा। जिला स्तर पर ईद मिलन समारोह भी आयोजित किए जाएंगे।

'सौगात-ए-मोदी' ईद किट पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी का विकास एजेंडा कभी भी वोटों के लिए नहीं रहा है। पिछले 11 सालों में उन्होंने समाज के आखिरी पायदान पर खड़े लोगों के जीवन में खुशिहाली लाने का काम किया है। विकास के मामले में उन्होंने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। यहां तक कि जो लोग मोदी को वोट देने से कतराते हैं, वे भी इस बात को स्वीकार करते हैं कि मोदी ने अपने वादे पूरे किए हैं। सौगात-ए-मोदी किट के जरिए गरीब मुसलमानों को जरूरी सामान मुहैया कराया जाएगा। इस किट में सेवइयां, आटा, खजूर, ड्राई फ्रूट्स और चीनी जैसे खाने के सामान के साथ कपड़े भी होंगे। देशभर में अल्पसंख्यक मोर्चा के करीब 32 हजार कार्यकर्ता और पदाधिकारी हैं। हर कार्यकर्ता को 100 लोगों तक किट पहुंचाने का टारगेट दिया गया है। इस तरह हम देश भर में 32 लाख लोगों तक आउटरीच करेंगे। उन्होंने बताया कि हम हर जरूरतमंद के घर तक जाएंगे और किट देंगे। हम गुरुद्वारा, मस्जिद और चर्च से जरूरतमंदों की लिस्ट ले रहे हैं, क्योंकि उनके पास लिस्ट रहती है।

# जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामला आठ लोगों को सीआईडी ने किया गिरफ्तार

## आईआरबी, होमगार्ड और असम रायफल के 7 जवान शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक 2024 मामला में झारखंड सीआईडी की टीम ने बड़ी कार्रवाई है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश कर सीआईडी की टीम ने इस मामले शामिल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें पांच आईआरबी के जवान है, जिनमें कुंदन कुमार, रोबिन कुमार, अखिलेश कुमार, गौरव कुमार, अभिलाष कुमार हैं।

इसके अलावा एक असम रायफल का जवान राम निवास राय और एक होमगार्ड जवान निवास कुमार राय के अलावा एक अन्य व्यक्ति कविराज शामिल है। गौरतलब है कि 21 सितम्बर और 22 सितम्बर को राज्य के सभी जिलो में रीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गयी थी। सीजीएल पेपर में कथित धोखाधड़ी और सीजीएल परीक्षा के उम्मीदवार के साथ धोखाधड़ी और दिग्भ्रमित करके प्रश्नपत्र देने के नाम पर धन उगाही का मामला सामने आया था।

### प्रश्नों को देने के नाम पर धन उगाही की गयी

सीआईडी के अनुसंधान के क्रम में पता चला कि परीक्षा के पूर्व ही एक गिरोह के सदस्य द्वारा अभ्यार्थियों को सीजीएल पेपर के प्रश्नों को देने के नाम पर धन उगाही की गयी है, जिससे आमजन में सीजीएल प्रश्न पत्र लीक के संबंध में अफवाह एवं सुगबुगाहट शुरू हो गयी। अनुसंधान के क्रम में ज्ञात हुआ कि इस गिरोह का तथाकथित सरगना गोरखपुर का निवासी है।

# हजारीबाग पुलिस ने 30 लाख का डोडा किया जब्त, चालक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस ने एनएच 33 चानो के निकट ट्रक से लगभग 30 लाख रुपए का रुपए का डोडा जब्त किया किया है। ट्रक चालक कर्मवीर सिंह जो अमृतसर पंजाब का रहने वाला है उसे गिरफ्तार किया है। ट्रक में लोहे का 47 बिलेट भी बरामद किया गया है। हजारीबाग पुलिस को उस वक्त बड़ी सफलता मिली जब 30 लाख रुपए का डोडा बरामद किया गया। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची से बरही की ओर भारी मात्रा में डोडा का तस्करी हो रहा है। इस सूचना के आलोक में टीम गठित कर जिले के चानो के निकट गाड़ी जांच लगाया गया। जांच के दौरान ट्रक नम्बर पीबी 11 बीयू 8159 चेकिंग स्थल से 50 मीटर की दूरी पर रुक गया। उक्त गाड़ी का चालक भागने का प्रयास करने लगा। भागने के क्रम में पुलिस ने गाड़ी चालक को पकड़ लिया। जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि गाड़ी में 102 बोरा डोडा लोहे के बिलेट के पीछे रखा गया है। जिसका वजन 1793 किलो के आसपास है। पुलिस ने गाड़ी की जांच की तो भारी मात्रा में डोडा बरामद किया। साथ ही 47 लोहे का बिलेट भी बरामद किया गया है। ट्रक चालक का नाम कर्मवीर सिंह है। जिसकी उम्र लगभग 27 वर्ष है जो अमृतसर थाना पंजाब का रहने वाला है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि चालक ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। बताया कि डोडा खूंटी से लेकर इस्मालियाबाद जिला जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा ले जा रहा था। वही कांड में संयुक्त डोडा सप्लायर और रिसीवर के खिलाफ छापेमारी की जा रही है।



## उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब किया नष्ट

**चौपारण :** आगामी रामनवमी पर्व को देखते हुए उपायुक्त, हजारीबाग के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, संचय, बिक्री और परिवहन के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। सहायक आयुक्त, उत्पाद विभाग, हजारीबाग के मार्गदर्शन में चौपारण थाना पुलिस के सहयोग से असनाचुवा और बुकाड में संचालित विभिन्न अवैध शराब भट्ठियों और निर्माण स्थलों पर छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध महुआ चुलाई शराब 550 लीटर एवं किण्वित जावा महुआ 9600 किलोग्राम बरामद किया गया। पुलिस व उत्पाद विभाग की टीम ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। छापेमारी अभियान के दौरान अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री में संलिप्त लोगों की पहचान कर ली गई है। उनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया जाएगा।

## एक नजर

### केवाईसी नहीं कराने वाले लाभुकों का राशनकार्ड से हटेगा नाम : डीसी

**पलामू :** खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी जरूरी है। ई-केवाईसी पूर्ण कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित है। सभी गुलाबी एवं पीला राशनकार्डधारी लाभुक अपने नजदीकी डीलर से ई-केवाईसी करा लें। निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराने वाले लाभुकों का नाम राशनकार्ड से विलोपित किया जाएगा। उक्त बातें पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे मंगलवार को समाहरणालय से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू सहित अन्य उपस्थित थे। आपूर्ति विभाग की ओर से पांच जागरूकता रथ का परिचालन किया जा रहा है। हरी झंडी दिखाये जाने के बाद से जागरूकता रथ के माध्यम से खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत वितरित किए जा रहे खाद्यान्न-सामग्री की जानकारी दी जा रही है। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न गांवों में जाकर बैनर, पोस्टर-पंपलेट और माइकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है।

### विधायक ने कार्यशाला का किया उद्घाटन

**लोहरदगा :** खाद्य, सार्वजनिक, वितरण और उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देश पर मंगलवार को नया नगर भवन में जिला आपूर्ति कार्यालय की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि पहले हमारे देश में बहुत से ऐसे गरीबों की संख्या काफी अधिक थी जिन्हें राशन नहीं मिलता था। कई परिवारों का नाम खाद्य सुरक्षा योजनाओं में नहीं था। केंद्र सरकार लाल और पीला राशन कार्ड से राशन दे रही थी लेकिन अब तक कई परिवार वंचित थे। वर्तमान सरकार के पिछले कार्यकाल में मैंने बतौर विभागीय मंत्री रहते हुए हरा राशन कार्ड की योजना लायी जिससे छूटे हुए परिवार अच्छादित हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत परिवार के प्रत्येक सदस्य को पांच किलो अनाज मिलता है। देश में अधिकतर राज्यों में सिर्फ अनाज दिया जाता है जबकि झारखंड में चावल, गेहूं, चना दाल भी दिया जाता है। मैनें सरकार को प्रति परिवार को सोयाबीन दिये जाने का भी प्रस्ताव दिया है।

### रामनवमी पूजा समिति का हुआ पुनर्गठन, विनोद सोनी बने अध्यक्ष

**खूंटी :** कर्रा प्रखंड स्थित महावीर मंडली रामनवमी पूजा समिति के तत्वावधान में इस बार रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आशय का निर्णय समिति के सदस्यों की मंगलवार को हुई बैठक में लिया गया। रामनवमी के आयोजन को लेकर पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें विष्णु प्रसाद सोनी को सवसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष कृष्णा बडाईक, सचिव करनो बडाईक, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह को बनाया गया। इनके अलाव कार्यकारिणी के 11 सदस्यो का चयन किया गया, जिनमें विनोद प्रसाद, सुदामा प्रसाद, दिलीप सिन्हा, राभचंद्र पांडेय, प्रदीप देवघरिया, वंशीधर साहू, गोखुल बडाईक, गोपाल बडाईक, रूप सिंह बडाईक, प्रकाश गुप्ता और सूरज कुमार शामिल हैं।

## चौपारण में फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैंप का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** चौपारण प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन हुआ। जहां स्वास्थ्य, चिकित्सा-शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार, रांची के निदेर्शानुसार अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग डॉ शशि जायसवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी द्वारा खाने पीने की सामग्री बेचने वाले सभी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, डिस्ट्रीब्यूटर/होलसेलर/रीटेलर, आरओ वाटर प्लांट, बेकरी दुकान, किराना दुकान, फूड सप्लीमेंट बेचने वाले दवा दुकान, फल सब्जी विक्रेता एवं गन्ना जूस, फल जूस विक्रेता, अंडा, चिकन, मिट, मछली विक्रेता एवं सभी फास्ट फूड ठेला खोमचा को फूड लाइसेंस एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों के लिए एक दिवसीय जागरूकता सह लाइसेंस/पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जो रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना अनिवार्य है। जिसमें कुल 42 पंजीकरण निर्गत किए गए तथा उन्हें ठेले या परिसर के साथ-साथ उपयोग किए जाने वाले बर्तन, सफाई के लिए उपयोग किए जाने वाले कपड़े, ठेले एवं परिसर में व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया गया। खाद्य सामग्री क्रय करते समय पैकेट पर निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि एवं एफएसएसएआई लाइसेंस संख्या अनिवार्य रूप से जांचने का निर्देश दिया गया। भोजन पकाते समय एप्रन, टोपी या हेड-गियर एवं मास्क अनिवार्य रूप से पहनने का भी निर्देश दिया गया।

## ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए बसरिया व करमा में शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के बसरिया पंचायत और करमा पंचायत भवन में 25/03/2025 से 26/03/2025 तक दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। मुखिया ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आप सभी आवश्यक कागजात के साथ समय पर बसरिया पंचायत भवन और करमा पंचायत भवन पहुंचकर इसका लाभ उठा सकते हैं। साथ ही 25/03/2025 का शिविर में लगभग दोनो पंचायत से 100 आवेदन लिया गया है। पंचायत स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान सह इच्छुक व्यक्तियों का ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन हेतु शिविर का आयोजन किया गया तथा 26/03/2025 को भी आवेदन लिया जाएगा। इस अवसर पर बसरिया मुखिया मंजू देवी और करमा मुखिया देवंती देवी ने लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि मोटर वाहन चलाने वाले लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए हजारीबाग जाना पड़ता है या दलालों के माध्यम से जाना पड़ता है, यह हमारे पंचायत या पूरे प्रखंड वासियों के लिए एक अच्छा अवसर है कि वे इस दो दिवसीय शिविर में आएं और जो भी आवश्यक कागजात चाहिए उसे लेकर आएं और इसका लाभ उठाएं।



# मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी स्वाति वर्मा की संविदा रद

## सरकारी राशि के दुरुपयोग में संलिप्त पाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** 17 मार्च 2025 को झारखंड विधानसभा में विधायक अरुप चटर्जी द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में सरकार ने स्वीकार किया कि हजारीबाग जिले के दारू प्रखंड में मेढ़कुरी पंचायत के मोक्तमा गाँव में मनरेगा योजनाओं में भारी अनियमितताएँ सामने आई हैं। जाँच में 31 योजनाओं में 34 मास्टर रोल (टफ) में भ्रष्टाचार की पुष्टि हुई है। मनरेगा लोकपाल हजारीबाग द्वारा की गई जाँच के बाद, उपायुक्त हजारीबाग को 6 मई 2024 को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, स्वाति वर्मा सरकारी राशि के दुरुपयोग में संलिप्त है। जाँच के आधार पर वर्मा पर 34,000 का जुर्माना लगाया गया, जिसे उन्होंने 13 जनवरी 2025 को जमा कर दिया। साथ ही, उनकी संविदा समाप्त करने की अनुशंसा की गई थी। हालाँकि, जाँच पूरी होने तक उनका सेवा नवीकरण लंबित रखा गया था। 21 जनवरी 2025 को उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में, उन्हें एक महिला होने के नाते नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के तहत सख्त चेतावनी देकर भविष्य में गलती न दोहराने की शर्त पर सेवा नवीकरण की अनुमति दी गई। लेकिन, राज्य स्तर पर समीक्षा के बाद सरकार ने उनकी संविदा समाप्त करने का निर्णय लिया है। इस मामले को लेकर झारखंड सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है और स्पष्ट किया है कि मनरेगा में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने संकेत दिया है कि भविष्य में भी भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना की पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनी रहे।



## डीसी ने ई-केवाईसी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** समाहरणालय परिसर में मंगलवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित ई-केवाईसी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कियाा। 21 से 27 मार्च तक मनाए जा रहे ई-केवाईसी सप्ताह के तहत इस अभियान का उद्देश्य राशन कार्डधारियों को 31 मार्च से पूर्व अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी कराने के लिए प्रेरित करना है। जागरूकता रथ विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आमजनों को ई-केवाईसी की प्रक्रिया और इसके महत्व की जानकारी देगा, जिससे लाभुक समय रहते अपना ई-केवाईसी पूरा करा सकें और किसी भी प्रकार की असुविधा से बच सकें। इसके अलावा जागरूकता रथ के माध्यम से आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं से आमजनों को जागरूक भी किया जाएगा। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने राशनकार्ड धारियों से अपील की कि वे जल्द से जल्द अपना ई-केवाईसी पूर्ण कराएं, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे।

# रामनवमी के मद्देनजर जुलूस मार्गों के सत्यापन एवं विधि व्यवस्था से संबंधित हुई समीक्षा बैठक, दिये गये कई निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** रामनवमी 2025 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां प्रारंभ हो गई है। इस क्रम में आज 25 मार्च को उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में रामनवमी के जुलूस भ्रमण रूट के सत्यापन तथा विधि व्यवस्था से संबंधित समीक्षा बैठक की। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, नगर आयुक्त,अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, सदर एसडीओ वैद्यनाथ कामती व जिला स्तरीय पदाधिकारी व थाना प्रभारी मौजुद रहे। बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा रामनवमी त्योहार को सफल व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना एक महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। उपायुक्त ने रामनवमी त्योहार को लेकर सभी लाइन डिपार्टमेंट यथा पेयजल विभाग,बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फायर सेफ्टी,नगर निगम को चुस्त दुरुस्त रहने का निर्देश दिया। उन्होंने पेयजल विभाग को गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति को दुरुस्त करने सहित रूट लाइन में पड़ने वाले खराब चापानलो का आकलन करते हुए मरम्मती कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। वहीं बिजली विभाग को पावर कट, शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली आपूर्ति, यत्र तत्र झूलते तारो को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। त्योहारों के दौरान किसी भी दुर्घटना की स्थिति पर स्वास्थ्य विभाग को सभी प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों को क्रियाशील अवस्था में रखने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया तथा जुलूस के दौरान मेडिकल कैंप को सक्रिय रखने को भी कहा।नगर निगम क्षेत्रो में की साफ सफाई, जुलूस मार्गो में पड़ने वाले शौचालय को क्रियाशील रखने सहित पेयजल वालो स्थानों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जुलूस मार्गों में लोहे की बैरिकेटिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने रिस्पांस टाइम, कम्युनिकेशन प्लान,मेडिकल प्लान आदि को दुरुस्त करते हुए अपनी तैयारीयों को मुकम्मल रखने का निर्देश दिया। जुलूस मार्गों का सत्यापन करने सहित एक्साइज डिपार्टमेंट को अवैध शराब पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जुलूस के दौरान वीडियोग्राफी, सीसीटीवी की निगरानी, क्या करें क्या न करें का बैनर लगाने आदि की बात कही। उन्होंने कहा जुलूस के दौरान डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध रहेगा, साथ ही जुलूस के दौरान बजने वाले गानों का पूर्ण प्रमाणीकरण प्रशासन द्वारा कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने रूट मार्ग में किसी भी तरह के परिवर्तन की अनुमति नहीं देने की बात कही एवं ट्रैफिक प्लान,फायर ब्रिगेड लोकेशन, मेडिकल कैंप आदि के अधिष्ठापन पर कोई कोर कसर नहीं रखने का निर्देश दिया।



## संक्षिप्त खबरें

### रामनवमी महोत्सव हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है : मुन्ना सिंह



**हजारीबाग :** रामनवमी महासमिति के नव-निर्वाचित अध्यक्ष बसंत यादव ने मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह से उनके चान्हो स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने उन्हें अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। बैठक के दौरान आगामी रामनवमी महोत्सव की तैयारियों, समाज और संस्कृति के संरक्षण सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बसंत यादव ने कहा कि महासमिति धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को सफल बनाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस महोत्सव को भव्य एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का आह्वान किया। वहीं मुन्ना ने महासमिति की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि रामनवमी महोत्सव हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। इसे गरिमामय तरीके से मनाने के लिए सभी को एकजुट होकर सहयोग करना चाहिए।

### बाल विद्या निकेतन में वार्षिक उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बरही :** बरही प्रखंड के डूमरडीह गांव स्थित बाल विद्या निकेतन में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निजी विद्यालय संघ बरही के अध्यक्ष मिथिलेश यादव, उपाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार दत्ता, सचिव नितेश कुमार, कोषाध्यक्ष वासुदेव कुमार, सक्रिय सदस्य टूकलाल साव व धनेश्वर रजक तथा विद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य संदीप कुमार ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ किया। मंच संचालन रूपलाल शर्मा ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय संचालित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, लेकिन निदेशक संदीप कुमार ने इस जिम्मेदारी को निभाते हुए शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया है। संघ के उपाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार दत्ता ने विद्यालय प्रबंधन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं सचिव नितेश कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए अभिभावकों से विद्यालय के प्रति सहयोग की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक संदीप कुमार ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इसके अलावा, बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सफल प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाएं नीतू देवी, पूनम कुमारी साव, श्वेता मालाकार, ज्योति कुमारी, सावित्री कुमारी, काजल सिंह, स्वाती सिंह और रिया राणा सहित समस्त शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### द आर्ट ऑफ लिविंग ने किया सत्संग का आयोजन



**हजारीबाग :** द आर्ट ऑफ लिविंग हजारीबाग इकाई द्वारा स्थानीय शंभू बैंक्वेट हॉल में भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ गुरु पूजा से हुआ। जयप्रकाश रजक जी द्वारा गुरु पूजा कराया गया ।इस कार्यक्रम में महिला, पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु-पूजा, भजन-संध्या एवं प्रसाद-वितरण शामिल था। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण इनट्यूशन प्रक्रिया का डेमो था, जिसके अंतर्गत बच्चे आंखों पर पट्टी बांधकर विभिन्न क्रियाकलाप सहज रूप से कर लेते हैं। इस तरह के आयोजन से समाज में सकारात्मक और आध्यात्मिक माहौल बनता है। अवसाद से मुक्ति मिलती है, नई ऊर्जा का प्रवाह होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आंचल अग्रवाल, तन्मय सोनी, सृष्टि कसेरा, रणधीर चौधरी, ललन दांगी, श्वेता कुमारी आदि का सहयोग सराहनी रहा। यह जानकारी तारकेश्वर सोनी ने दी।

### मुखिया ने राशन कार्डधारियों के बीच धोती-साड़ी का किया वितरण



**चौपारण :** चौपारण प्रखंड अंतर्गत करमा पंचायत के करमा गांव में सीताराम यादव जनवितरण दुकान तथा डोइया अंगद सिंह जनवितरण प्रणाली दुकान पर राशन कार्डधारियों के बीच मुखिया देवंती देवी द्वारा धोती-साड़ी का वितरण किया गया। मुखिया ने बताया कि राज्य सरकार का यह योजना गरीबों के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत पंचायत मुखिया देवंती देवी ने दोनों गांवों में करीब एक सौ लाभुकों के बीच धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंचायत की मुखिया देवंती देवी ने अपने हाथों से लाभुकों के बीच योजना की साड़ी, धोती व लुंगी का वितरण किया। साथ ही मुखिया द्वारा सभी लाभुकों से पूछा गया कि राशन सही तरीके से दिया जा रहा है या नहीं, इस पर राशन कार्डधारियों ने जवाब दिया कि डीलर द्वारा सही से राशन मिलता है। इस मौके पर मुखिया देवंती देवी, डीलर सीता राम यादव, डीलर अंगद सिंह, नवल यादव, सोनू सिंह, मन्नू सिंह, गीता देवी, नसीमा खातून, सोहरी देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

### नगर केशरवानी वैश्य सभा बरही की नई कार्यकारिणी गठित

**बरही :** नगर केशरवानी वैश्य सभा बरही ने संगठन के विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया। इस कमिटी में बिनोद केशरी को अध्यक्ष, उदय केशरी को महामंत्री और अशोक केशरी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा, संगठन को मजबूती देने के लिए संरक्षक सह मार्गदर्शक मंडली का भी गठन किया गया, जिसमें जगदीश साहू, भगवान केशरी, रत्नेश्वर केशरी, कपिल केशरी, मनोज केशरी, महेंद्र केशरी, बलराम केशरी, परमेश्वर केशरी, काशी केशरी और राजकुमार केशरी को शामिल किया गया है। वहीं, राजेश केसरी उर्फ मेवालाल प्रशासनिक सहयोगी सह मीडिया प्रभारी, महेंद्र केशरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उमेश केशरी सह कोषाध्यक्ष, आशीष केशरी सह सचिव, शंकर केशरी संगठन मंत्री, बिनोद केशरी, राजेश केशरी (शिक्षक), संतोष केशरी, निर्मल केशरी, लखन केशरी उपाध्यक्ष बनाया गया।

## एक नजर

### रामनवमी छह अप्रैल को मनाई जाएगी

रांची : चैत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रहा है। रामनवमी छह अप्रैल को मनाई जाएगी। पांच अप्रैल को 12.50 बजे रात में नवमी तिथि प्रवेश करेगी और छह अप्रैल को 11.15 बजे रात में समाप्त होगी। पंडित मनोज पांडेय ने मंगलवार को बताया कि रामनवमी के दिन पुष्य नक्षत्र सुबह 9.42 बजे प्रवेश करेगा, वहीं दोपहर 2.16 बजे तक कर्क लग्न रहेगा। इसी लग्न में भगवान राम की पूजा शुभफलदायक है। पुष्य नक्षत्र, लक्ष्मी नारायण और सुकर्मा योग में रामनवमी मनाई जाएगी। इस शुभ संयोग में आने वाला विशेष त्यौहार बहुत ही शुभ माना जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को भगवान श्रीराम जी का जन्म हुआ था इसलिए उस दिन श्रीरामनवमी का त्योहार मनाते हैं।

### झारखंड के मौसम का बढ़ने लगा तापमान, पड़ेगी गर्मी

रांची : झारखंड के अधिकांश जिलों में पिछले दिनों बारिश से लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिली। लेकिन गर्मी एक बार से राज्य के लोगों को रुलाने को तैयार है। आनेवाले दिनों में झारखंड में मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। इससे तापमान में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि अगले चार-पांच दिनों में राज्य के विभिन जिलों में तापमान में चार से पांच डिग्री की वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा कि मौसम में अभी फिलहाल कोई सिस्टम बनता है नहीं दिख रहा है। इसलिये आनेवाले दिनो में प्रचंड गर्मी पड़ सकती है। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में दिनभर माउस साफ रहा। सुबह में हल्की ठंड रही, लेकिन दोपहर में लोगों को गर्मी का अनुभव हुआ।

### पेंशन की मांग को लेकर दिव्यांगों ने किया पैदल मार्च

रांची : झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के बैनर तले सैकड़ों दिव्यांग जनों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को राजभवन से अलबर्ट एक्का चौक तक पैदल मार्च किया। उन्होंने सरकार से दिव्यांग पेंशन को बढ़कर 5000 रुपये प्रति माह करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्तमान में दिव्यांग पेंशन केवल 1000 रुपये है, जबकि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये मिल रहे हैं। उन्होंने सरकार पर दिव्यांगों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया और कहा कि वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव के दौरान पेंशन बढ़ाने पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### संसाधानों की लूट को रोकने में सरकार विफल : डी राजा

रांची : भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने कहा कि झारखंड के संसाधन जल, जंगल और जमीन की लूट हो रही है और राज्य सरकार इसे रोकने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। डी राजा मंगलवार को पार्टी के अल्बर्ट एक्का चौक के पास स्थित राज्य कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार पर झारखंड की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं और झारखंड की जनता को निराश किया है। बड़े पूंजीपतियों को झारखंड में लाकर राज्य को एक कॉर्पोरेट घराने का चारागाह बना दिया गया है, जहां जल, जंगल और जमीन की लूट हो रही है। राज्य सरकार लूट को रोकने में पूरी तरह से नाकाम रही है।

# सरकार की असफल नीतियों से झारखंड की सरकारी शिक्षा व्यवस्था चौपट : राफिया नाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड में शिक्षा के स्तर में निरंतर गिरावट और सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या में कमी को लेकर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार की नीतियों पर कड़ी आलोचना की। राफिया ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में लगभग 9 लाख छात्रों की संख्या घटने से राज्य के भविष्य पर गहरा संकट आ खड़ा हुआ है। राफिया ने कहा, पिछले 3 वर्षों में राज्य के सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या में लगभग 9 लाख की कमी आई है। यह स्थिति न केवल झारखंड के विकास को प्रभावित कर रही है, बल्कि हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य पर भी सवालिया निशान लगा रही है, साथ ही राज्य सरकार की नाकामी को भी उजागर कर रही है। उन्होंने बताया कि Unified District Information System for Education Plus (UDISE) रिपोर्ट के अनुसार, 2021-2022 में जहां 79,70,050 बच्चे नामांकित थे, वहीं 2022-23 में यह घटकर 72,09,261 और 2023-24 में केवल 70,97,545 रह गए हैं। इस गिरावट के पीछे कई कारण हैं, जिनमें शिक्षकों की कमी, स्कूलों में सुविधाओं का अभाव और शिक्षा के लिए बजट में की गई कटौती प्रमुख कारण हैं। राफिया नाज ने कहा कि झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। राज्य के 7,642 स्कूलों में से कई स्कूलों में केवल एक शिक्षक के भरोसे पूरे स्कूल की पढ़ाई चल रही है। इन स्कूलों में 3.78 लाख छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जिनका शैक्षिक भविष्य केवल एक शिक्षक की मेहनत पर निर्भर है। यह न केवल शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है, बल्कि राज्य सरकार की नाकामी का भी स्पष्ट उदाहरण है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा, राज्य के कई स्कूलों में बच्चों की संख्या इतनी कम हो गई है कि 2863 स्कूलों में 25 से भी कम छात्र नामांकित हैं। कई स्कूलों में तो एक भी बच्चा नामांकित नहीं है। यह स्थिति सरकारी नीतियों की विफलता को दशार्ती है। झारखंड के प्रमुख जिलों जैसे रांची, गुमला, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, साहिबगंज, हजारीबाग, धनबाद, दुमका और बोकारो में ऐसे स्कूलों की संख्या ज्यादा है, जहां छात्रों की संख्या 25 से भी कम है। रांची में 350, गुमला में 250, पूर्वी सिंहभूम में 200 और दुमका में 200 स्कूल ऐसे हैं, जहां छात्रों की संख्या चिंताजनक स्तर तक गिर चुकी है। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। झारखंड में लाखों छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान सेनेटरी पैड की कमी के कारण कक्षा छोड़नी पड़ती है। यह समस्या शिक्षा में एक बड़ी रुकावट का कारण बनती है, क्योंकि सेनेटरी पैड की अनुपलब्धता के कारण कई छात्राएं पेट दर्द के चलते स्कूल छोड़ देती हैं। यह राज्य सरकार की नाकामी को दशार्ता है, क्योंकि इस मुद्दे पर अब तक कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई है और छात्राओं को विद्यालय में सैनिटरी पैड्स उपलब्ध कराने में भी सरकार असफल है, जो कि यह बहुत बड़ी चिंता का विषय है।

## तेज रफ्तार कार ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, एक की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : नामकुम थाना क्षेत्र में रायसा मोड़ के पास एक कार ने सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गई है, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह नामकुम थाना क्षेत्र के टाटा-रांची रोड स्थित रायसा मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार ने वहां खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचवाया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि सुबह 5 बजे के करीब यह हादसा हुआ है। इसमें कार की स्टेयरिंग में फंसने की वजह से ड्राइवर की मौत हुई है जबकि उसके बगल में बैठा युवक गंभीर रूप से घायल है। अन्य को हल्की चोट आई है।

## सरकारी टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता का घोर अभाव : बाबूलाल मरांडी


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की सरकारी टेंडर प्रक्रिया पर सवाल खड़ा किया है। मरांडी ने मंगलवार को कहा कि झारखंड में सरकारी टेंडर आवंटन प्रक्रिया की पारदर्शिता लगातार संदेह के घेरे में रही है। महालेखाकार की जांच में यह सामने आया है कि पेयजल स्वच्छता, ग्रामीण कार्य विकास, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन जैसे दर्जनों विभागों में एक ही आई पी एड्रेस से टेंडर भरे गए, जिससे स्पष्ट है कि ठेके पहले से ही तय होते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया सिर्फ औपचारिकता होती है। अपने करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जब टेंडर आवंटन में इतनी अनियमितता होगी, तो सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की गुणवत्ता पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा। नतीजा यह है कि जलमीनार ध्वस्त हो रहे हैं, सड़कें महीनों में ही जर्जर हो जाती हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों में इंजीनियर, अधिकारी से लेकर मंत्री तक जेल की सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति न केवल प्रदेश के विकास में बाधक बन रही है, बल्कि झारखंड की छवि भी खराब कर रही है। अगर भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आम जनता का सरकारी तंत्र पर से विश्वास पूरी तरह उठ जाएगा। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि जवाबदेही तय की जाए और पारदर्शिता सुनिश्चित कर जनता के पैसों की लूट को रोका जाए।

## मणिपुर और परिसीमन पर जनता को दिगभ्रमित न करे झामुमो : प्रतुल शाहदेव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा परिसीमन और मणिपुर के मुद्दे पर जनता को दिगभ्रमित ना करे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक राष्ट्रवादी संगठन है जिसने राष्ट्र और सनातन के हित में सदैव कार्य किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा खीज और हताशा के कारण संघ के बयानों को गलत तरीके से पेश कर रही है। प्रतुल ने मंगलवार को कहा कि जिस झामुमो के कार्यकाल में झारखंड की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बदनामी हुई हो वह एक राष्ट्रवादी संगठन पर टिप्पणी करें, यह शोभनीय नहीं है। प्रतुल ने कहा कि संघ ने कभी परिसीमन का विरोध नहीं किया है। संघ का स्पष्ट मानना है कि परिसीमन को इस तरीके से लागू करना चाहिए कि वह देश की एकता और अखंडता को मजबूत करें। संघ ने स्पष्ट किया है कि परिसीमन के कारण क्षेत्रीय असंतुलन और सांस्कृतिक पहचान को नजरअंदाज नहीं किया जाए। प्रतुल ने कहा कि कई मौकों पर गृह मंत्री अमित शाह भी इन बातों को दोहरा चुके हैं कि परिसीमन से ना तो किसी राज्य के साथ अन्याय होगा और ना ही आनुपातिक आरक्षण किसी प्रकार से कम होगा। प्रतुल ने कहा ना तो परिसीमन की प्रक्रिया तय हुई है और ना उसका ड्राफ्ट सामने आया है। उसके बावजूद झामुमो की ओर से दिया गया बयान समझ से परे है। प्रतुल ने कहा कि मणिपुर पर भी संघ के बयान को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गलत तरीके से पेश किया। संघ का मानना है कि पिछले 20 महीना से मणिपुर एक कठिन दौर से गुजर रहा है, लेकिन हाल में केंद्र के जरिये दिए गए प्रशासनिक एवं राजनीतिक फैसलों से आशा की उम्मीद जगी है। भाजपा की तरह संघ का भी मानना है कि मणिपुर में चल रहे विवाद का समाधान सभी समुदायों में विश्वास पैदा करके होगा। प्रतुल ने कहा कि अब मणिपुर में हालात तेजी से बदल रहे हैं। सरकार चरणबद्ध तरीके से लंबे समय से बंद सड़क मार्गों को भी खोल रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि झामुमो जनता को दिगभ्रमित करने के लिए ऐसे बयानों का सहारा ले रही है।

## प्राइवेट स्कूल की मनमानी और री-एडमिशन का मामला दूसरे दिन भी उठा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 18वें दिन की कार्यवाही सुबह 11.5 बजे शुरू हुई। सदन में निजी स्कूल की मनमानी और री-एडमिशन के नाम पर पैसे वसूली का मामला दूसरे दिन भी उठा। मंगलवार को अल्पसूचित प्रश्न के जरिए हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद ने मामला उठाते हुए सरकार से पूछा कि निजी स्कूल की फीस कितना हो इसके लिए क्यों नहीं कानून बनना चाहिए। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि कोई ऐसा स्कूल नहीं जो री-एडमिशन के नाम पर पैसे की वसूली नहीं करता है। स्कूल की मनमानी पर विधायक प्रदीप प्रसाद के सवाल और मंत्री रामदास सोरेन के जवाब के बीच नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंत्री को सुझाव देते हुए कहा कि सभी उपायुक्त से पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने कितनी बैठकें की हैं क्योंकि न्यायाधिकरण भी है। डीसी की अध्यक्षता की कमिटी भी है लेकिन बैठकें होती कहां है। चर्चा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि जो स्थिति है उसे देखकर लग रहा है कि जरूर इस पर कानून बनाना चाहिए। सदन में जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि निजी स्कूल के फीस शुल्क को लेकर स्कूल में भी कमेटी है और डीसी की अध्यक्षता में भी कमेटी है। जहां तक बात कानून बनाने की है तो कमेटी से अनुशंसा मिलने के बाद निश्चित रूप से कानून बनेगा।

# विधायक जयराम महतो ने निजी कंपनियों में 75 फीसदी आरक्षण का उठाया मुद्दा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) विधायक जयराम महतो ने निजी कंपनियों में 75 फीसदी आरक्षण का मुद्दा उठाया। निजी कंपनियों में दो लाख गैर झारखंडी हैं जबकि 53 हजार ही झारखंड के कार्यरत हैं। जयराम ने पूछा कि आउटसोर्सिंग कंपनी क्या निजी कंपनी के दायरे में आती है। इसपर भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने भी पूछा कि आउटसोर्सिंग कंपनी को निजी कंपनी मानते हैं या नहीं। ऐसी क्या पॉलिसी बनाएंगे कि झारखंड के नौजवानों को निजी क्षेत्र में 75 फीसदी आरक्षण मिल सके।

**रातों-रात कानून लागू नहीं हो सकता : सुदिव्य**

मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि कानून रातों रात लागू नहीं हो सकता। हाई कोर्ट के आदेश से पहले कंपनियां आरक्षण का पालन कर रही थीं। आउटसोर्सिंग निजी कंपनी ही है। वहीं श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी निजी कंपनी ही मानी जाती है। पदाधिकारी अगर गलत रिर्पोट दिए हों तो कार्रवाई की जाएगी। यादव ने कहा कि झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 का गठन करते हुए चार जनवरी, 2022 को झारखंड गजट में प्रकाशित किया गया है। अधिनियम के कंडिका-4 (1) के अनुसार अधिनियम के प्रारंभ के बाद प्रत्येक नियोक्ता 40 हजार से अनाधिक या सरकार द्वारा समय-समय पर यथा अधिसूचित अधिसीमा तक सकल मासिक वेतन या मजदूरी वाले ऐसे पदों, जो अधिसूचित होने की तिथि को रिक्त हों एवं उसके बाद उत्पन्न कुल रिक्ति का 75 प्रतिशत पदों पर स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजित करेगा। नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली, 2022 का अनुपालन किया जा रहा है। विभाग की ओर से अधिनियम/नियमावली के कार्यान्वयन के लिए एक पोर्टल भी स्थापित है। जिस पर 28 फरवरी 2025 तक 7,470 प्रतिष्ठान निर्बंधित है। वर्तमान में झारखंड हाई कोर्ट में दायर वाद संख्या डब्लूपीसी 5688/2024 11 दिसम्बर 2024 को पारित आदेश के आलोक में इसके अनुपालन पर अंतरिम रोक लगाई गई है। इस वाद की अगली सुनवाई की तिथि 26 मार्च है। झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवार का नियोजन अधिनियम, 2021 का गठन के बाद झारखंड के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन नियमावली, 12 सितम्बर, 2022 के प्रभाव से राज्य में प्रभावी है।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिले रक्तदान संगठन के सदस्य, सौंपा स्मारपत्र



रांची : झारखंड के स्वैच्छिक रक्तदान संगठनों के समन्वय झारखंड राज्य स्वैच्छिक रक्तदान संगठन कॉर्डिनेशन कमेटी, रांची के नदीम खान ने मंगलवार को पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मुलाकात की और मांगों से जुड़ा स्मारपत्र सौंपा। इस अवसर पर संगठन के राज्य कॉर्डिनेटर एवं 'लहू बोलेगा' रांची के संस्थापक नदीम खान के साथ गढ़वा के समाजसेवी फिरोज अंसारी भी मौजूद थे। यह मुलाकात अहले सुबह डोरंडा स्थित पूर्व मंत्री के आवास पर हुई। ठाकुर ने आश्वासन दिया कि वे इन मांगों को सरकार तक पहुंचाएंगे और हरसंभव मदद का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि वे स्वयं नियमित रक्तदाता और रक्तदान आयोजक हैं। कोरोना काल के दौरान उन्होंने कई बार प्लाज्मा दान किया और अन्य रक्तदाताओं को भी प्रेरित किया। इसी योगदान को देखते हुए झारखंड सरकार ने उन्हें प्लाज्मा ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया था। उन्होंने कहा, रक्तदान मेरे लिए सिर्फ एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। मैं हमेशा इस मुहिम से जुड़ा रहूंगा और जरूरतमंदों की मदद करता रहूंगा। इस अवसर पर 'लहू बोलेगा' रांची की अपील पर पूर्व मंत्री ने प्रतीक चिह्न भी प्रदर्शित किया, जिससे रक्तदान जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके।

### सरकार ने भ्रष्ट अधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों पर बनाए रखा, तत्काल करें निलंबित : विधायक

रांची : विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भाजपा विधायक राज सिन्हा ने विधानसभा में सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। सिन्हा ने कहा कि करोड़ों रुपये के राजस्व हानि के बावजूद भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों पर बनाए रखा गया है। राज सिन्हा ने आरोप लगाया कि ह्लउपायुक्त, धनबाद द्वारा संतोष कुमार, जिला अवर निबंधक, श्वेता कुमारी, सहायक निबंधन महानिरीक्षक, सुजीत कुमार, तत्कालीन अवर निबंधक, धनबाद-सह- तत्कालीन जिला अवर निबंधक, हिनू ,अशोक कुमार सिन्हा, जिला अवर निबंधक, चाईबासा के साथ-साथ राम कुमार मधेसीया, अवर निबंधक, जमशेदपुर और राजेश एक्का, जिला अवर निबंधक, हजारीबाग के विरुद्ध उपायुक्त, हजारीबाग की अनुशंसा के आलोक में विभागीय कार्रवाई शुरू करने सहित कई अन्य निबंधन सेवा के पदाधिकारियों के विरुद्ध गंभीर आरोप गठित होने के बावजूद सरकार उक्त पदाधिकारियों पर आवश्यक कार्रवाई करें। सदन में राज सिन्हा ने कहा कि इन पदाधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब आरोप गठित हो चुका हा तो कहा जा रहा है कि रिर्पोट मंगाएंगे। निलंबित किया ही जा सकता है। इसका मतलब है कि सरकार भ्रष्टचार को संरक्षण दे रही है।राज सिन्हा ने कहा कि ये न्याय नहीं है। उन पदाधिकारियों को उस जगह से हटाकर रिर्पोट मंगाएं। जिला से हटाने में क्या आपत्ति है। ये संदेश जाएगा कि सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में हेमंत सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। निलंबन या ट्रांसफर पनिशमेंट नहीं है। 15 दिन के अंदर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि रामकुमार के खिलाफ सीबीआई जांच चल रही है। आज ही धनबाद डीसी से पांच निबंधकों के बारे में बात किया। डीसी को 15 दिनों के अंदर रिर्पोट देने का निर्देश दिया गया है। रिर्पोट के बाद कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### उत्तराखंड की तर्ज पर झारखंड के आंदोलनकारियों को मिले सुविधा : मथुरा प्रसाद

रांची : झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने सदन में उत्तराखंड की तर्ज पर झारखंड के आंदोलनकारियों को सुविधा देने की मांग की। इस पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि उत्तराखंड की तर्ज पर आंदोलनकारियों को सुविधा मुहैया कराने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। हालांकि पुलिस फायरिंग में घायल, जेल में मौत और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग के आश्रितों को तृतीय और चतुर्थ वर्ग में सीधी नियुक्ति दी जा रही है। अब तक 20 लोगों को सीधी नियुक्ति मिल चुकी है। तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरी में पांच फीसदी क्षैतिज आरक्षण भी दिया जा रहा है। 2021 से अब तक 16584 आंदोलनकारियों को चिन्हित किया गया है। इस पर समीक्षा के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस पर विधायक हेमलाल मुर्मु ने कहा कि इसी आंदोलन के कारण हमलोग आज विधानसभा के सदस्य हैं। मथुरा महतो ने कहा कि एक ही मुकदमे में जो लोग जेल गये, सभी को लाभ मिलना चाहिए। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि चार्जशीट में जिन आंदोलनकारियों का नाम दर्ज है, उनको भी लाभ मिलना चाहिए।

### श्री राम कथा का आयोजन 20 अप्रैल से

रांची : भव्य तरीके से श्री राम कथा का आयोजन दिनांक 20 अप्रैल से 29 अप्रैल को हाई टेंशन दुर्गा मन्दिर, चुटिया मे आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य रुप से लक्ष्मी कुबेर यज्ञ,आयुर्वेद शिविर का भी आयोजन होगा । इस राम कथा में मुख्य कथा वाचक श्री श्री 1008 महात्मा मंडलेशवर ब्राह्मयांड स्वामी पुरी महराज होंगे । इस संबंध मे आज दिनांक-25/03/25 को श्री राम कथा के भव्य आयोजन की सफलता हेतु महात्मा साई संजीवनी सेवा की ओर से हाईटेंशन दुर्गा मंदिर में समीर सिंह की अध्यक्षता मे एक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक मे राम कथा के भव्य आयोजन की सफलता हेतु नई कमिटि का गठन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया और नई कमिटि गठित कि गयी । जिसमे मुख्य रुप से सर्वसम्मति से *संयोजक श्री ब्रजेश कुमार, संरक्षक-मदन सिंह,कैलाश केशरी,अशवनी शर्मा अध्यक्ष-समीर सिंह* मिडिया प्रभारी-विजय शंकर नायक कार्यकारी अध्यक्ष-श्रीमति ममता देवी,उमेश कुमार राय,शिव कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष-विनय कुमार दुबे(पहलवान) हर्षित कुमार , सुगम कुमार , सदस्यता- बिट्टू प्रसाद बनाये गये है। धन्यवाद ज्ञापन इस कार्यक्रम के संयोजक ब्रजेश कुमार ने किया। उपरोक्त जानकारी श्री राम कथा आयोजन कार्यक्रम के मिडिया प्रभारी विजय शंकर नायक ने दिया।

### 146वां सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



रांची : हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज पापमोचनी एकादशी के विशेष दिन के अवसर पर सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लगी रही। 5:30 बजे की मंगला आरती में नियमित दिनो के भक्तों के अतिरिक्त एकादशी दर्शनार्थी भक्त का भी रेला लगा रहा। सुबह के श्रृंगार आरती 8:30 बजे के बाद भक्तगण अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर के प्रति भक्तों की आस्था दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। भक्तों में ऐसा मान्यता हो गई है कि इस दरबार में अर्जी लगाने पर बाबा उनकी अर्जी जरूर स्वीकार करते हैं और उनकी मनोकामना की पूर्ति शीघ्र अति शीघ्र करते हैं । एकादशी का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है । 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर के विश्राम के बाद बाबा श्याम का द्वितीय अनुपम संध्या श्रंगार किया गया । कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब रजनीगंधा तुलसीदल लाल गेंदा फूल की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम को अद्भुत रूप से सजाया गया। मंगलवार का दिन होने से आज बालाजी महाराज को भी अनुपम रूप से श्रृंगार करके सजाया गया। आज 146 वे श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा की अखंड ज्योति अरुण बुधिया रजनी बुधिया ने अपने परिवार के साथ प्रज्वलित कर केसरिया पेडा फल चना गिरीगोला चढ़कर बालाजी महाराज के समक्ष अपनी मनोकामना अर्जी लगाई ।

## एक नजर

### कार और स्कूटी की टक्कर में युवक की मौत

**धनबाद :** धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग में महुदा मोड़ के समीप फोरलेन में स्विफ्ट और स्कूटी टकराने से स्कूटी में रहने वाले व्यक्ति की नाम कालाचंद देशवाली बेलाखोदा के रहने वाले युवक की घटना स्थल में ही मौत हो गया आपको बात दे कि 8 मिनट तक युवक रोड पर तड़प कर अपना दम तोड़ दिया लोगों का कहना है कि 108 पर काफी समय तक कॉल करते रह गया लेकिन समय पर कोई एंबुलेंस नहीं पहुंचा अंतिम समय में 1033 एंबुलेंस पहुंच कर धनबाद रेफर कर दिया। मनरेगा में टॉप फाइव जिलों में बोकारो शामिल

### उपायुक्त के मार्ग-दर्शन में जिले ने किया बेहतर प्रदर्शन



**बोकारो :** मंगलवार का दिन बोकारो के लिए अच्छा रहा। उपायुक्त विजया जाधव के मार्ग-दर्शन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गरांटी योजना के सभी मानकों में बेहतर कार्य करने को लेकर बोकारो जिला राज्य के टॉप फाइव जिलों में शामिल हुआ। इस बाबत रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय कुमार वर्णवाल ने जिले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने जिले को आगे भी बेहतर प्रदर्शन जारी रखने की बात कहीं। जिले की ओर से मनरेगा के नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे ने यह सम्मान प्राप्त किया। जानकारी हो कि, रांची में मनरेगा आयुक्त द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत सूबे के सभी जिलों में कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की गई। इस क्रम में सभी मानकों में बेहतर करने वाले टॉप फाइव जिलों को चिन्हित कर सम्मानित किया गया। टॉप फाइव जिलों में बोकारो, पाकुड़, रामगढ़, खूंटी और रांची जिला शामिल हैं।

### सीएम हाई स्कुल में वर्ग 6 और 9 के लिए प्रवेश परीक्षा संपन्न

**झुमरी तिलैया :** जिले के 3 मुख्यमंत्री सीएम हाई स्कुलों में वर्ग 6 और 9 की परीक्षा सोमवार को आयोजित की गई। इसमें 913 विद्याथीर्यों में 709 विद्यार्थी शामिल हुए। 204 अनुपस्थित रहे। 29 मार्च को पहली मेरिट लिस्ट जारी किया जायेगा इसमें 545 छात्र-छात्राओं का नामांकन होगा। झुमरी तिलैया के सीडी बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में 354 छात्राओं ने फार्म भरा। जिसमें 286 छात्रों ने परीक्षा में शामिल हुए। 68 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि इसमें 280 छात्राओं का चयन होगा। वहीं चंद्रवती स्मारक मुख्यमंत्री उत्कृट उच्च विद्यालय के प्राचार्य बिनोद मिश्रा ने बताया कि 463 फार्म भरे गये जिसमें 240 छात्रों का चयन होगा। परीक्षा में 343 छात्र शामिल हुए और 120 अनुपस्थित रहे। वहीं जयनगर स्थित कस्तुरबा विद्यालय में भी 25 छात्राओं का वर्ग 6 के लिए परीक्षा हुई। वार्डन सह शिक्षक सुनीता कुमारी ने बताया कि 96 छात्राओं ने फार्म भरा। जिसमें 80 छात्राएँ परीक्षा में शामिल हुई। 16 अनुपस्थित रही। जिसमें परीक्षा में 25 छात्राओं का चयन होगा। इसके अलावा 50 छात्राओं का चयन जिला स्तर पर कमिटि के द्वारा होगा। यहॉ कुल 75 छात्राओं का नामांकन की प्रक्रिया होती है। बताते चले कि 24 मार्च को जैक के द्वारा परीक्षा का समय 11 से 1 बजे तक निर्धारित होगा। इसे सोमवार को विभाग के आदेश के बाद 1 घंटाबढा दिया गया और 2 बजे तक परीक्षा हुई। इधर 25 मार्च से 28 मार्च तक द्रवती स्मारक मुख्यमंत्री उत्कृट उच्च विद्यालय में मूल्यांकन का कार्य होगा और 29 को मेरिट लिस्ट निकाली जायेगी।

# अभिभावकों की समस्या को देखते हुए अबिलंब फीस बढ़ोत्तरी में लगे रोक : महेंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** निजी स्कूलों के मनमानी के शिकायत पर आज बोकारो उपायुक्त के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी के पत्र के माध्यम से मंगलवार को बोकारो उपायुक्त सभागार में चास अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता मे बैठक हुई जिसमें मुख्य रुप से जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, निजी स्कूलों के प्रतिनिधि, झारखंड अभिभावक संघ के पदाधिकारी एवं अभिभावक मौजूद रहे। इस बैठक में झारखंड अभिभावक संघ जिला अध्यक्ष महेंद्र राय की और से निजी स्कूलों के मनमानी पर विरोध दर्ज किया। महेंद्र राय ने कहा कि बोकारो के निजी स्कूल प्रतिवर्ष मनमानी तरीके से फीस मे बढ़ोतरीचार्ज, हर साल बुक परिवर्तन, चिन्हित जगहों से बुक ,कॉपी लेने का दवाब अभिभावकों पर बनाती हैं। जिससे उनको आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ता है। साथ ही साथ कई तरह के एक्स्ट्रा चार्ज, फीस न जमा करने पर लेट फाइन, स्कूलों द्वारा के हिसाब से लेट फाइन, दो महीने की ट्यूशन फीस एक साथ जमा करना, स्कूल ड्रेस को स्कूल में जमा करना ऐसा दवाब अभिभावकों पर बनाया जाता। मनमनानी तरीके से प्राइवेट पब्लिकेशन की बुक जिसकी मूल्य काफी अधिक है । सप्लिमेंट्री बुक के नाम पर चलाई जाती जिसकी पढ़ाई भी बहुत कम होती। इन बूको की खरीदारी मे 4 से 9 हजार रुपये लग जाते। ये सभी बुक आम बुक सेंटर लर उपलब्ध नहीं होतें। सरकार द्वारा भी कहा गया है कि निजी स्कूलों की मनमानी चरम सीमा पर है । मनमानी को रोकने के लिए शिक्षा अधिनियम 2017 जो 2019 से झारखंड राज्य के सभी जिलों में लागू है। उन्होंने कहा कि कहा कि 2025 का सत्र शुरू होने वाली हैं बुक व फीस चार्ट अभिभावकों को दिया जा रहा है । बुक में 40% की रियायत दी जाय और फीस बढ़ोत्तरी को अविलंब रोक कर 2024 के सत्र की फीस चार्ट अभिभावकों से ली जाय। झारखंड अभिभावक संघ ने कहा कि शिक्षा अधिनियम 2017 को शक्ति से पालन कराया जाय, स्कूल स्तरीय फीस निर्धारण समिति का गठन 7 दिनो के अंदर की जाय जिसमें झारखंड अभिभावक संघ के सदस्य जो उक्त स्कूलों में उनके बच्चे पढ़ रहे उन्हें सदस्य बनाया जाय ताकि भविष्य में इस तरह की शिकायत न हो। साथ ही साथ जिला स्तरीय फीस निर्धारण समिति का भी गठन की जाय जिसमें झारखंड अभिभावक संघ सदस्य के रूप में मनोनीत किया जाय। बैठक में झारखंड अभिभावक संघ की और से मंतोष कुमार, अजित ठाकुर, पीयूष सिंह,रिजवान अख्तर, मधेश सिंह, अरुण, चंदन, रविन्द्र, जितेन, राकेश, हरिओम आदि मौजूद रहे।

## पिता ने दोस्त संग 11 वर्ष की बच्ची के साथ किया दुष्कर्म



- पूर्व में दोस्त गिरफ्तार हुआ था आज पिता भी
- पिता की गिरफ्तारी बोकारो रेलवे स्टेशन से हुई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बालीडीह थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में एक पिता ने ग्यारह वर्षीय बेटी के साथ दोस्त के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। रिश्ते को तार तार कर देने वाली घटना थाना बालिडीह क्षेत्र में होली की रात घटना घटी थी इस घटना से संलिप्त एक आरोपी लख्खी चंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि आरोपी पिता की तलाश में छापेमारी की जा रही थी। पिता की गिरफ्तारी लगातार अलग-अलग घटना की जा रही थी, बोकारो पुलिस के द्वारा अलग-अलग राज्यों में जाकर छापेमारी की जा रही थी, और आज बोकारो रेलवे स्टेशन से पीड़िता के पिता को गिरफ्तार किया गया है। इन्होंने अपने अपराध स्वीकार भी किए हैं। इसका पुराना आपराधिक इतिहास भी है और बोकारो जिला के अलग-अलग थाना में केश भी दर्ज है यहां तक की इनके द्वारा मर्डर केस में भी इंवॉल्वमेंट है पिता के पास से एक स्कूटी गाड़ी भी जप्त की गई है।

## डालसा के सहयोग से अब पढेगी दिव्यांग अनाथ मन्नू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** मन्नू को पढ़ने की लालसा थी परंतु ईश्वर ने उसके दोनो आंख छीन लिए, इतना ही नहीं चार वर्ष की उम्र मे हीं मन्नू के सर से पिता का साया उठ गया। विधवा मां और शत प्रतिशत दिव्यांग मन्नू अपने सपनों को साकार कैसे करती उसे डालसा का सहारा मिला उसके जीवन में डालसा एक नई रोशनी बनकर आई। मंगलवार को अधिकार मित्र राजू कुमार की नजर बाघमारा में उस बच्चे पर पड़ी तुरंत इसकी सूचना अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन को दी गई। बच्चों को रेस्क्यू करने के लिए तुरंत टास्क फोर्स बनाया गया टीम जब बाघमारा बच्चों को रेस्क्यू करने पहुँची तो वहां देखा कि मन्नू ही नहीं उसके छोटे भाई भी शत प्रतिशत दिव्यांग हैं उसके भी आँखों में रौशनी नहीं है। इसी दौरान दो और अनाथ बच्चों पर टीम की नजर पड़ी जिनसे बातचीत पर यह पता चला कि वो भी पढ़ना चाहते हैं परंतु गरीबी के कारण और माता पिता का साया सर पर नहीं रहने के कारण वह पढ़ नहीं पा रहे हैं। अवर न्यायाधीश श्री रौशन ने पूरे मामले की जानकारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी को दी। प्रधान जिला जज के आदेश पर त्वरित कार्रवाई हुई, बच्चों को झालसा के द्वारा चलायी जा रहीं योजना दिव्यांगों को मिले समानता का अधिकार परियोजना के तहत मिलने वाले समस्त अधिकारों को दिलाने का निर्देश दिया गया। निर्देश के आलोक में दोनों दिव्यांग बच्चों को गिरिडीह नेत्रहीन बाल विकास विद्यालय में दाखिला कराने की कार्यवाही शुरू कर दी गई। वहीं अन्य दो अनाथ बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत मिलने वाले लाभ दिलाने की कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गई। अवर न्याधीश श्री रोशन ने बताया कि जल्द ही दोनों दिव्यांग बच्चों का दाखिला हो जाएगा तथा दो अनाथ बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

## पुलिस व चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने रुकवाई नाबालिग की शादी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** चाइल्ड हेल्पलाइन और प्रखंड प्रशासन की तत्परता से कसमार प्रखंड में एक 16 वर्षीय किशोरी का बाल विवाह रुकवा दिया गया। किशोरी की शादी मंगलवार को गोला थाना क्षेत्र के हैंसापोड़ा गांव निवासी उमेश कुमार महतो से होने वाली थी, जो पहले से ही दो बच्चों का पिता है। जैसे ही इस मामले की सूचना बाल कल्याण समिति, बोकारो और कसमार थाना को मिली, उन्होंने तुरंत कार्रवाई की और मौके पर पहुंचकर शादी को रुकवा दिया। किशोरी को बाल कल्याण समिति, बोकारो में प्रस्तुत किया गया। इस दौरान लड़की के घरवालों ने विरोध किया, लेकिन प्रशासन ने समझाइश देकर उन्हें बाल विवाह रोकने के लिए बाध्य किया।

**मजबूरी में हो रही थी शादी**

गांव वालों ने बताया कि किशोरी नाबालिग है, लेकिन घर की आर्थिक स्थिति खराब होने और पिता की शराब की लत के कारण उसकी शादी जबरन तय कर दी गई थी।

**प्रशासन की सख्त चेतावनी**


कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने लड़की के परिवार को चेतावनी देते हुए कहा कि 18 साल की उम्र पूरी होने से पहले शादी करना कानूनी अपराध है और इस पर कड़ी कार्रवाई होगी। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सीओ प्रवीण कुमार ने भी स्पष्ट किया कि अगर भविष्य में किसी भी क्षेत्र से बाल विवाह की सूचना मिलती है, तो प्रशासन कठोर कदम उठाएगा।

**बाल विवाह के खिलाफ अभियान जारी**

सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संगठन और प्रशासन मिलकर बोकारो जिले में बाल विवाह के खिलाफ सघन अभियान चला रहे हैं। बाल कल्याण समिति ने किशोरी के माता-पिता को हिदायत दी कि 18 साल की उम्र पूरी होने से पहले उसकी शादी न की जाए।

## बुजुर्ग महिला ने लगाई बेटी की प्रताड़ना से मुक्ति दिलाने की गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधव मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें धनबाद चीरागोड़ा की रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने उपायुक्त से बेटी की प्रताड़ना से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई। बुजुर्ग महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनकी चार बेटियां है। जिसमें तीसरे नंबर की बेटी, जिसकी शादी हो चुकी है लेकिन ससुराल से वापस घर आ गई है, रोज उनको प्रताड़ित और उनके साथ मारपीट करती है। बुजुर्ग महिला ने उपायुक्त से बेटी को घर से निकालने और प्रताड़ना से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई। उपायुक्त ने बुजुर्ग महिला को दो-तीन दिनों में समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। वहीं पश्चिम बंगाल के अंडाल से आई दो महिलाओं ने बताया कि उनकी पैतृक जमीन गोमो कॉलेज के पास थी। परिवार में उनकी मां, दो भाई और तीन बहन है। उक्त जमीन रेलवे ने अधिग्रहित कर ली। भूमि अधीग्रहण के बाद दोनों भाइयों ने मुआवजा की राशि आपस में बांट ली और मां को घर से निकाल दिया। मां पिछले चार वर्ष से बेटी के साथ अंडाल में रहती है। महिलाओं ने उपायुक्त से इस मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई। जनता दरबार में पूर्वी टुंडी की महिला ने उपायुक्त को बताया कि वह विधवा है और उनका एक दिव्यांग बेटा है। वहीं इलाके के कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। विरोध करने पर दबंगों द्वारा गाली गलौज और मारपीट की जाती है। इसके अलावा जनता दरबार में रेलवे द्वारा अर्जित की गई जमीन का मुआवजा दिलाने, ऑनलाइन रसीद निर्गत कराने, एसएनएमएमसीएच में एचआइवी पीड़ितों के लिए डायलिसिस मशीन उपलब्ध कराने, बेटी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

# चास नगर निगम की पहल पर शवदाह गृह का किया गया निर्माण, लोगों को मिलेगी राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** चास में शव दाह गृह का हुआ निर्माण, जल्द होगी शुरूआत। दाह संस्कार के समय लकड़ी के जलावन सेवाले होने वाले प्रदुषण और गंभीर बीमारी से चास के निवासियों को अब जगह मिलती है। वर्ष 2024 में लकड़ी से 1905 में दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार में साल भर में लगभग 6 लाख 51 हजार 510 रुपये लकड़ी जलावन के रूप में होती है। अब इससे लोगो को सॉफ्टवेयर मिलेगा। मृत व्यक्ति की लकड़ी के अस्पताल से मरीज, फेफड़े की बीमारी, कैंसर और क्रोनिक ब्रोंकाइटिस जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। प्रदूषण के साथ सैकड़ों पेड़ों को नुकसान हुआ है लेकिन बिजली और गैस से चलने से शवदाह घर से लकड़ी की बचत होगी। चास नगर निगम की पहल पर झारखंड सरकार ओर जुडको रांची के माध्यम से निर्माण कार्य किया गया। 25 साल लंबे अरसे के बाद बोकाओ के मृतकों से कुछ दिन पहले तक बोकास के निवासियों को राहत मिलने की उम्मीद नजर आने लगी है। जिसका कारण चास नगर निगम द्वारा शव दाह गृह का निर्माण करना है। बोकारो में बढ़ते प्रदूषण और लोगों की मांग को देखते हुए चास नगर निगम ने चास के शमशान घाट घाट शव दाह गृह का निर्माण किया है जो अब गैस से शव का दाह संस्कार करेगा। चास नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त प्रियंक कुमारी ने कहा कि शवदाह गृह निर्माण की मांग लोग वर्षों से मांग रहे थे जो अब पूरा हो गया है। शवदाह गृह को गैस और बिजली दोनों बनाने की योजना है। श्मशान घाट में हजारों शवों का दाह संस्कार होता है। शवदाह गृह निर्माण से अब कास-बोकारो के लोगों को दाह होने के संस्कार में सुविधा मिलेगी वहीं प्रदूषण भी कम होगा। साथ ही शवदाह की प्रक्रिया, कम समय में पूरा भी हो जाएगा। बता दें कि झारखंड सरकार या जुडको राँची के माध्यम से बोकारो के चास गर्गा नदी तट पर शवदाह गृह का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। देखा जाए तो 2024 के आंकड़े बताते हैं कि 1905 में श्मशान घाट में एक शव को जलाने के लिए 7 मन या 9 मन लकड़ी की जरूरत पड़ी थी। आधुनिक वजन के हिसाब से एक मन में करीब 37.3 डेरे के बराबर होता है। यानी कहा जाए तो साल भर में लगभग 6 लाख 51 हजार 510 जंगल की लकड़ी का मकान हो गया जिससे पर्यावरण को नुकसान हुआ वहीं पर्यावरण में प्रदूषण से गंभीर बिमारी होने का खतरा पैदा हो गया और डर के साए में लोग मजबूर हो गए।


## संक्षिप्त खबरें

### एचडीएफसी बैंक के बलियापुर शाखा का नगर आयुक्त ने किया उद्घाटन



**धनबाद :** देश की अग्रिम बैंकों में से एक एचडीएफसी बैंक का मंगलवार को धनबाद ज़िले के बलियापुर में नई शाखा का उद्घाटन हुआ। शाखा का उद्घाटन धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त रवि राज शर्मा द्वारा किया गया। इस उदघाटन के मौके पर अपने संबोधन में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी, इस क्षेत्र के विकास में बैंक सहभागी बनेगी और क्षेत्र की सारी बैंकिंग समस्या का हल होगा। इस मौके पर एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाएगी और आसपास के लोगों की डे टू डे बैंकिंग आसन हो जाएगी।इस मौके पर क्लस्टर हेड रोहित कुमार सिंह,शाखा प्रबंधक दीपक एस कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे। आस पास क्षेत्रों में जनता को बैंकिंग कार्य में सुविधा मिलेगी।

### अवैध बालू लदा टाटा 407 जब्त



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदा एक टाटा 407 जब्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, बैंक मोड़ थाना के सब इंस्पेक्टर बाबु राम हांसदा एवं अन्य पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से बालू के अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध नया बाजार सुभाष चौक के पास औचक छापामारी की गई। इस क्रम में धनबाद की ओर से आ रहे एक बालू लदे टाटा 407, डब्ल्यू.बी. 37 बी 4736 को बिना परिवहन चालान के बालू का परिवहन करते पकड़ा गया। टीम ने वाहन को जब्त कर बैंक मोड़ थाना में वाहन मालिक, वाहन चालक, वाहन पर लदे बालू एवं इसमें संलिप्त अन्य सभी लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की है।

### सीआईएसफ इकाई की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



**बोकारो :** केन्द्रीय औधोगिक सुरक्षा बल इकाई बीएसएल बोकारो में प्रथम वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 11 फरवरी से 19 मार्च 2025 तक आयोजित हुआ। इसका खेलकूद प्रतियोगिता समापन समारोह सीआईएसफ इकाई के परेड ग्राउण्ड में संपन्न हुआ। समापन समारोह में राष्ट्रीय स्तर के तिरंदाज एंजला सिंह को मुख्य अतिथी के रूप में आमंत्रित किया गया था। विदित हो कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 19 से अधिक खेलों का आयोजन सफलता पूर्ण आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में अन्य खेलों के अलावा पहली बार हैन्ड बॉल प्रतियोगिता साथ ही साथ कैरम, चेस, लॉन टेनिस, बैडमिंटन जैसे खेलों को भी शामिल किया गया। जिसमें केऔसुब के बल सदस्य, महिला कर्मी एवं परिवार के साथ रह रहे बल सदस्यों कि महिलाओं और बच्चों को भी भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। इकाई के बल सदस्यों को कुल 08 जोन में विभाजित कर अलग अलग टीम बनाया गया था। जिसमें 482 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया एवं 225 प्रतिभागियों एवं 27 कमिटी मेंबर को श्री दिग्विजय कुमार सिंह एवं एंजला सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रथम वार्षिक खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन से सभी खेलो हेतु इकाई मैंनेजमेंट द्वारा उच्चस्तरीय खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसे इकाई टीम में शामिल किया गया।

### जिला गंगा समिति द्वारा अमृत पार्क फेज 5 का किया गया आयोजन



**बोकारो :** नमामि गंगे योजना के तहत पूरे वर्ष जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नदियों को साफ रखने, उनमें कचरा ना डालने आदि महत्वपूर्ण बातों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम मंगलवार को जिला गंगा समिति द्वारा गरगा नदी समीप स्थित अमृत पार्क फेज 05 में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों आदि के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक कला दल के कलाकारों के द्वारा लोगों को गीत नाट्य आदि के माध्यम से दामोदर एवं उसकी सहायक नदियों, अपने आस पास के विभिन्न जल श्रोतों को साफ रखने हेतु शहरवासियों से स्वयं सामने आने की अपील की गई। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार,नमामि गंगे के नोडल पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नमामि गंगे के परियोजना पदाधिकारी प्रीतम कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता रथ को किया रवाना

**बोकारो :** बीएसएल में 16 -31 मार्च तक जारी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंगलवार को कार्यकारी निदेशक प्रभारी सी आर महापात्रा द्वारा इस्पात भवन परिसर से स्वच्छता रथ का फ्लैग-ऑफ किया गया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक अनीश सेनगुप्ता के साथ मुख्य महाप्रबंधक, वरीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। स्वच्छता रथ के माध्यम से बोकारो स्टील सिटी के नागरिकों को स्वच्छता का सन्देश तथा स्वच्छता के बारे में जागरूकता का सन्देश दिया गया। स्वच्छता रथ पर वीडियो फिल्म के माध्यम से रोजमर्रा की जिंदगी में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक से बचने का तथा अपने आस पास के क्षेत्र में स्वच्छता बनाये रखने के लिए आम जनता को जागरूक किया गया।

## एक नजर

### लक्ष्य निर्धारित कर सही मार्गदर्शन में आगे बढें छात्र : प्रो जे किडो

**खूंटी** : बिरसा कॉलेज में मंगलवार को इंटर के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्या जेरमेन कुल्लू किड़ो के प्रयास से इसका आयोजन हुआ। प्राचार्या ने कहा कि विद्यार्थियों को पहले लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए सही मार्गदर्शन में आगे बढ़ने की जरूरत है। सिर्फ नौकरी नहीं, इसके इत्तर भी बहुत से करियर के विकल्प हैं। उनकी जानकारी लेकर करियर बना सकते हैं। कॉलेज की मनोविज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर पूनम माई तियु ने कहा कि परीक्षा की अच्छी तैयारी के लिए थोड़ा टेंशन रहना चाहिए, लेकिन परीक्षा को लेकर डिप्रेशन में नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगातार लम्बे समय तक पढ़ाई नहीं करनी चाहिए, बीच -बीच में पढ़ाई करते समय थोड़ा विराम लेते रहना चाहिए। उन्होंने तनाव से बाहर निकलने के उपाय भी सुझाये। नागपुरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. कोरनेलियुस मिंज ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए गरीबी बाधक नहीं बनती है। दृढ़ इच्छा शक्ति और समर्पण तथा आत्मानुशासन से मंजिल को पाया जा सकता है।

### हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**दुमका** : अपर जिला और सत्र न्यायाधीश शंत्रुजय कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को दंपति के बीच हो रही मारपीट को सुलझाने गए बेंजामिन टुडू को मौत के घाट उतारने वाले आरोपित संदीप टुडू को दोषी पाते हुए अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही अथालत ने 10 हजार रुपया जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर आरोपित को छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। घटना नौ साल पूर्व तीन अक्टूबर 16 को शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सिरसा गांव की है। इस घटना में सरकार की ओर से एपीपी धनंजय साह और बचाव पक्ष की ओर से एलएडीसी सिकंदर मंडल ने बहस की। अदालत ने 12 गवाह के बयान और सबूत के आधार पर यह सजा सुनाई। पुलिस को दिए बयान में मृतक के बड़े भाई सामुएल टुडू ने बताया कि तीन अक्टूबर 20 16 की सुबह भाई बेंजामिन गांव के संदीप एवं उसकी पत्नी नीलू हेम्ब्रम से झगड़ा चल रहा था। पति के हाथ में हंसुआ था। भाई बेंजामिन पहाड़िया विद्यालय में काम करने गया था। लेकिन काम बंद होने के कारण वापस घर आ रहा था। जहां रास्ते में संदीप के घर के पास से गुजर रहा था। नीलू ने मदद के लिए बेंजामिन को बुलाया। जब बेंजामिन दोनों को शांत कराने का प्रयास कर रहा था, तभी गांव की चार पांच महिलाएं भी पहुंची। इसके बाद संदीप भड़क गया और हंसुआ लेकर सभी को दौड़ाने लगा।

# नशे के अवैध कारोबार को रोकने के लिए उपयुक्त ने बनायी रणनीति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की अध्यक्षता में नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति की बैठक की गई। इस दौरान जिले में नशे के कारोबार को रोकने की रणनीति बनाई गई। मौके पर प्रभारी सामान्य शाखा पदाधिकारी ने नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जिले में युवाओं को नशे की लत से बचाने एवं नशे के व्यापार में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं उपायुक्त ने ड्रग इंस्पेक्टर को पूरे जिले में योजनाबद्ध तरीके से दवा दुकानों आदि में सघन जांच अभियान चलाने एवं वैसी दवाएं जिनका इस्तेमाल नशे के लिए किया जाता है उसपर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन दवाओं की बिक्री स्टॉक आदि से संबंधित प्रतिवेदन नियमित रूप से ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों में रात्रि के समय असामाजिक तत्वों, युवाओं आदि के नशे का प्रयोग करने पर विशेष संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्य करने का निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने आवश्यकता अनुसार दवाई दुकानों सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया। बैठक ड्रग्स इंस्पेक्टर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना जरूरतमंद परिवारों को मिलेगा : बीडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर** : चैनपुर प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान का लाभ दिलाने के लिए सर्वे का कार्य समाप्ती की ओर है हो गया है। सर्वे का कार्य 29 मार्च के पहले करा ले, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने बताया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के उन परिवारों के लिए बेहद अहम है, जिनके पास स्वयं का घर नहीं है या वे जर्जर एवं कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पंचायत सेवक एंव रोजगार सेवक से आवास का सर्वे कराया जा रहा है। इससे सभी जरूरतमंदों को पक्का आवास मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों को पक्के मकान प्रदान करना है। यह योजना उन परिवारों के लिए बेहद अहम है, जिनके पास स्वयं का घर नहीं है या वे जर्जर एवं कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। इसके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने पूरे प्रखंड वासियों से अपील की है कि अपने आसपास के जितने भी खराब चापाकल है उसकी सूचना तुरंत पीएचडी के अधिकारी को दें चैनपुर पीएचडी के लिए 7992405933 एंव जारी पीएचडी 6206041891नंबर पर इस की सुचना दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी आने से पहले ही पूरे प्रखंड में जितने भी खराब पड़े चापाकल है। उनका मरम्मत पीएचडी विभाग से कराया जा रहा है। सभी खराब चापाकलों का मरम्मत भीषण गर्मी से पहले ही करा दिया जाएगा। ताकि इस भीषण गर्मी में किसी को भी पानी के लिए समस्या न झेलना पड़े।

## सुसनी बाजार के ग्रामीण चार दिनों से अंधेरे में काट रहे रात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : बोड़ाम प्रखंड के बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित बड़ा सुसनी बाजार के ग्रामीण चार दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाजार में लगा ट्रांसफॉर्मर हमेशा खराब होता रहता हैं। कई बार विभाग को ग्रामीणों के द्वारा मिस्त्री के माध्यम से खराब होने की सूचना दी गई है। लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। सुजीत दास बताते है कि बिजली की समस्या लगातार होने से बच्चों को पढ़ाई करने में काफी समस्या होती हैं। इस विषय में रसिकनगर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सनातन सिंह ने बताया कि इस विषय में बिजली विभाग के एसडीओ से वार्ता किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया है की 100 केवीए का ट्रांसफार्मर बहुत बहुत जल्द मिल जाएगा।

## अनगड़ा क्रिकेट लीग में चैंपियन ट्रॉफी पर महेशपुर ने किया कब्जा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा** : अनगड़ा क्रिकेट लीग चैंपियन ट्रॉफी 2025 लुपंग स्टेडियम में समापन हुआ। जिसके विजेता टीम महेशपुर ने उपविजेता महुवाटुंगरी को 5 विकेट से हराया मैच में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने प्रथम पुरस्कार 50,000/- नगद राशि एवं ट्रॉफी और 2 पुरस्कार 30,000/नगद राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर पारसनाथ उरांव ने कहा खेल हमारा जीवन का हिस्सा है इसे अपनाकर बेहतर स्वास्थ्य के साथ साथ अपना कैरियर भी बना सकते हैं इसलिए युवा पीढ़ी अपने जीवन में खेल को अपना जीवन का हिस्सा बनाकर चलें यह आयोजन लुपंग विकाश समिति द्वारा किया गया। जिसका संचालन जीतबहांन महतो ने किया। इस मौके पर अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य बीरेंद्र भोगता, अतीश महतो, मार्शल महतो, सुर्यनारायण महतो, प्रवीण महतो, सागर केशरी, अभिषेक कुमार, नवीन कुमार, विकी कुमार, रोहित कुमार, राहुल महतो, राजेश महतो, विजय महतो, सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जेएपी के निधन जवान को देवेंद्रनाथ महतो ने मातम परेड में शामिल होकर दी श्रधांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड पुलिस सशस्त्र बल के जवान जयप्रकाश महतो का सोमवार को आकस्मिक सड़क दुर्घटना से मृत्यु हो गया। जाम टोली मोड़ के पास अज्ञात वाहन के चपेट आने से बाइक में सवार पुलिस कर्मी की सड़क दुर्घटना हुई। आनन-फानन अस्पताल में एडमिट किया गया। जहां उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया गया।

उरांवडीह राहे के निवासी जयप्रकाश महतो ( उम्र 38 वर्ष) को पोस्टमार्टम के बाद आज मंगलवार पुलिस केंद्र रांची में ससम्मान अंतिम विदाई किया गया। जेएलकेएम वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ ने पुलिस बल के साथ मातम परेड व अंतिम सलामी दिया। अंतिम विदाई समारोह में झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवचंद मुंडा, परमेश्वर महतो, तपेश यादव, नवीन तिवारी, व कई विभागीय वरीय पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इसके उपरांत अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव को ससम्मान रवाना किया गया। बताते चले कि मृत जवान वर्तमान में झारखंड पुलिस सशस्त्र बल जमशेदपुर के बटालियन 6 में आरक्षी पद सेवारत थे। अपने सेवा काल के दौरान कई साहसिक कार्यों के लिए सम्मानित रहे हैं। अंतिम सलामी के उपरांत मृत परिवार से मुलाकात करते हुए देवेंद्रनाथ महतो ने कहा की जयप्रकाश महतो का आकस्मिक निधन अपूर्णीय क्षती है। उनके साहसिक कार्य हमारे लिए प्रेरणा के स्त्रोत रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड प्रमुख ने नवनिर्मित मंदिर का किया उद्घाटन



**चैनपुर** : चैनपुर क्षेत्र के रामपुर पंचायत अंतर्गत सदान बुकमा गांव में मंगलवार को वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से नवनिर्मित मंदिर में श्री बजरंगबली की मूर्ति स्थापित कर प्राणप्रतिष्ठा की गई। मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख ओलीभाकांता कुजूर के द्वारा फीता काटकर व नारियल फोड़ कर विधिवत रूप से नवनिर्मित मंदिर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उन्होंने सभों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम सभी मिलकर काफी उत्साह के साथ नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह मना रहे हैं आप सभी ग्राम वासियों का दायित्व बनता है कि मंदिर को स्वच्छ व सुरक्षित रखें सभी मिलजुल कर रहे और सभी धर्मो का सम्मान व आदर करें। वही ग्रामीणों के द्वारा मुख्य अतिथि को प्रेम स्वरूप उपहार भेंट किया गया। आपको बता दे कि लगभग 1 वर्ष पूर्व ही प्रमुख ओलीभाकांता कुजूर के द्वारा बजरंगबली मंदिर का निर्माण अपने पैसों से कराया गया था। ग्राम बैगा रामसाय नगेसिया और ग्रामीणों ने बतलाया कि यह मंदिर की जमीन रातू महाराजा के द्वारा दी गई थी जहां लगभग 100 वर्ष पहले से ग्रामीणों के द्वारा पूजा पाठ की जाती थी और रामनवमी पर विशेष रूप से पूजा पाठ होती और महावीर झंडा का मिलान होते आ रहा है बाद में कच्चा रूम बनाया गया था जो काफी जिर्न-शिर्न हो गया था इसके स्थान पर वर्तमान में प्रमुख ओलीभाकांता कुजूर के द्वारा पक्के मंदिर का निर्माण कराया गया है। इससे पूर्व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं के द्वारा शंख नदी से कलश यात्रा निकाली गई इस समारोह में गांव सदान बुकमा भगत बुकमा डीपाबुकमा तिलहई टोली हुटार से सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए वहीं भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया।

समाहरणालय, खूँटी
(जिला आपूर्ति शाखा)
Email ID-dsokhunti@gmail.com

आवश्यक सूचना

इस कार्यालय के प्रकाशित निविदा सं0 PR. 348195 (District)24-25*D, दिनांक 11.03.2025 से वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु खूँटी जिला में अवस्थित खूँटी नगर पंचायत के 03 जिला स्तरीय मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्रों एवं खूँटी जिलान्तर्गत 06 प्रखण्डों के 06 प्रखण्ड स्तरीय मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्रों के कुल 09 मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्रों पर चावल, चना, एवं सोयाबीन बड़ी परिवहन-सह-हथालन सहित आपूर्ति के लिए निविदा दिनांक 24.03.2025 को निर्धारित थी, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है। उक्त निविदा की अगली तिथि की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी।

उपायुक्त के आदेशानुसार
जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
खूँटी

PR 349216 District(24-25).D

Agriculture Technology Management Agency
(ATMA),Simdega
web :-www.atmasimdega.org,E-Mail :-atma_simdega@yahoo.in

NOTICE INVITING TENDER (NIT)
Ref No.: .............. Date: ..............

| SL. NO | INFORMATION/SUBJECT | DETAILS |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | Name of Work | Promotion Of Perennial Farming Practices Through Introduction of Solar Lift Irrigation in Simdega District, Jharkhand |
| 02 | Tender Fees | Rs. 10,000.00 (In the form of Demand Draft in favor of PD, ATMA) |
| 03 | Earnest Money to be Deposited (@ 2% of the Estimated Project Cost) | Rs. 4,76,468.00 (In the form of Fixed Deposit of any nationalized bank duly pledged in favor of PD, ATMA) MSME Registered Organization to be exempted as per Jharkhand Procurement Policy 2014 |
| 04 | Date of Publication of Bid | 24.03.2025 |
| 05 | Last Date of receiving Pre-Bid queries | 02.04.2025,12:00 PM |
| 06 | Date & Time of Pre-Bid Meeting | 03.04.2025, 12:00 PM |
| 07 | Place of Pre-Bid Meeting | ATMA Office, District Collectorate, Simdega |
| 08 | Last Date & Time for Bid Submission | 08.04.2025, 12:00 PM |
| 09 | Bid Submission Place& Mode | ATMA Office, District Collectorate, Simdega though Speed Post/Registered Post/By Hand. Any other mode or late submission of bids will be rejected |
| 10 | Date And Time for Technical Bid Opening | 09.04.2025, 12:30 PM |
| 11 | Bid Opening Place | ATMA Office, District Collectorate, Simdega |
| 12 | Date & Time of Technical Presentation | To be informed later |
| 13 | Date & Time of Financial Bid Opening | To be informed later |
| 14 | Name And Office for Inviting Bids | Project Director, ATMA, Simdega |
| 15 | Helpline No. And Email Address | atmasimdega@nic.in |

NOTE: FOR FURTHER DETAIL PLEASE VISIT www.simdega.nic.in
PR 349152 Simdega(24-25).D
PROJECT DIRECTOR
ATMA, SIMDEGA

# सिविल सर्जन कार्यालय में फूड सेफ्टी ट्रेनिंग का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**खूंटी** : जिले में खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय फूड सेफ्टी ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग के निदेर्शानुसार, अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी और खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ज्ञानसीटी एजुकेशनल ट्रस्ट के मास्टर ट्रेनर अनुप कुमार तिवारी ने रेस्टोरेंट, कैटरर्स, पानीपुड़ी विक्रेता, फास्ट फूड एवं मिठाई दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। ट्रेनिंग के दौरान उपस्थित लोगों को फोर्टिफाइड फूड और एफएसएसएआई की प्रमुख योजनाएं जैसे ईट राइट इंडिया एवं थोड़ी कम (तेल, चीनी एवं नमक के संतुलित उपयोग पर जोर) के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रसोई परिसर की साफ-सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, खाद्य पदार्थों को ढंककर रखने और खाना पकाते एवं परोसते समय एप्रन, ग्लव्स तथा हेड कैप के उपयोग पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित विक्रेताओं को मिठाइयों में मिलावट न करने, शुद्ध तेल और खाद्य रंगों के प्रयोग की अपील की गई। साथ ही, एफएसएसएआई के नियमानुसार पैकेट बंद खाद्य पदार्थों पर निर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट, फूड लाइसेंस नंबर, निमार्ता का पूरा पता एवं इंग्रेडिएंट्स लिस्ट अंकित करने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, ज्ञानसीटी एजुकेशनल ट्रस्ट के प्रतिनिधि सूरज कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और व्यवसायी उपस्थित थे।

### पंचमुखी हनुमान की हुई प्राण प्रतिष्ठा, निकली भव्य कलश यात्रा

**खूंटी** : खूंटी बड़ाईक टोली में नवनिर्मित श्रीश्री पंचमुखी हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह मंगलवार को भक्तिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर में सुबह भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। शहर के पुरातन महादेव मंडा से बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। कलश यात्रा में 251 मंगल कलशों को शिरोधार्य कर महिलाएं और युवतियां भजनों की धुन पर पथ संचलन कर रही थीं। इनके अलावा केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष अनूप साहू, महामंत्री जितेंद्र कश्यप, ज्योतिष भगत, कुमार ब्रजकिशोर समेत बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालु महिला-पुरुष और बच्चे कलश यात्रा में शामिल होकर ताशा की धुन पर जयकारा लगाते चल रहे थे।

समाहरणालय, कोडरमा
(जिला खेल कार्यालय)
E-mail:-sportskoderma17@gmail.com

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची के नियंत्रणाधीन कोडरमा जिले में संचालित ताईक्वांडो डे-बोर्डिंग बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं खेलो इंडिया तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 29.03.2025 को संबंधित खेल विद्या के नाम के सामने अंकित स्थल में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना निर्धारित है।

| क्र0सं0 | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विद्या का नाम | प्रतिभा चयन का स्थल | वर्ग | संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षक का नाम एवं दूरभाष संख्या | निर्धारित तिथि व समय | प्रतियोगिता के अनुश्रवन एवं पर्यवेक्षण हेतु प्रतिनियुक्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ताईक्वांडो डे-बोर्डिंग बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द, झुमरी तिलैया | ताईक्वांडो | सी0डी0 बालिका उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया, कोडरमा | बालिका वर्ग | श्री अशोक कुमार मो0 नं0- 7004117632 | 29.03.2025 8:00 बजे पूर्वा0 से 4:00 बजे अपराहन तक। | श्री अशोक कुमार तुरी, खेल समन्वयक, कोडरमा मो नं0- 8210345455 |
| 2. | खेलो इंडिया तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द, बागीटांड़ स्टेडियम, कोडरमा। | तीरंदाजी | इंडोर स्टेडियम बागीटांड, कोडरमा | बालक एवं बालिका | श्री मुकेश कुमार तुरी मो0 नं0- 7050355037 | | |

दिशा निर्देश :-
1. कोडरमा जिलान्तर्गत संचालित डे-बोर्डिंग एवं खेलो इंडिया क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में निर्धारित खिलाड़ियों की संख्या के अनुरूप रिक्त स्थानों को भरा जायेगा एवं प्रतिक्षा सूचि तैयार की जायेगी।
2. चयन मानक के आधार पर (बैटरी टेस्ट एवं स्कील टेस्ट) पर खिलाड़ियों का परीक्षण किया जायेगा एवं परीक्षण परिणामों के आधार पर प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जायेगा।
3. खिलाड़ी को झारखण्ड राज्य का निवासी होनी अनिवार्य होगा।
4. डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द में नामांकण हेतु 1 अप्रैल 2025 को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली होगी एवं 16 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो। (मान्य जन्म प्रमाण-पत्र/आधार कार्ड एवं दो पासपोट साईज रंगीन फोटोग्राफ के साथ स्कूल का बोनाफाईड प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा)
5. खेलो इंडिया क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द में नामांकण हेतु 1 अप्रैल 2025 को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली होगी एवं 16 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो। (मान्य जन्म प्रमाण-पत्र/आधार कार्ड एवं दो पासपोट साईज रंगीन फोटोग्राफ के साथ स्कूल का बोनाफाईड प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा)
6. मेडिकल फिटनेस- खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में फीट होने पर ही नामांकन किया जायेगा।
7. खिलाड़ी को माता/पिता/अभिभावक का सहमति पत्र (Consent Letter) प्रस्तुत करना होगा।
8. उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पत्र कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु उपरोक्त संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षक के मोबाईल नं0 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

ह0/-
जिला खेल पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 349217 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 24-25 (D)

# भारत का पानी पर बड़ा संदेश

इसी महीने 22 मार्च को मनाए गए विश्व जल दिवस पर भारत ने पूरी दृढ़ता के साथ दुनिया को बड़ा संदेश दिया है। हरियाणा के पंचकूला में 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन-2025' की शुरूआत करते हुए केंद्रीय जल शक्तिमंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि अगर कभी पानी को लेकर तीसरा विश्व युद्ध लड़ा गया तो भारत उसका हिस्सा नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जल सुरक्षित भविष्य का निर्माण किया जा रहा है। पाटिल की यह टिप्पणी बेहद अहम है। इसकी वजह यह है कि दुनिया का 70 फीसदी हिस्सा पानी से तो घिरा है, लेकिन उसमें से पीने योग्य पानी लगभग तीन फीसदी है। 97 फीसदी पानी ऐसा है जो पीने योग्य ही नहीं है। सिर्फ तीन फीसदी पानी पर पूरी दुनिया जीवित है। जल संसाधन मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में एक वर्ष में उपयोग किए जाने वाले जल की शुद्ध मात्रा अनुमानित 1,121 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है। वर्ष 2025 में पीने के पानी की मांग 1,093 बीसीएम तक पहुंच सकती है। 2050 तक यह 1,447 बीसीएम हो सकती है।

इस परिदृश्य के बीच जल शक्तिमंत्री की यह आश्वस्ति यह संकेत देती है कि भारत जल संकट से पार पाने के भरपूर इंतजाम कर रहा है। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। मानव सभ्यता में जल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए वह भावी पीढ़ियों के लिए इस अमूल्य संसाधन की सुरक्षा के लिए सामूहिक कार्रवाई का देशवासियों से आह्वान कर चुके हैं। यह कहने में कोई परहेज नहीं है कि देशवासी उनके आह्वान को गर्व के साथ लेते हैं। वह चाहे गंगा की सफाई का आह्वान हो या स्वच्छता अभियान। साल 2014 के बाद दोनों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। इस साल जल शक्ति मंत्रालय ने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन- 2025' शुरू किया है। इसमें देश के 148 जिलों को जोड़ा गया है, क्योंकि यहां जल संकट की आशंका जताई जा रही थी। "जल संचय, जन भागीदारीः जन जागरूकता की ओर" थीम वाले इस अभियान में जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जल चुनौतियों के मद्देनजर जल सुरक्षा, वर्षा जल संचयन और भू-जल पुनर्भरण के महत्व पर जोर दिया गया है। इस आयोजन के दौरान ही वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सहयोग से "जल-जंगल-जनः एक प्राकृतिक बंधन अभियान" भी शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य जंगलों, नदियों और झरनों के बीच पारिस्थितिक संबंधों को बहाल करना है। जल शक्तिमंत्री पाटिल ने कहा कि भारत के जल क्षेत्र में परिवर्तनकारी प्रगति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। आज पूरे देश में नागरिकों के दरवाजों तक पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। उन्होंने दोहराया कि सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है और प्रत्येक नागरिक के योगदान से ही वास्तविक अर्थ में जल सुरक्षा प्राप्त की जा सकती है।

पाटिल ने कहा कि जहां भी बारिश हो उसे इकट्ठा कर वहीं रिचार्ज करना होगा। पंचकूला में जल शक्ति अभियान और स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें शामिल हैं- वर्षा जल संचयन प्रणाली, बोरवेल रिचार्ज परियोजना, सूक्ष्म सिंचाई पहल, तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, गोबरधन परियोजना और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड प्रमुख हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जल संरक्षण के लिए समावेशी और रणनीतिक दृष्टिकोण की नींव रखी गई है। सरकार ने "हर बूंद अनमोल" (हर बूंद मायने रखती है) के सिद्धांत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। मगर विश्व जल दिवस पर व्यक्त की गई कुछ आशंकाओं पर भी गौर करना होगा। मसलन जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने प्रधानमंत्री मोदी को खुला पत्र लिखकर भारत से ग्लेशियरों के संरक्षण में नेतृत्व करने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ग्लेशियरों को बचाने के कदम नहीं उठाए गए, तो अगले महाकुंभ तक नदियां सूखकर रेत में बदल सकती हैं। वांगचुक हाल ही में अमेरिका की यात्रा से लौटे हैं। वांगचुक ने लद्दाख में एक ग्लेशियर से बर्फ का एक टुकड़ा लेकर अपनी यात्रा शुरू की थी। ताकि जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघलते ग्लेशियरों की समस्या की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया जा सके। वांगचुक ने पत्र में लिखा है कि भारत को ग्लेशियरों के संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए, क्योंकि हिमालय पृथ्वी पर आर्कटिक और अंटार्कटिका के बाद बर्फ और बर्फीले पानी का तीसरा सबसे बड़ा भंडार है और इसे तीसरे ध्रुव के नाम से भी जाना जाता है।

## सूडोकु नवताल- 7381

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7380 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# असंख्य हिन्दू मंदिरों को तोड़ने के 'इतिहास' का नाम है 'औरंगजेब'

**अरुण कुमार दीक्षित**

औरंगजेब एक धर्मांध शासक था। औरंगजेब ने इस्लाम को राज्य धर्म बनाया। बहुसंख्यक हिंदुओं को इस्लाम धर्म में परिवर्तित किया। उसने सामाजिक, राजनीतिक दुर्व्यवहार किया। वह कभी भी सर्व समाज का हितैषी नहीं रहा। सम्पूर्ण मानवता के लिए कभी स्वीकार करने वाला शासक नहीं बन पाया। साम्राज्य जरूर बढ़ता गया। उसने हिन्दुओं के प्रति ही नहीं शिया मुसलमानों के प्रति भी घृणित आचरण किया। राज्य की सेवाओं में शियाओं को औरंगजेब ने पृथक कर रखा था। औरंगजेब की क्रूरता की पराकाष्ठा इस सीमा तक थी, कि उसने हिन्दुओं पर (जजिया) तीर्थ कर व्यापारिक कर जैसी कठोरताएं की थी। हिन्दुओं को भारत में ही अपमानित करने के साथ उसने राज्य की सेवाओं से हटाने की भी कार्रवाई की थी। असंख्य हिन्दू मंदिरों को तोड़ने, देवी-देवताओं की मूर्तियों को अपमानित कर तोड़ने के इतिहास का नाम है औरंगजेब।

औरंगजेब ने कभी मानवीय मूल्यों को नहीं समझा। वह भारत को दारुल हरब में परिवर्तित करने के लिए जीवन भर जुटा रहा। प्रत्येक भारतवासी को यह बात समझना होगा कि वह विदेशी हमलावर था। वह लाखों कत्ल करने वाले तैमूरलंग, बाबर, नादिरशाह, गजनी, गोरी, गाजी, खिलजी की तरह लुटेरा युद्ध पिपासु था। इन विदेशी आक्रांताओं ने लगातार मंदिरों,नगरों, गांवों को लूटा। कत्लेआम किया। भारत की संस्कृति, सभ्यता को तहस-नहस करने में कोताही नहीं बरती। बावजूद इसके भारत मे इनकी तरफदारी करने वाले अनेक लोग सक्रिय हैं। औरंगजेब को लेकर पूरे राष्ट्र में बहस है। एक तरफ बहस में भारत को एक संस्कृति एक राष्ट्र मानने जानने वाले लोग हैं, दूसरी तरफ विदेशी आक्रमणकारियों को उनके सैकड़ों वर्ष मृत्यु के पश्चात गले लगाने को आतुर दिखाई दे रहे हैं। उनके प्रतीकों को लेकर हल्ला मचा रहे हैं।



ऐसी स्थितियां भारत के मन को चिंतित और व्यथित करने वाली हैं। इससे अनेक प्रश्न भी उभर रहे हैं। भारत के वह लोग जो विदेशी हमलावरों की स्मृतियों को आखिर क्यों सजाने और संवारने को लेकर तत्पर हैं। झगड़े पर आमादा हैं। यह प्रश्न राजनीतिक नहीं है। यह भारत के "स्व" और भारत की संस्कृति पर हमला है। भारत की रिद्धि, सिद्धि और समृद्धि से जुड़े प्रश्न हैं। इस पर तो बात होनी ही चाहिए कि विदेशी आक्रांताओं का महिमा मण्डन करने वाले आखिर चाहते क्या है? औरंगजेब के कालखंड में हिन्दू अपने मंदिरों की मरम्मत नहीं कर सकते थे। उसका सीधा आदेश था कि मंदिरों की मरम्मत न करने दी जाए। उसने अपने सूबेदारों को सभी हिन्दू मंदिरों एवं पाठशालाओं को तोड़ने की आज्ञा भी दी थी। इससे हिन्दू अपने धर्म की शिक्षा का प्रचार प्रसार न कर पाएं। बनारस का विश्वनाथ मंदिर, मथुरा का केशव देव मंदिर, गुजरात का सोमनाथ मंदिर ध्वस्त किए गए। साथ ही अधिकांश उत्तर भारत के बड़े-बड़े मंदिरों को तोड़ दिया गया था। औरंगजेब के अधीनस्थ हिन्दू राजाओं के राज्यों में भी मंदिर, पाठशालाएं ध्वस्त की गईं। इन सभी स्थानों पर औरंगजेब के आदेश अनुसार मस्जिद बनाई गईं। 1679 में हिंदुओं पर जजिया (धार्मिक कर) लगा दिया गया।

इसके लिए सभी गैर मुसलमानों को तीन वर्गों में बांटा गया। हिन्दुओं पर तीर्थ यात्रा कर लगाया गया। जबकि मुसलमान तो व्यापारिक कर से भी मुक्त थे। हिन्दू व्यापारियों से वस्तुओं के मूल्य का पांच फीसदी धन "कर" के रूप में लिया जा रहा था। हिन्दुओं को लगान और विशेष स्थान की नियुक्तियों से हटा दिया गया था। साल 1674 में गुजरात में धार्मिक अनुदान में हिन्दुओं को दी गई भूमि को जब्त कर लिया गया। 1688 में हिन्दुओं के त्योहार और उत्सव पर प्रतिबंध लगाया गया था। उसी समय राजपूतों के अतिरिक्त सभी हिन्दुओं को पालकी या अच्छे घोड़े की सवारी करने और हथियार रखने से भी रोक दिया गया था। इस तरह की प्रताड़ना का सीधा अर्थ धर्म परिवर्तन ही था। इतिहासकार लेनपूल ने लिखा है, "अपने इतिहास में मुगलों ने पहली बार एक कट्टर मुसलमान को बादशाह के रूप में देखा। औरंगजेब 40 वर्ष की आयु में बादशाह बना था।" उसकी धार्मिक असहिष्णुता के कार्यों पर विचार करते हुए डॉ. एसआर शर्मा ने लिखा, "ये सभी कार्य एक योग्य शासक अथवा एक निर्माणकर्ता राजनीतिज्ञ के नहीं थे, बल्कि एक अंधी धर्मांधता का विस्फोट था जो, उन्हें निःसंदेह अन्य सभी क्षेत्रों में मेधावी औरंगजेब के लिए शोभनीय न था।"

औरंगजेब की धार्मिक नीति के विरुद्ध पहला संगठित विद्रोह जाटों ने किया था। मथुरा में वीर सिंह बुंदेला द्वारा बनवाए गए केशव देव मंदिर को तोड़कर उसी स्थान पर मस्जिद स्थापित की। औरंगजेब वास्तव में राजपूतों के स्वतंत्र अस्तित्व को समाप्त करना चाहता था। शिवाजी भारत के राष्ट्रनायक थे। मुगलों से शिवाजी का पहला संघर्ष 1656 ई. में हुआ। 1660 में शिवाजी का बीजापुर और दक्षिण के सूबेदारों संघर्ष हुआ। राजा जयसिंह के समझाने पर शिवाजी 1666 में औरंगजेब से मिलने आगरा आए। वहां औरंगजेब ने शिवाजी को नजरबंद कर दिया। शिवाजी वहां से अपनी बुद्धिमत्ता और चतुराई से वापस महाराष्ट्र पहुंच गए। तीन वर्ष संघर्ष रुका रहा। 16 जून 1674 ई. को रायगढ़ में बनारस के वैदिक अध्येता पं. विश्वेश्वर गागभट्ट ने शिवाजी का राज्याभिषेक किया। "छत्रपति" शिवाजी की उपाधि धारण कर उन्होंने एक स्वतंत्र हिंदू राज्य की स्थापना की। 14 अप्रैल 1680 ई. में शिवाजी की मृत्यु हो गई। औरंगजेब कभी भी शिवाजी से युद्ध में सफलता नहीं पा सका (पृष्ठ संख्या 131,158 मध्यकालीन इतिहास एलपी शर्मा)। मराठों का औरंगजेब से संघर्ष आजीवन चला। औरंगजेब कभी सफल नहीं हुआ। 3 मार्च 1707 में औरंगजेब की मृत्यु हुई। उसे दौलताबाद से चार मील दूर शेख जैन उल हक के मजार के निकट दफन किया गया।

किसी भी राष्ट्र की संस्कृति अपने धर्म, दार्शनिक विचार, कविता, साहित्य और कला आदि के रूप में अभिव्यक्त करती है। भारत की संस्कृति ने अपने को जिस रूप में अभिव्यक्त किया है, उसकी मुख्य विशेषता अध्यात्म की भावना है। भारत का इतिहास प्राचीन है। यहां की सभ्यता संसार की प्राचीन सभ्यताओं में गिनी जाती है। वेद दुनिया का प्राचीनतम अभिलेख है। प्राचीन संसार की अनेक सभ्यताएं नष्ट हो चुकी है। वेद, उपनिषद, गीता ज्ञान की धारा आज भी प्रवाहमान है। भारत की संस्कृति में राम, कृष्ण, बुद्ध और महावीर की सर्व भूत हिते रतः की धारा है। भारत ने अपने गौरवशाली इतिहास को लगातार विकसित किया है। वही इतिहास भारतीय संस्कृति है। एक तरफ भारत की सहिष्णु संस्कृति है। दूसरी ओर हिंसक रक्तपात करने वालों का कलुषित इतिहास है। वह भारत की संस्कृति सभ्यता पर सांस्कृतिक प्रतिमानों पर सदियों से हमलावर रहने वाले है। विध्वंसक हैं। पूर्व में एक शासन पूरे भारत में न रहना अलग बात है। मगर भारतीय अनुभूति यही रही है कि राष्ट्र धार्मिक,साहित्यिक, सांस्कृतिक रूप से एक है। यह कम से कम राजनीतिक क्षेत्र में अभिव्यक्त होना चाहिए।

यह ऐतिहासिक तथ्य है कि मुस्लिम धमार्चार्यों के अनुसार दो प्रकार के देश होते थे। जिन देशों के निवासी मुसलमान हों, उन्हें वे "दारुल इस्लाम" शांति मय देश कहते थे। और जहां इस्लाम का प्रचार न हो उन्हें वे "दारुल हरब" युद्धस्थली समझते थे। मुस्लिम धमार्चार्यों का मत था, कि "दारुल हरब" के खिलाफ जिहाद करना और उनको जीतकर इस्लाम के झंडे के नीचे ले आना मुसलमानों का धार्मिक कर्तव्य है। भारत में इस्लाम का प्रथम प्रवेश अरब साम्राज्य के संगठित होने पर 712 ईस्वी में एक अरब सेनापति मोहम्मद बिन कासिम ने भारत के सिंध प्रांत में आक्रमण किया था। जीतकर अपने कब्जे में लिया था। तब से अब तक हमले जारी हैं। आज भारत पूरी दुनिया में मजबूती के साथ खड़ा है। दुनिया के देश भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य होना चाहिए कि वह राष्ट्र के ममत्व एकत्व के जागरण में रहे। विभिन्न सम्प्रदायों, पंथिक आस्थाओं का लक्ष्य राष्ट्र सर्वोपरि ही होना है। यहीं से वसुधैव कुटुम्बकम का राजमार्ग जाता है। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# योगी सरकार के आठ साल वाह से आह तक

**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे कर लिये हैं,जबकि कुल मिलाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपना आठ साल पूरा कर चुके हैं। यूपी में सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का रिकार्ड भी योगी के नाम हो गया है। करीब 24 करोड़ आबादी को यदि योगी से पूर्व की सरकारों के तौर तरीकों की याद होगी तो वह जानते होंगे कि आठ साल पहले प्रदेश का क्या हाल था। यूपी की गणना बीमारू राज्य के रूप में होती थी। साम्प्रदायिक हिंसा, संगठित अपराध, दबंगई के बल पर जमीन पर कब्जा अखिलेश सरकार की पहचान थी। आतंकवादियों के मुकदमें वापस लिये जाते थे। तुष्टिकरण समाजवादी सरकार की पहचान बन गई थी। दंगा पीड़ितों को उनका धर्म देखकर मुआवजा बांटने का कारनामा भी अखिलेश सरकार द्वारा किया गया था। सपा के नेता थानों तक में गुंडागर्दी करने से घबराते नहीं थे। आजम खान जैसे समाजवादी नेताओं की बदजुबानी के किस्से आम थे।हिन्दू देवी देवताओं का अपमान समाजवादी सरकार की आदत बन गई थी। हाल यह है कि आठ साल सत्ता से बाहर रहने के बाद भी अखिलेश की राजनीति नहीं बदली है। विकास के नाम पर अखिलेश एक्सप्रेस वे और लखनऊ में मेट्रो के अलावा कुछ नहीं गिना पाते थे।

एक वह दौर था जब प्रदेश की जनता त्राहिमाम कर रही थी तो अब फाइलों में विकास नहीं उलझता है,बल्कि जमीन पर फलफूल रहा है। अपराधी ठोके जा रहे हैं। भू माफियाओं से कब्जाई जमीन वापस ली जा रही है। संगठित अपराध करने वालों को चुन चुनकर मिटाया जा रहा है। मगर पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के प्रति धारणा बदलने में सफलता प्राप्त की है। कभी बीमारू राज्य कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज व्यवसाय एवं निवेश का सर्वश्रेष्ठ ठिकाना बनकर देश और दुनिया में पहचाना जा रहा है। उत्तर प्रदेश आज 'ग्रोथ गियर' है। हमें विरासत में अराजकता, अव्यवस्था और अपराध के अंधकार में डूबा हुआ प्रदेश मिला था।ऐसे राज्य को सुरक्षित परिवेश, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुगम कनेक्टिविटी और उद्यम अनुकूल नीतियों द्वारा निवेशकों का ड्रीम डेस्टिनेशन बनाने में हम लोग सफल रहे। विगत आठ वर्षों में प्रदेश को प्राप्त हुए 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव इसकी पुष्टि करते हैं। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है। इनके माध्यम से 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी तथा अन्य लाखों लोगों हेतु रोजगार का सृजन हुआ है। स्थापित सत्य है कि सुरक्षा के सुपथ पर ही विकास कुलांचे भरता है और सुगम कनेक्टिविटी उसे तीव्रता प्रदान करती है। 'नया उत्तर प्रदेश' उसका जीवंत उदाहरण है।


महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास ही अंत्योदय है। प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार की हर योजना में यह भाव श्वास लेता है। यही कारण है कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने छह करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश के 15 करोड़ निर्धनों को प्रतिमाह निःशुल्क अनाज, 1.86 करोड़ से अधिक परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन, 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5.21 करोड़ लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक का चिकित्सा सुरक्षा कवच, 56.50 लाख से अधिक परिवारों को निःशुल्क आवास जैसे अनेक कल्याणकारी उपहारों ने प्रदेश के करोड़ों नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाया है। सभी को आवास के संकल्प की सिद्धि के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के हर उस लाभार्थी को आवासीय पट्टा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया गया है, जिनके पास भूमि नहीं थी। ऐसा करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है। यही तो है अंत्योदय। आजादी से लेकर 2017 तक प्रदेश में 12 मेडिकल कालेज थे। आज राज्य में 44 राजकीय मेडिकल कालेज और 36 निजी मेडिकल कालेजों सहित 80 मेडिकल कालेज संचालित हैं। गोरखपुर और रायबरेली में एम्स का संचालन आरंभ हो गया है। 'एक जनपद-एक मेडिकल कालेज' की संकल्पना उत्तर प्रदेश में साकार हो रही है। प्रदेश में 122 चीनी मिलें क्रियाशील हैं। मार्च, 2017 से अब तक तीन नई चीनी मिलों की स्थापना हुई है। छह चीनी मिलों का पुनसंर्चालन तथा 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार हुआ है, जिससे लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है। आठ वर्षों में 46.50 लाख गन्ना किसानों को 2,80,223 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, पी. एम. स्वनिधि योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं मातृशक्ति के जीवन में सकारात्मकता का सवेरा लेकर आई हैं। ग्रामीण क्षेत्र की 95 लाख से अधिक महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ने के साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को 2,510 उचित मूल्य की दुकानों का आवंटन, ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) घर की महिला के नाम आदि जैसी रचनात्मक पहल नारी शक्ति के जीवन में सम्मान और आर्थिक प्रगति का प्रतीक हैं। प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनाने का युगांतरकारी कार्य किया है। वर्ष 2016 में प्रदेश की बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी जो अब तीन प्रतिशत है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के जरिये विभिन्न आयोगों एवं भर्ती बोर्ड द्वारा साढ़े आठ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली।

इनमें से 1.38 लाख से अधिक महिलाएं हैं। परीक्षाओं के शुचितापूर्ण आयोजन के लिए उ.प्र. सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) कानून लागू किया गया है, जिससे छात्रों के मन में व्यवस्था के प्रति विश्वास जागा है। आठ वर्ष हमारी आस्था, अस्मिता, आर्थिकी और सांस्कृतिक चेतना के उन्नयन का ऐतिहासिक कालखंड है।सबसे बड़ी बात यह है कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया गया। प्रदेश में डीजल-पेट्रोल दरें देश में सबसे कम हैं। इसके बाद भी उत्तर प्रदेश राजस्व सरप्लस स्टेट के रूप में समृद्धि के नए सोपान चढ़ रहा है। इस सफलता के पीछे रामराज्य की अवधारणा ही है। खैर,योगी राज में तमाम अच्छे कार्य हो रहे हैं तो कहा यह भी जा रहा है कि प्रदेश की सत्ता योगी तक केन्द्रित हो कर रह गई है।

## दैनिक पंचांग

**26 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.58 बजे से |
| चंद्र | मकर में | वृष | 08.38 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.37 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.50 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 15.06 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 17.18 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.29 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.43 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.59 बजे से |
| राहुकाल | 12.00 से 1.30 बजे तक | मकर | 02.05 बजे से |
| | | कुंभ | 03.51 बजे से |
| | | मीन | 05.24 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 85 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 01.43 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 02.30 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सिद्ध 12.25 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 14.50 बजे तदनन्तर तैतिल 01.43 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 02° 13' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872295 **जूलियन दिन** 2460760.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रमजान **तारीख** 25 **विशेष** वैष्णव पापमोचनी एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 | बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 | बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 | बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 | बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 | बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 | बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 | बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 | बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 | बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 | बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 | बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# 'नायाब' कार्रवाई से मिटेगी संगीत की गंदगी



**सुशील कुमार नवीन**

सुर्खियों में रहने वाला हरियाणा इस बार अलग तरह से चर्चा में है। बाते चाहे किसी भी तरह के आंदोलन की हो या राजनीतिक उठापटक की। हरियाणा का अपना अलग स्वैग है। जो और करे, वो हम न करे। जो और न करे, वो सबसे पहले हम करे। सप्ताह दो सप्ताह में यदि चर्चा का विषय न बने तो हरियाणा और हरियाणवीं होने का क्या फायदा? इस बार यू ट्यूब पर बिखरी पड़ी संगीत की गंदगी की सफाई की शुरूआत हरियाणा ने की है। गन कल्चर से जुड़े कुछ गानों को डिलीट करने से मामला संगीत उद्योग में गमार्या जरूर है पर निष्पक्षता बरती गई तो इसमें भी हरियाणा एक नया उदाहरण बनेगा।

हरियाणा अपने आप में विशेष है। काम कोई भी हो, उसे सबसे पहले करने का काम यह करता है। वैट सबसे पहले यहां लागू हुआ, बेटी बचाओ अभियान सबसे पहले यहां शुरू हुआ। केंद्र की प्रत्येक योजना को लागू करने में तो हरियाणा सरकार अग्रणी की भूमिका में रहती ही है। चाहे बात अन्तोदय की हो या फिर आयुष्मान भारत की हो। या शिक्षा में त्रिभाषा फामूर्ला लागू करना हो। झंडा उठाने में सबसे पहले हरियाणा है। ओलम्पिक मेडल में हरियाणा बिना कुछ नहीं, राजनीति में पकड़ सबसे ज्यादा, जिंदाबाद-मुदार्बाद तो चाहे रात के 12 बजे करवा लो। सिर पर मंडासा मारकर तैयार मिलेंगे। फिल्मों, नाटकों में हरियाणवीं कलाकार या प्रसंगों की भरमार है। गीत-संगीत के तो क्या कहने। पंजाब, दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश,गुजरात से लेकर समूचे भारत वर्ष के साथ विदेशों में भी डीजे पर इनकी ही धमक है। हट ज्या ताऊ पाछे नै.. से एक नए कलेवर में आया हरियाणा संगीत आज गजबन, बावन गज का दामन, सॉलिड बॉडी, बालम थानेदार, नंगड़ से होता हुआ निक्कर आली, इगो किलर, डेथ रो, दारू का स्टाल, दारू बदनाम, लाश नहर में, रोला, गोली हेड में, खलनायक, टेडी बीयर का शौक नहीं, गिफ्ट में गन दे दे, बता किसकी फिल्डिंग लानी है, तेरा यार जमानत पर आया, एके 47 धरे संदूकां पे, सूटर ते बन गया तेरा यार माफिया, तन्न गिफ्ट में दूंगा 12 बोर की, तू क्यूकर बनगा दो नंबरी, तन्न ढूंढे पुलिस आले, एक खटोला जेल के भीतर, ट्यूशन बदमाशी, किसने सिखाई बदमाशी करनी, पीलिये में मामा पिस्तौल दे गया था, मैं जिस दिन जमानत पर बाहर आऊंगा, पिस्तौल से महंगा तेरा लहंगा लाऊंगा, जेल में पार्टी, 12 गोली, कोर्ट में गोली आदि तक पहुंच चुका है।

'देसा म्ह देस हरियाणा, जित दूध दही का खाणा' से विश्वभर में सम्मान प्राप्त हरियाणा में इस तरह के संगीत पिछले 10 से 15 वर्ष में ज्यादा बना है। पड़ोसी राज्य पंजाब में तो शुरू से ही गन कल्चर का चलन रहा है। मित्रां नूं शौक हथियारां दा..खूब चला था। सिद्धू मूसेवाला के कई गीत भी काफी चर्चा में रहे। पड़ोसी गायकों की संगति ने हरियाणा में भी असर दिखाया। हरियाणवी गायक और गीतकार भी इसी ट्रेंड पर एक बार ऐसा चलना शुरू हुए कि अब रुकने का ही नहीं नाम ले रहे। बात गानों तक ही सीमित रहे तो भी ठीक, पर यहां तो गानों के माध्यम से एक दूसरे को जवाब देने का नया ट्रेड ऐसा चला है कि शब्दों की मयार्दा और गरिमा खूंटी टांग दी गई है। थोड़ा सा ध्यान करें तो दर्जनों ऐसे हरियाणी गाने बनाए गए हैं, जिनमें हथियारों और बदमाशों को महिमामंडित किया गया है। प्रदेश का युवा वर्ग भी इन गानों को खूब पसंद कर रहा है। शादी हो या जलवा पूजन या कोई और समारोह इन गानों के बिना महफिल सजती ही नहीं है।

दो महीने पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बैठक ली थी, जिसमें यह बात सामने आई कि हरियाणा में इस तरह के गाने लगातार बढ़ रहे हैं, जो गन कल्चर और गुंडागर्दी को को बढ़ावा देने वाले हैं। इससे युवा गन कल्चर की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री से मिले फ्री हैंड के बाद पुलिस ने इस तरह के गानों को सोशल साइट्स पर अपलोड करने वालों के खिलाफ सख्ती वढ़ा दी। खासकार पुलिस ने उन गानों पर विशेष नजर बनाई है। 10 गाने सोशल साइट्स से डिलीट करवाये जा चुके है। देर से ही सही। लोक संस्कृति के नाम पर बदमाशी और गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले गानों पर हरियाणा की नायाब सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दिया है। कुछ बड़े और चर्चित गानों को यू ट्यूब से डिलीट होने से गायक कलाकारों ने विरोध भी जताया है। उनका मानना है कि जानबूझकर कुछ गानों को निशाना बनाया गया है। इस पर सोशल मीडिया पर अलग ही रार चली हुईं है। जिस गायक के गाने ज्यादा डिलीट हुए है, उसका दर्द भी नई कहानी कह रहा है। उसके अनुसार उसे ही जानबूझकर निशाना बनाया गया है, जो गलत है। गंदगी साफ ही करनी है तो जड़ से साफ करें, न कि फॉर्मेलिटी से। सरकार को इस पर विचार अवश्य करना चाहिए। नैषधीयचरितम की एक प्रसिद्ध उक्ति है - आर्जवं हि कुटिलेषु न नीतिः अर्थात कुटिल जनों के प्रति सरलता नीति नहीं होती। तो मुख्यमंत्री जी दिखाएं नायाब सख्ती।

# पुलिस ने 60 लाख का स्प्रिट और शराब के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग और नौडीहा बाजार थाना पुलिस ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए बिहार सीमा से सटे महुवरी गांव में अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा किया। यहां से टीम ने 45 लाख रुपए कीमत का 22 हजार लीटर स्प्रिट बरामद किया है । साथ ही 15 लाख रुपये की नकली अंग्रेजी शराब भी जब्त की है। पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान मकान मालिक महुवरी के धीरज सिंह और बिहार के समस्तीपुर बिहार के राजा कुमार पांडेय के रूप में हुई है। बिहार के कुटुम्बा थाना के करमडीह के संतोष कुमार की भी मामले में संलिप्तता सामने आयी है।



पलामू के उत्पाद अधीक्षक संजीत कुमार देव ने मंगलवार को बताया कि शराब फैक्ट्री एक नवनिर्मित मकान में चल रही थी। यह मकान धीरज सिंह का बताया जा रहा है। सोमवार रात से सुबह तक की गयी कार्रवाई में टीम ने यहां से 550 गैलन स्प्रिट बरामद किया। पास के एक अन्य घर से दो पिकअप में लदी 150 पेटी नकली अंग्रेजी शराब भी मिली। स्प्रिट हाइवा में भरे हुए थे। जब्त की गई शराब में आरएस का फुल और हाफ, आईबी और रम जैसे ब्रांड शामिल हैं। एक गैलन में 40 लीटर स्प्रिट होता है, जिसकी कीमत लगभग 8 हजार रुपए है। जानकारी के अनुसार, यह अवैध धंधा पिछले दो साल से लोकेशन बदल-बदलकर चल रहा था। बरामद स्प्रिट और शराब की कीमत लगभग 60 लाख से अधिक होगी। उत्पाद विभाग की टीम अब जांच कर रही है कि इस रैकेट में और कौन-कौन शामिल हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि नकली शराब कहां-कहां सप्लाई की जाती थी। छापेमारी में उत्पाद अधीक्षक संजीत कुमार देव, एसआई अमीत कुमार सिंह, थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, एएसआई संजय कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

## निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर उपायुक्त से मिला अभिभावक संघ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर अभिभावक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज से मिला। इस दौरान निजी स्कूलों की मनमानी और सीबीएसई के गाइडलाइन का पालन नहीं करने आदि कई मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस दौरान कोडरमा उपायुक्त ने अभिभावक संघ को आश्वासन देते हुए कहा कि निजी स्कुल प्रबंधन की बैठक बुला कर पूरे मामले को देखेंगे। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष संजय साजन,सचिव भानू प्रताप सिंह,सिकंदर कुमार उपाध्यक्ष, सह सचिव अंकित कुमार यादव, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, संरक्षक नरेंद्र सिंह चंदेल, संरक्षक असीम सरकार, रमेश प्रजापति समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## तीन दिवसीय प्लास्टिक अपशिष्ट पुनर्चक्रण प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो/कोडरमा :** जिले के मरकच्चो प्रखंड सभागार में दिन मंगलवार को सुबह 10:00 बजे तीन दिवसीय प्लास्टिक अपशिष्ट पुनर्चक्रण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पैंडीस फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश सिंह एवं एचआर रीमा बोस मौजूद थी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 मार्च से 27 मार्च के बीच तक चलेगा। प्लास्टिक वेस्ट रीसायकल यूनिट हेतु प्राप्त डीएमएफटी फंड द्वारा जिले के चंद्रोडीह में प्लांट निर्माण किया जा रहा है। कचरा सैरीगेट करने से संबंधित 58 महिला एवं 6 पुरुष को प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्लास्टिक सेग्रीगेशन करने से संबंधित पैंटीस



फाउंडेशन एजेंसी द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर पैंटीस फाउंडेशन कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश सिंह ने बताया एजेंसी मुख्य मकसद यह है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इस तरह प्रशिक्षण देकर उन्हें हुनरमंद बनाया जा सके। मौके पर अरुण कुमार विश्वकर्मा, ममता देवी, सोनिया देवी, उर्मिला कुमारी, गुड़िया देवी, रंजू देवी, बिंदिया देवी, बसंती देवी, सरस्वती देवी, रीना वर्मा, ललिता कुमारी, विनोद राय, गोविंद सोरेन, किरण देवी, पूनम देवी, रिंकी देवी इत्यादि मौजूद रहे।

## 'मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु दशरथ अजर बिहारी' से गुंजा सीता राम ठाकुर बाड़ी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** जय सियाराम सत्संग समिति का तीसरा वार्षिक उत्सव सीता राम ठाकुर बाड़ी मे शुरू हुआ। इस अवसर पर विभिन्न देवी देवताओं का दरबार सजाया गया और ज्योत के साथ हनुमान चालीसा और सुन्दर कांड का आयोजन शुरू हुआ। इस दौरान एक स्वर मे मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु दशरथ अजर बिहारी से गुंजा सीता राम ठाकुर बाड़ी से मंदिर परिसर गूंजायमान हुआ। सुन्दर कांड मे शामिल महिलाएं काफी उत्साहित नजर आ रही थी। मौके पर आशा वर्णवाल,सुनीता मोदी और किरण यादव ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को घर- घर मे यह सुन्दर कांड का पाठ का आयोजन शुरू किया गया था। जो कि आज घर-घर मे सुन्दरकाण्ड और भजन के माध्यम से अलख जगाने का काम किया जा रहा है। और यह सुन्दर कांड पूरी तरह से निःशुल्क किया जाता है। और जहाँ भी सुन्दर कांड होता है वहाँ सत्संग समिति के द्वारा गौशाला कि एक दान पेटी रखी जाती और इसमें जो राशि आती है वह राशि गौशाला को उपलब्ध कराई जाती है। इधर कार्यक्रम मे भंडारे का भी आयोजन किया गया। पूजा अर्चना मे यजमान के रूप मे रूबी वर्णवाल,कंचन वर्णवाल शामिल हुए। पूजा अर्चना पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने कराई। मौके पर माया दारुका, मदुसूदन दारुका, अरुण मोदी, प्रदीप केडिया, ओम प्रकाश खेतान, अविनाश सेठ, संजय अग्रवाल,हरीश चंद्रा बर्णवाल, गोपी कृष्णा अग्रवाल, महेश दारुका,राजेंद्र वर्णवाल, संतोष मोदी, अरविन्द चौधरी, अमित खेतान, चन्द्रशेखर जोशी, विकाश कुमार, श्याम चौधरी, संजय शर्मा, चन्द्रशेखर सोनकर, सीताराम केसरी आदि मौजूद थे। वहीं दोपहर के बाद भजनो का कार्यक्रम शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहेगा।

## मस्जिद में मुकम्मल हुआ कुरआन अमन-चैन और खुशहाली की मांगी गई दुआ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा/चंदवारा :** रमजान के पाक महीने में चंदवारा प्रखंड अंतर्गत जोलहकरमा की मस्जिद-ए-अक्सा में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन-ए-करीम मुकम्मल किया गया। 23वीं रमजान की रात बड़ी संख्या में लोग मस्जिद में जमा हुए और पूरे अदब व श्रद्धा के साथ कुरआन सुनने की पाक परंपरा पूरी हुई। इस मौके पर इबादत का नूरानी माहौल देखने को मिला। 23वें रमजान से सुराह तरावीह पढ़ी जाएगी, जो चांद रात तक जारी रहेगी।

**रमजान और तरावीह की अहमियत**

इस्लाम धर्म में रमजान को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, जिसमें मुसलमान रोजा रखते हैं और रात में ईशा की नमाज के बाद विशेष नमाज तरावीह अदा करते हैं। इस दौरान कुरआन-ए-पाक को मुकम्मल करने की परंपरा निभाई जाती है, जो इबादत का एक अहम हिस्सा है। रविवार की रात जब तरावीह के जरिए कुरआन



मुकम्मल हुआ, तो पूरी मस्जिद में इख्लास और सुकून का माहौल बन गया।

**इमाम हाफि ज जमाल साहब ने बताई तरावीह की अहमियत**

इस मौके पर मस्जिद के इमाम हाफि ज जमाल साहब ने तरावीह की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि यह न केवल अल्लाह की इबादत करने का जरिया है, बल्कि कुरआन सुनने और समझने का भी एक सुनहरा अवसर होता है। उन्होंने कहा कि रमजान आत्मशुद्धि, संयम और नेक अमल का महीना है, जिसमें हर मुसलमान को अपने गुनाहों से तौबा कर अल्लाह की राह पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

# मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने पर महिलाओं ने किया जमकर हंगामा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा) :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मईयां सम्मान योजना की तीन माह की राशि नहीं मिलने पर आक्रोशित महिलाओं ने मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे ब्लॉक पहुंच कर जम कर हंगामा किया है। जिसे पूर्व जिला परिषद सदस्य पवन सिंह एवं मुखिया इरफान अंसारी सहित अन्य मौजूद लोगों ने काफी समझाने बुझाने के बाद महिलाओं को शांत कराया। मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा एक पत्र जारी कर जिन महिलाओं का राशि नहीं आया





है उनके खाते एवं अन्य त्रुटि सुधार के लिए मंगलवार को जयनगर सांस्कृतिक भवन में शिविर का आयोजन किया जाना था परंतु किसी कारणवश शिविर का आयोजन नहीं किया गया। रद्द शिविर की जानकारी महिलाओं को नहीं होने के कारण भारी संख्या महिलाओं ने पहुंच कर शिविर का आयोजन न देख जम कर हो हंगामा किया।

## एक नजर

### चोला मंडलम ने लगवाया वाटर प्यूरीफायर एवं कूलर

**कोडरमा :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कोडरमा में चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड की CSR पहल के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस परियोजना का क्रियान्वयन छडङ SWAR द्वारा किया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य झारखंड के स्कूलों में स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल की आदतों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मण यादव जिला परिषद सदस्य और मुखिया लाखो कुमारी उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य निशांत कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय में वाटर प्यूरीफायर एवं कूलर, सेनेटरी डिस्पेंसिंग मशीन की स्थापना तथा स्कूली बच्चों और समुदाय के बीच जागरूकता निर्माण के इस प्रयास की सराहना मुख्य अतिथियों द्वारा की गई। सभी ने इस पहल को बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए एक सराहनीय कदम बताया।

### लातेहार ने दुमका को 41 रनों से हराया




**कोडरमा :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले गए इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर क्रिकेट टूनार्मेंट, प्लेट ग्रुप का मैच मंगलवार को दुमका और लातेहार के बीच चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में खेला गया! पहले बल्लेबाजी करते हुए लातेहार ने 47 ओवर में अपने सभी विकेट होकर 198 रन बनाए! जिसमें गोल्डी शर्मा ने 75 और गौरव पाल ने 72 रन का योगदान दिया! गेंदबाजी करते हुए दुमका की ओर से समीर ने चार विकेट ,शुभांशु ने दो विकेट और विभू, विनय ,सौरभ ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी दुमका की टीम 36.4 ओवर में 157 रन ही बना सकी । दुमका की ओर से किशन दुबे ने 29 रन और शुभांशु ने 26 रन का योगदान दिया।

### पूर्व छात्र अक्षय कुमार सिंह ने राजस्व उप निरीक्षक बनकर धनबाद में दिया योगदान



**जयनगर /कोडरमा :** स्वामी विवेकानन्द उच्च विद्यालय बाराडीह ,जयनगर कोडरमा के पूर्व छात्र रहे अक्षय कुमार सिंह, पिता-श्री अभिमन्यु सिंह,स्थान - बाराडीह, हीरोडीह, प्रखंड जयनगर कोडरमा निवासी ने झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग रांची द्वारा आयोजित परीक्षा 2024 में राजस्व निरीक्षक के पद पर चयनित होकर धनबाद में योगदान दिया है। अक्षय कुमार सिंह के सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य राम कृष्ण यादव एवं अन्य सभी सहायक शिक्षकों ने अपार हर्ष व्यक्त किया इसके साथ ही विद्यालय परिवार के लोग इनकी उज्वल भविष्य की कामना किया है।

### श्री श्याम सेवा मंडल का चतुर्थ संकिर्तन 1 अप्रैल को

**झुमरीतिलैया :** श्री श्याम सेवा मंडल की एक आवश्यक बैठक पंजाबी धर्मशाला में आहूत की गई। इस बैठक में चतुर्थ श्री श्याम उत्सव की तैयारी जोर सोर से करने पर चर्चा की गई। मंडल के संरक्षक अविनाश कपसीमे,अध्यक्ष जोशी कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा कि चतुर्थ श्याम उत्सव मंडल 1 अप्रैल को सक्रिय सदस्य रितेश सिंह के निवास स्थान सरस्वती विद्या मंदिर के बगल गांधी हाई स्कूल रोड में है। वहां पर बाबा का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाने का निश्चय किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



**कोडरमा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान फरियादियों ने व्यक्तिगत व सामाजिक मुद्दों को उपायुक्त के समक्ष रखा जिसपर उन्होने यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने ईलाज करवाने के लिए सहायता राशि उपलब्ध कराने, सीएनटी एक्ट के तहत अनुमति, खातियानी जमीन विवाद, पीसीसी एवं गार्डवाल निर्माण करने, अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया जिसपर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का जांचोंपरान्त समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

### जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन




**कोडरमा :** बिरसा सांस्कृति भवन कोडरमा में जिला आपूर्ति विभाग के सौजन्य से जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोडरमा प्रखंड शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुणेंदु ने खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग में संचालित योजनाएं यथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, नमक वितरण योजना, चीनी वितरण योजना, धान अधिप्राप्ति योजना, आदिम जनजाति समूह डाकिया योजना, मुख्यमंत्री दाल-भात योजना, चना दाल वितरण योजना समेत अन्य योजनाओं का विस्तृत रूप से जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी खाद्य सामग्री का ऑफलाइन वितरण नहीं करेंगे। सभी प्रकार के रिपोर्ट अच्छे तरीके से उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने कहा कि खाद्य वितरण से संबंधित सभी प्रकार की योजनाओं के बारे में बारिकी से समझें। नियम एवं दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्य करें। खाद्य का वितरण करने में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं करेंगे। इस मौके पर सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेता मौजूद रहे।

### अजय विश्वकर्मा चार धाम का स्केटिंग यात्रा करने का संकल्प लेकर घर से निकले



**कोडरमा :** जिला के नवलशाही थाना अंतर्गत फुलवरिया पंचायत के बीघा के निवासी अजय विश्वकर्मा पिता संजय विश्वकर्मा अयोध्या, प्रेम मंदिर, मथुरा गौरी गोपाल आश्रम,खाटू श्याम से होते हुए वैष्णो देवी के लिए 2500 किलोमीटर स्केटिंग यात्रा कर इतिहास रचने का संकल्प लिया। मन में दृढ संकल्प हो तो लक्ष्य की मंजिल दूर नहीं,यह कहावत अजय विश्वकर्मा चरितार्थ करने चले। स्केटिंग यात्रा का शुरूआत 25 मार्च 2025 को कालीमंडा फुलवरिया के प्रांगण से प्रारंभ किया। मौके पर न्यूज स्टार भारत चैनल स्टेट ब्यूरो रामकृष्ण मेहता, अजय विश्वकर्मा के माता-पिता, वार्ड जनप्रतिनिधि प्रवीण मेहता, किशोर विश्वकर्मा, अमित विश्वकर्मा सुरेंद्र विश्वकर्मा वासुदेव विश्वकर्मा, प्रदीप साव,संजय विश्वकर्मा,लखन विश्वकर्मा, उर्मिला देवी के साथ-साथ ग्रामवासी मौजूद रहे।

### हर महिला को पता होना चाहिए कानूनी अधिकार : अर्चना ज्वाला



**कोडरमा :** सखी वन स्टॉप कोडरमा में जिला कोडरमा की महिला अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य सखी वन स्टॉप सेंटर का परिचय कार्य की रूपरेखा आप जैसी शिक्षित और कर्मठ अधिवक्ता जो समाज में अपनी पहचान बनाई हुई है। वह जिला की अन्य महिलाओं को क्या संदेश देना चाहती है जो महिलाएं आर्थिक रूप से सबल नहीं है वह महिलाएं कैसे सशक्त बने कानूनी अधिकार के आधार पर कैसे अपनी रक्षा करें ।वह अच्छा अपने शारीरिक की हो या संपत्ति की महिला मुसीबत में कैसे हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करके सहयोग प्राप्त कर सुरक्षित रह सकती है। आज महिलाओं की जागरूकता और सुरक्षा के लिए बालिका और महिला जैसे दिवस मनाया जाता है सखी वन स्टॉप सेंटर पीड़ित महिलाओं को आश्रय परामर्श चिकित्सा तथा कानूनी सहायता प्रदान करता है।

### झांसी की रानी अखाड़ा समिति की हुई बैठक

**झुमरी तिलैया/कोडरमा :** रामनवमी के शुभ अवसर पर झांसी की रानी अखाड़ा समिति एक बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता रामनवमी महासमिति के महिला विंग के अध्यक्ष योगाचार्य सुषमा सुमन के अगुवाई में हुई जिसमें एक समिति का गठान हुई समिति के अध्यक्ष पूनम बरनवाल संरक्षक गायत्री देवी और राखी सिन्हा बनी उपाध्यक्ष सोनिका देवी सीमा देवी कोषाध्यक्ष आकृति सिन्हा सचिव लक्ष्मी देवी संगठन मंत्री सुधारानी यह कमेटी सुषमा सुमन की अगुवाई में बनी समिति के सदस्य डॉ जेपीएन बरनवाल सेवा निवृत्त शिक्षक नारायण सिंह विनीत कुमार विजय मोदी प्रदीप कुमार सुमन अशोक कुमार बरनवाल रामचंद्र यादव संदीप कुमार रजीत पंडित राजेश कुमार सुषमा सुमन ने बताई की झांसी की रानी अखाड़ा समिति इस बार सैकड़ो मां बहन बेटी लोग प्रतिभागी बनेंगे और यह प्रशिक्षण देने वाले कोलकाता से आएंगे और 28 ,3, 2025, से 6,4 , 2025 तक चलेगी, जो सीखना चाहेंगे यह प्रशिक्षण ग्रैंड सूर्या होटल के पास होगा, सुषमा सुमन ने बताई की बेटियों लोग को आत्म सुरक्षा से लेकर राष्ट्र सुरक्षा तक आत्मनिर्भर बने यह कार्यक्रम लगातार दूसरी बार है और कार्यक्रम चलेगी सुबह 5:00 से 7:30 बजे तक बैठक में उपस्थित निक्की मिश्रा नेहा बरनवाल पलक मोदी पूनम रानी दिलीप कुमार विशाल यदुवंशी डॉक्टर नारायण शर्मा सभी लोग हाथ उठाकर शपथ लिए की झांसी की रानी अखाड़ा समिति को पूरा सहयोग करेंगे।

एक नजर


### किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना के बड़ी कोदरर्जन्ना में बीते सोमवार की रात्रि किशोर ने अपने ही घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला। मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी कोदरर्जन्ना गांव निवासी बिलास मंडल के 17 वर्षीय पुत्र विपिन मंडल सोमवार को लगभग 8:30 बजे खाना खाने के बाद अपने रूम चला गया और रूम को अंदर से बंद कर लिया। मृतक के पिता किसी बात को लेकर उसे उठाने के लिए गया तो दरवाजा नहीं खोल रहा था। पिता ने किसी तरह से दरवाजा खोला इसके बाद देखा तो बास के बल्ली में साड़ी के सहारे फांसी के फंदे से पुत्र का मृत शव लटका हुआ है। वही मृतक किशोर दो बहन एक भाई को अपने पीछे छोड़ गए। परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**साहिबगंज/राजमहल:** थाना क्षेत्र के उधवा राजमहल मुख मार्ग पर जामनगर के पास सोमवार की देर रात्रि मोटरसाइकिल के चपेट में आने से मोटरसाइकिल चालक सहित राहगीर घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जामनगर निवासी 45 वर्षीय गोपाल मंडल अपने घर से सड़क के उस पार जाने के लिए सड़क पार कर रहा था, उसी दौरान राजमहल की ओर से जा रहे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर उक्त व्यक्ति को धक्का मार दिया जिससे मोटरसाइकिल चालक और गोपाल मंडल बीच सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। गोपाल मंडल के उनके परिजनों के द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार मोटरसाइकिल चालक को गंभीर अवस्था में उनके परिजनों के द्वारा इलाज के लिए पश्चिम बंगाल ले जाया गया है। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी। वहीं दूसरी ओर तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के भबनगामा के पास अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार दरला निवासी मनोज महतो के 19 वर्षीय पुत्र रवि महतो कल्याण चक के तरफ से काम कर सोमवार की देर रात्रि घर लौट रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर भबनगामा मोड़ के पास सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया।

### जनता दरबार में पहुंचे लोगों के मामलों पर उपायुक्त ने की सुनवाई



**पाकुड़ :** ज़िले में मंगलवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में आपूर्ति विभाग से संबंधित, शिक्षा विभाग से संबंधित, जमीन आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

# 33 खनन पट्टाधारियों को पाकुड़ प्रशासन ने भेजा नोटिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** ज़िले के पत्थर खदान के लिए लीज एकरारनामा के दौरान गलत मूल्यांकन कर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाने वाले 33 पत्थर व्यवसायियों के खिलाफ जिला प्रशासन सख्त हो गया है। गलत मूल्यांकन कर स्टाम्प ड्यूटी एवं निबंधन प्रभार में अल्पारोहन के मामले में उपायुक्त सह जिला निबंधक मनीष कुमार के निर्देश पर पाकुड़ जिला के 33 पत्थर व्यवसायियों से 1 करोड़ 71 लाख 45 हजार 737 की वसूली की कार्रवाई शुरू की गई है। जिला विधि शाखा के प्रभारी पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी ने संबंधित 33 खनन पट्टाधारियों को गलत मूल्यांकन कर मुद्रांक एवं निबंधन शुल्क की बकाया राशि को जमा करने के लिए नोटिस निर्गत किया है। जिन पत्थर कारोबारियों को मुद्रांक एवं निबंधन शुल्क राशि वसूली को लेकर नोटिस जारी किया गया है उनमें बालेश्वर स्टोन वर्क्स, महादेव स्टोन वर्क्स, अतानु सिन्हा, मेसर्स एनएस एंड सन्स कॉरपोरेशन, चाचा भतीजा स्टोन वर्क्स, खपड़ाजोड़ा माइंस के जय किशन लखमानी, मेसर्स अजहर इस्लाम, मेसर्स जेल दास कंपनी, मेसर्स बसंत स्टोन वर्क्स, मेसर्स अब्दुल हक दादा भाई स्टोन वर्क्स, मेसर्स महादेव स्टोन प्रोडक्ट, सतीश कुमार लखमानी, मोरफुल शेख, पीसी पांडेय, इशहाक शेख, प्रदीप भगत, नेशनल स्टोन वर्क्स, प्रकाश चौधरी, रागदा मुर्मू, खपड़ाजोला स्टोन माइंस के श्याम मध्यान, सुंदर पहाड़ी स्टोन माइंस के मुख्लेसर आलम, रेहाना सुल्तान, हीरालाल भगत आदि शामिल है। महालेखाकार द्वारा अंकेक्षण के दौरान स्टाम्प ड्यूटी और निबंधन प्रभार में अल्पारोहन का मामला प्रतिवेदित करते हुए वसूली का निर्देश दिया गया था। जिला अवर निबंधक विकास कुमार त्रिवेदी द्वारा स्टाम्प ड्यूटी एवं निबंधन प्रभार की राशि वसूली को लेकर 33 बकायेदारों को भारतीय मुद्रांक अधिनियम 1899 की धारा 47 (ए) के तहत उपायुक्त न्यायालय में मामला दायर कराया गया और उपायुक्त के न्यायालय में सभी बकायेदार भागीदार खनन पट्टाधारियों जिन्होंने गलत तरीके से लीज एकरारनामा के लिए कराई रजिस्ट्री के दौरान गलत मूल्यांकन का स्टांप ड्यूटी एवं निबंधन शुल्क का नुकसान सरकार को पहुंचाया था को नोटिस निर्गत करते हुए बकाया राशि जमा करने का आदेश जारी किया गया है। समय पर मुद्रांक एवं निबंधन शुल्क की बकाया राशि जमा नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की हिदायत दी गई है। जिन 33 खनन पट्टाधारियों को स्टांप ड्यूटी व निबंधन शुल्क में अल्पारोहन को लेकर वसूली के लिए कारवाई शुरू की गई है उनमें से लगभग 30 प्रतिशत पट्टाधारियों द्वारा उत्खनन का काम लीज की अवधि खत्म होने के बाद बंद कर दी गई है। जबकि अधिकांश पट्टाधारियों द्वारा उत्खनन का काम लीज की अवधि खत्म होने के बाद बंद कर दी गई है। जबकि अधिकांश पट्टाधारियों द्वारा आज भी अपने लीज एरिया में पत्थरों का उत्खनन के साथ-साथ उसका संप्रेषण भी किया जा रहा है। झारखण्ड राज्य अलग बनने के लिए खासकर लीज एकरारनामा के लिए कराये गये निबंधन में मुद्रांक और निबंधन फीस में पाई गई कमी को लेकर पट्टाधारियों से वसूली की कार्रवाई करने का जिला में पहली बार हो रही है।

## गंगा जल के लिए सैंपल व मानकों के अनरूप शुद्धिकरण की होगी जांच



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** गंगा नदी की स्वच्छता और जल शुद्धता के उद्देश्य से बनाये गये सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली की जांच के लिए मंगलवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम निरीक्षण में पहुंची। साहिबगंज में गंगा नदी की स्वच्छता और जल शुद्धता की निगरानी के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। टीम ने जूडको के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ मिलकर शहर में संचालित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का बारीकी से जायजा लिया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह देखना था कि शहर की नालियों से निकलने वाला गंदा पानी ट्रीटमेंट के बाद गंगा में किस स्तर तक स्वच्छ होकर छोड़ा जा रहा है। ट्रीटमेंट प्लांट और नालों से लिए गए पानी के सैंपल निरीक्षण टीम में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरए-1 याकूब अली और संगीता सोनार, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से दुमका के प्रदूषण वैज्ञानिक रामदेव साहनी तथा जूडको के स्थानीय पदाधिकारी सुधांशु सेन, राजेश कुमार सिंह और गोपाल मंडल शामिल थे। टीम ने कबूतरखोपी चानन और घोड़माड़ा पुल स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया और वहां घंटों तक रहकर पानी के ट्रीटमेंट की प्रक्रिया का अवलोकन किया। टीम ने ट्रीटमेंट प्लांट में आने वाले पानी और वहां से शुद्ध किए गए पानी के सैंपल एकत्र किए। इसके अलावा गंगा नदी से जुड़े विभिन्न नालों जैसे झरना नाला, गोपालपुल समीप नाला और अन्य स्त्रोतों से भी पानी के नमूने लिए गए।

# उपायुक्त ने की समाज कल्याण विभाग के योजनाओं की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समाज कल्याण विभाग, जिला बाल कल्याण और बाल संरक्षण कमिटी के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया और संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों को अब तक नहीं भरने पर जल्द भरने को कहा गया। बैठक में समाज कल्याण विभाग द्वारा बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से हो रहे आंगनबाड़ी निर्माण की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक बिजली कनेक्शन नहीं है, वहां जल्द से जल्द विद्युतीकरण सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पोषण ट्रैकर ऐप, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना और आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन सुचारू रूप से संचालित हों। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन केंद्रों की जियो-टैग की गई तस्वीरें संबंधित ग्रुप में भेजी जाएं, जिससे नियमित निगरानी संभव हो सके। इसके साथ ही सेविका एवं सहायिका के रोस्टर तैयार करने और रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, प्रखंड बाल संरक्षण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विधि व्यवस्था संधारण में बाधा उत्पन्न करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी : प्रभात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से जिले की विधि-व्यवस्था से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि आगामी दिनों में रमजान, ईद और रामनवमी, चैती नवरात्र, सरहुल आदि का आयोजन होना है। इसके लिए आवश्यक है कि जिलेभर में उचित विधि व्यवस्था का संधारण सुनिश्चित किया जाए। विशेष कर वैसे स्थान जहां पर्व के अवसर पर लोगों का अधिक जूटान होता है, उन जगहों को पूर्व से ही चिन्हित करते हुए सुरक्षा से संबंधित तमाम इंतजाम को बहाल किया जाए। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अपने कर्तव्य क्षेत्र में उपस्थित एवं तत्पर रहने का निर्देश भी दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों का दायित्व है कि क्षेत्र अंतर्गत संचालित सभी तरह के अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखें। साथ ही रामनवमी जुलूस में जो रूट पहले से चलता आ रहा है, वहीं रुट निर्धारित रहेगा। पर्व के दौरान कोई भी अश्लीलता गाना न बजे इसका विशेष ध्यान रखें संबंधित पदाधिकारी। उपायुक्त ने उत्पाद विभाग को अवैध शराब को लेकर निरंतर छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। जुलूस के दिन स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग को एक्टिव रहने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी संवेदनशील स्थलों की लगातार निगरानी रखने और उपद्रवियों से निपटने के लिए कारगर कदम उठाते हुए विधि-व्यवस्था को हर हाल में चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी।

## रामनवमी, ईद-उल-फितर और सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड/अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी, ईद पर्व और सरहुल को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रमोद गुप्ता, सीओ औसफ अहमद खान, सार्वजनिक बजरंगबली मंदिर के अध्यक्ष मंटु भगत मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि रामनवमी जुलूस की सूचना आज संध्या बैठक के बाद थाने को लिखित रूप में दे दी जायेगी। वहीं ईद उल फितर पर्व को लेकर चांद की रात से लेकर नमाज पढ़ने का समय सुबह आठ बजे से लेकर लगभग दस बजे तक हाइवा या कोल वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। वहीं थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा ने बताया कि पुलिस की निगरानी चप्पेझचप्पे पर रहेगी। सोशल साइट पर पुलिस की नजर रहेगी। यदि कोई भड़काऊ मैसेज या वीडियो फोटो डालता है तो उसे चिन्हित कर कार्यवाही की जाएगी। वहीं मंटु भगत ने कहा कि पहले की भांति सभी त्यौहार हम लोग जिस तरह आपस में प्यार व्यवहार से पर्व मनाते आ रहे हैं उसी तरह इस बार भी हंसी खुशी दोनों पर्व मनाया जाएगा। आपको बता दें कि अमड़ापाड़ा का इतिहास रहा है कि किसी भी पर्व में कोई व्यवधान उत्पन नहीं होता है। यहां किसी तरह का किसी भी पर्व में कोई घटना घटित नहीं होती है। मौके पर मुखिया गयालाल देहरी, मंटु भगत, संतोष भगत, मजहर मियां, प्रमोद भगत के अलावा थाना कर्मी, स्थानीय मीडियाकर्मी और ग्रामीण शामिल थे।

# विधायक प्रतिनिधि ने जनता की समस्याओं का किया समाधान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरहरवा :** प्रत्येक मंगलवार की तरह आज मंगलवार को बरहरवा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए आम जनों असीफा अंजुम, अंजुम परवीन, सलमा खातून, मजहारूल हक, रिंकी दास, रुखसाना खातून, स्वीटी खातून, तसकीना खातून, टीना खातून, इशरत खातून, तालामय मरांडी, शाहजहां शेख, सबीना यास्मीन, मोईन अंसारी, अजीजुर रहमान, इत्यादि की समस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान। ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर पंचायत से आए पुरुष एवं महिलाओं ने विधायक कक्ष में मंईयां सम्मान योजना संबंधित शिकायत, पेंशन संबंधित शिकायत, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि न मिलने की शिकायत, ग्रीन कार्ड न बनने की शिकायत, जाति, आय, निवास से संबंधित शिकायत विधायक प्रतिनिधि से की। बरकत खान ने जनता दरबार में आऐ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को सुना। सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच व त्वरित समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। वहीं बरकत खान ने मंईयां सम्मान योजना के लाभुको को सरकार द्वारा दी गई गाइडलाइन से अवगत कराया, बताया कि कई महिलाओं के बैंक खातों में तकनीकी गड़बड़ी के कारण पैसा नहीं पहुंचा बैंक खाते का आधार से लिंक न होना एवं डीबीटी लिंक न होना झ जिन महिलाओं के खाते आधार से लिंक नहीं थे, उनमें भुगतान नहीं हो पाया नाम की स्पेलिंग त्रुटि, राशन कार्ड, आधार कार्ड और बैंक खाते में नाम अलग-अलग होने से पैसा अटक गया। गलत बैंक खाता नंबर ऑनलाइन आवेदन के दौरान कई लाभुकों ने गलत खाता नंबर दर्ज कर दिया, जिससे पैसा ट्रांसफर नहीं हो सका। सरकार ने इन त्रुटियों को ठीक करने का काम शुरू कर दिया है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आगामी त्योहारों से पहले सभी लाभुकों के खाते में पैसा पहुंच जाए। वही विधायक कक्ष में आए ग्रामीणों ने बरकत खान के पास गुहार लगाई की हम लोग के प्रखंड में आधार अपडेट का काम कहीं नहीं हो रहा है इसके कारण हम लोगों को बहुत से समस्या का सामना करना पड़ रहा है, बरकत खान ने डीडीसी साहिबगंज से वातालर्प कर आधार अपडेट की समस्या से अवगत कराया,डीडीसी ने बहुत जल्द ही बरहरवा प्रखंड में कैंप के माध्यम से आधार अपडेट का काम कराने का आश्वासन दिया। साथ ही बरकत खान ने बताया कि जनता दरबार के माध्यम से प्रत्येक मंगलवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनते हैं क्योंकि क्षेत्र के लोगों को विधायक कक्ष से एक उम्मीद है कि यहां जाने से हमारी समस्या का समाधान अवश्य होगा। पाकुड़ विधानसभा की लोकप्रिय विधायक निसात आलम का भी सख्त निर्देश है कि जो भी लोग अपनी समस्या लेकर विधायक कक्ष में आते है ,उनके समस्या का निस्वार्थ भाव से समाधान किया जाए। बरकत खान ने बताया कि हम लोग कुछ समस्याओ का ऑन द स्पॉट समाधान करवा देते हैं एवं कुछ समस्या अगर अधूरा रह जाता है।

संक्षिप्त खबरें

### ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवक को मारी धक्का, दो घायल, एक की मौत



**साहिबगंज:** जिले में इन दिनों सड़क दुर्घटना काफी बढ़ गई है।आए दिन किसी न किसी का सड़क दुर्घटना की चपेट में आने से मौत हो जाती है। ताजा मामला मंगलवार की है जहां जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बोहा के पास मंगलवार को सड़क हादसा में एक नेपाली युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य यूवक बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक नेपाल के झापा जिला के विराट नगर के रहने वाला यूनिक क्यू था। जबकि मृतक के साथ उसका दो अन्य साथ नेपाल झापा जिला के विराट नगर के रोहन व नेपाल के ही मोरंग के रहने वाला कृष्णा शर्मा है। कृष्णा शर्मा ने बताया कि वे तीनों साथी यहां पूर्वी रेलवे फाटक स्थित एक में काम करता है। जहां मंगलवार को घूमने के लिए मोटरसाइकिल से तीनों साथी एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर गया था। वापसी में लौटने के दौरान एक ट्रक ने ओवरटेक करने के दौरान धक्का मार दिया। जहां मोटरसाइकिल असंतुलित होकर पलट गया। जहां यूनिक क्यू को गंभीर चोटें लगने से मौके पर ही मौत हो गई है। वही मृतक के साथी ने बताया कि मोटरसाइकिल रोहन चला रहा था। जिरवाबाड़ी थाना ने केस दर्ज कर पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### आवासीय विद्यालय के दो बच्चों को विद्यालय प्रशासन ने बिना अभिभावक के घर भेजा



**साहिबगंज/बोरियो:** प्रखंड के चांदवासी स्थित अनु. जन जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय के कक्षा एक एवं दो के दो छात्रों को विद्यालय प्रशासन ने बिना अभिभावक के जिम्मा लगाए, उनके घर भेज दिया। दोनों बच्चे पैदल ही चांदवासी से अपने घर जेटके कुम्हारजोरी पंचायत के करमाटांड एवं कामोगोडा के लिए चल पड़े। दोनों बच्चों में एक का नाम सामयेल पहाड़िया पिता बुधना पहाड़िया करमाटांड का रहने वाला है। जो अनु जन जाति आवासीय विद्यालय चांदवासी कक्षा दो में पढ़ता है। दूसरा बच्चा सुमन पहाड़िया पिता देवा पहाड़िया कामोगोडा का रहने वाला है। दोनों बच्चों को पथरा ओवर ब्रीज के पास पैदल जाते देख एक ऑटो चालक ने अपने ऑटो में बैठकर चालधोवा गांव तक छोड़ दिया। सामयेल पहाड़िया ने पूछताछ के क्रम में बताया कि उसका दोस्त सुमन पहाड़िया को बुखार आने पर घर जाने छुट्टी मांगी। विद्यालय की ओर से घर जाने की अनुमति मिल गई। लेकिन सबसे आश्चर्य की बात यह है कि विद्यालय प्रशासन ने लापरवाही बरतते हुए बिना अभिभावक के जिम्मा लगाए ही दोनों बच्चों को उनके घर भेज दिया। विद्यालय से दोनों बच्चों के घर की दूरी करीब 10 से 15 किलोमीटर है। सवाल उठता है कि विद्यालय प्रशासन ने लापरवाही बरतते हुए बिना अभिभावक को जिम्मा दिए दोनों बच्चों को उनके घर के लिए भेज दिया। इस संबंध में जब अनु जन जाति आवासीय विद्यालय चांदवासी के प्रधानाध्यापक से दूरभाष पर संपर्क करना चाहा तो संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।

### अवैध गैस सिलेंडर कारोबार का भंडाफोड़, 16 सिलेंडर और 150 गैस कनेक्शन कार्ड बरामद



**साहिबगंज:** जिला उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर अपर समाहर्ता गौतम भगत के नेतृत्व में आज मोहल्ला छोटा पंचगढ़ में छापेमारी कर अवैध गैस सिलेंडर कारोबार का खुलासा किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में दो निजी आवासों से कुल 16 सिलेंडर और 150 से अधिक गैस कनेक्शन कार्ड बरामद किए गए।छापेमारी के दौरान सुधिर कुमार साह के घर से 14 किलो के 12 सिलेंडर और 19 किलो के 4 सिलेंडर जब्त किए गए। वहीं रधुविर साह के आवास से 14 किलो के 4 सिलेंडर बरामद हुए। पदाधिकारियों के अनुसार बिना अनुमति के घरेलू और व्यावसायिक सिलेंडरों का भंडारण और वितरण किया जा रहा था। जिला प्रशासन ने अवैध गैस सिलेंडर कारोबार को लेकर कड़ी कार्रवाई की बात कही है। आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित पदाधिकारियों को दें।

### कालाजार को लेकर धारसुड़ी गांव में रात्रि चौपाल का हुआ आयोजन



**पाकुड़:** ज़िले में कीटनाशक छिड़काव से पूर्व जन जागरूकता हेतु पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत कालाजार अति प्रभावित धारसुड़ी गांव में सोमवार देर शाम स्वास्थ्य विभाग ने रात्रि चौपाल लगाई। चौपाल में उपायुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ के.के.सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पाकुड़, पीरामल फाउंडेशन के कर्मी एवं डब्लूएचओ के जिला प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित हुए। मौके पर उपायुक्त ने ग्रामीणों को कीटनाशी छिड़काव सभी कमरों में कराने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कालाजार बीमारी के बारे में और कीटनाशी छिड़काव से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। साथ ही उपायुक्त ने 2024 वर्ष में प्रतिवेदित कालाजार मरीज से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। प्रतिवेदित कालाजार मरीज ने भी सभी ग्रामीणों को अपने अपने घरों में कीटनाशी छिड़काव कराने हेतु प्रेरित किया। उपायुक्त ने ग्रामीणों को कहा कि आईआरएस छिड़काव के लिए छिड़काव कर्मियों का पूरा सहयोग करें एवं दूसरों को भी प्रेरित करें कि व छिड़काव में सहयोग करें। उन्होंने सभी ग्रामीणों से आईआरएस छिड़काव में अपना सहयोग कराते हुए वैसे जगह जहां कालाजार वाहक बालू मक्खी का प्रकोप हो सकता है वहां निश्चित छिड़काव कराएं।

# राहुल गांधी के साथ बिहार कांग्रेस के नेताओं की बैठक

## दिल्ली में MP-विधायक और पार्टी के बड़े नेता होंगे शामिल, विधानसभा चुनाव पर होगी चर्चा

**पटना।** दिल्ली में आज बिहार कांग्रेस के नेताओं की बड़ी बैठक बुलाई गई है। इसे लेकर पार्टी के सभी सांसदों, विधायकों और विधान पार्षदों को दिल्ली बुलाया गया है। बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और प्रभारी कृष्णा अल्लावरू भी शामिल होंगे। बैठक 2 बजे, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के सीनियर लीडर राहुल गांधी के नेतृत्व में होगी। ये बैठक अचानक बुलाई गई है। बिहार कांग्रेस के बड़े नेताओं ने बैठक के एजेंडे पर फिलहाल कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया है। उन्हें दिल्ली बुलाया गया है और वे जा रहे हैं। वहां किस मुद्दे पर बातचीत होगी, इसकी कोई जानकारी नहीं है। इससे पहले कांग्रेस संगठन की एक बड़ी बैठक सोमवार को पार्टी




के प्रदेश मुख्यालय में हुई थी। इसमें प्रदेश प्रभारी कृष्ण अल्लावरू ने विधायकों और जिलाध्यक्षों से संगठन में फेरबदल को लेकर चर्चा की थी। प्रदेश कांग्रेस में हुए फेरबदल और अखिलेश सिंह की छुट्टी के बाद ये पहली बैठक बुलाई गई है। सूत्रों की मानें तो इसमें राहुल गांधी संगठन को एक्टिव करने और विधानसभा चुनाव में गठबंधन के अलग-अलग मुद्दों पर बात कर सकते हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, ये समीक्षा बैठक 12 मार्च को ही होनी थी, लेकिन तब अचानक बैठक को रद्द कर दिया गया था। इसके बाद पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह की छुट्टी कर उनकी जगह राजेश राम के हाथ में प्रदेश कांग्रेस की कमान दी। इस फेरबदल के बाद अब ये बैठक बुलाई गई है। विधानसभा चुनाव से पहले बिहार कांग्रेस के भीतर हो रहे बदलाव को सीट शेयरिंग से जोड़कर देखा जा रहा



है। ऐसा कर कांग्रेस गठबंधन में राजद पर दबाव बनाना चाहती है। इस बार भी कांग्रेस हर हाल में पिछली बार की तरह 70 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। कांग्रेस की प्रेशर पॉलिटिक्स को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 70 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 19 सीट पर जीत हासिल की थी। इसके बाद तेजस्वी यादव ने कांग्रेस पर हार का ठीकरा फोड़ा था। तेजस्वी ने कहा था कि अगर कांग्रेस को कम सीटें दी जाती तो राज्य में महागठबंधन की सरकार बन जाती। एक दिन पहले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था। इस आयोजन में कांग्रेस की एकमात्र विधायक प्रतिमा दास शामिल हुई थीं। जबकि पार्टी के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश राम से लेकर प्रदेश प्रभारी कृष्ण अल्लावरू तक सभी शाम तक पटना में ही थे, लेकिन इफ्तार पार्टी में नहीं पहुंचे। इसके बाद कृष्ण अल्लावरू देर शाम दिल्ली के लिए रवाना हुआ थे। विधायकों ने सदन के बजट सत्र में हिस्सा भी लिया था। इसके बाद भी इन्होंने लालू के कार्यक्रम से दूरी बनाई। कांग्रेस नए प्रदेश प्रभारी की घोषणा हुए लगभग एक महीने का वक्त बीत चुका है। इस दौरान ज्यादातर समय वे बिहार में ही बीता रहे हैं। इसके बाद भी कृष्ण अल्लावरू की राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और गठबंधन दल के नेता तेजस्वी यादव से किसी प्रकार की कोई मुलाकात नहीं हुई है। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस नेता कन्हैया बिहार में पलायन रोको रोजगार दो यात्रा पर हैं। वे 9 दिन में लगभग 8 जिले की यात्रा पूरी कर चुके हैं। बैठक में इस यात्रा के इंपैक्टर पर भी चर्चा हो सकती है।

## बच्चे को बचाने में गिरा बाइक सवार

**जमुई।** के गिद्धौर में रविवार रात एक बाइक सवार युवक सड़क पर अचानक आए बच्चे को बचाने के प्रयास में संतुलन खो बैठा और वह सड़क किनारे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बादस्थानीय लोगों ने उसे दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायल की पहचान गिद्धौर थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव निवासी मंटु यादव(18) के रूप में हुई है। जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी सामने आई। अस्पताल में स्ट्रेचर तक उपलब्ध नहीं था। परिजनों को मजबूरन घायल को गोद में उठाकर इमरजेंसी वार्ड ले



जाना पड़ा।घायल के भाई मुरारी यादव ने बताया कि उनका भाई सामान्य गति से बाइक चला रहा था। गिद्धौर पोस्ट ऑफिस के पास अचानक एक बच्चा सामने आ गया। बच्चे को बचाने के प्रयास में वह गिर गया। सिर में आई गंभीर चोट डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट के कारण युवक को सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया।

## सीएम नीतीश पर तंज, 'तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके

**पटना।** में विधानसभा चुनाव से पहले आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। चुनावी बयानबाजी के साथ-साथ पोस्टर वार भी शुरू हो गया है। पटना में एक बार फिर राबड़ी देवी के आवास के बाहर पोस्टर लगाया गया है। इसमें NRC और वक्फ संशोधन बिल को लेकर सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। पोस्टर पर मुख्यमंत्री की तस्वीर के साथ लिखा, 'तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके....। NRC पर हम तुम्हारे साथ




नहीं। WAQF पर तो बिल्कुल भी साथ नहीं। वोट लेंगे तुम्हारा लेकिन साथ नहीं देंगे।' पोस्टर आरजेडी नेता और जहानाबाद मखदुमपुर से पूर्व जिला पार्षद संजू कोहली की ओर से लगाया है। इससे पहले 23 मार्च को राबड़ी देवी के आवास के बाहर मुख्यमंत्री को लेकर एक पोस्टर लगाया गया था। इसमें नीतीश कुमार को नॉन सीरियस सीएम बताया गया था। पोस्टर पर मुख्यमंत्री की तस्वीर के साथ लिखा, 'द नॉन सीरियस चीफ मिनिस्टर, जन गण मन अधिनायक जय हे नहीं, कुर्सी कुर्सी कुर्सी कुर्सी जय हे।' हालांकि ये पोस्टर किस संगठन की ओर से लगाया था। इसका कोई जिक्र नहीं किया था। किसी राजनीतिक दल या संगठन का नाम इस पर नहीं लिखा गया था।22 मार्च को भी राबड़ी देवी के आवास के बाहर एक पोस्टर लगाया था। जिसमें नीतीश कुमार को 'खलनायक' बताया गया था। पोस्टर पर लिखा था, 'नायक नहीं, जी हां मैं हूं खलनायक। हां, मैंने किया है महिलाओं का अपमान। गांधी जी का किया है अपमान। अब हो गया है राष्ट्रगान का अपमान। जी हां, मैं हूं खलनायक।'

## शराब मामले में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला

**बगहा।** के सेमरा थाना स्थित दढ़िया गांव में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर ग्रामिणों ने हमला कर दिया। जिसमें दो पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। बताया गया कि छापेमारी में सुपनेखा नाम की एक लड़की की नाक बुरी तरह कट गई, जिसे लेकर इलाके में गुस्सा फूट पड़ा। जैसे ही ग्रामीणों ने नाक से बहते खून का फव्वारा देखा, उन्होंने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया और गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। जानिए क्या है पूरा मामला? बगहा उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर प्रभुनाथ सिंह ने बताया कि उन्हें गांव में अवैध शराब बनाने की



सूचना मिली थी। इसी के आधार पर पुलिस की एक टीम गठित कर छापेमारी के लिए भेजी गई। लेकिन जैसे ही पुलिस गांव में पहुंची, ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस झड़प में दो पुलिसकर्मी जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुपनेखा की मां कोशीला देवी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी बेटी की बेरहमी से पिटाई की गई। जिसमें उसकी नाक बुरी तरह कट गई। उन्होंने कहा, मेरे पति पुलिस की रात में छापेमारी का विरोध कर रहे थे। तभी पुलिस ने उन पर हमला कर दिया। जब मेरी बेटी उन्हें बचाने गई, तो पुलिस ने उसे भी पीट दिया, जिससे उसकी नाक से खून बहने लगा। जैसे ही गांववालों ने सुपनेखा की कटी हुई नाक और खून से सनी हालत देखी, उनका गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने पुलिस टीम को घेर लिया और जमकर पथराव किया। इस दौरान पुलिस की गाड़ियां भी तोड़ी गईं। हमला करने वालों पर होगी कार्रवाई इंस्पेक्टर प्रभुनाथ सिंह ने कहा कि छापेमारी के दौरान पुलिस पर हमला हुआ, जिसमें उनके दो जवान घायल हो गए।

## गया को केंद्र सरकार की सौगात, मिला 'कला ग्राम

**गया।** प्रदेश के ऐतिहासिक और धार्मिक राजधानी शहर गया को केंद्र सरकार से बड़ी सौगात मिली है। संस्कृति मंत्रालय ने यहां 'कला ग्राम' स्थापित करने की अपनी मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में यह योजना बिहार की सांस्कृतिक विरासत को और सशक्त बनाएगी। इसके तहत गया और पटना में कला ग्राम विकसित किए जाएंगे। इससे कला क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय कलाकारों को राष्ट्रीय फलक पर अपनी मुकम्मल पहचान बनाने के भी अवसर मिलेंगे। संस्कृति मंत्रालय के सचिव अरुनीश चावला ने राज्य



<ठक्कुली>सरकार को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि गया और पटना में कला ग्राम के लिए 5 से 10 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई जाए। यह जमीन फ्रीहोल्ड या लीजहोल्ड किसी भी रूप में हो सकती है, लेकिन इसे पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखकर ही चुना जाना चाहिए। जमीन मिलते ही केंद्र सरकार इसके निर्माण, रखरखाव और संचालन का पूरा खर्च उठाएगी।

## 1 अप्रैल से स्कूलों में ऑटो, ई-रिक्शा बैन

**पटना।** बिहार पुलिस मुख्यालय के यातायात प्रभाग ने सभी जिले के रढ और रढ को स्कूलों में चल रहे ऑटो, ई-रिक्शा पर सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। ऐसे में जिन स्कूलों में अभी भी बच्चे ऑटो, ई-रिक्शा से आते जाते दिखेंगे, वैसे वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई होगी। यह आदेश अगले 1 अप्रैल 2025 से पूरे राज्य के सभी स्कूलों के लिए प्रभावी होगा। बच्चों के हित में उठाया गया कदम पुलिस मुख्यालय के यातायात प्रभाग ने बच्चों के हित में यह कदम उठाया है। पुलिस मुख्यालय के यातायात प्रभाग को सूचना मिली थी कि अभी भी स्कूली वाहन के तौर पर नियमों की अनदेखी करते हुए धड़ल्ले से ऑटो, ई रिक्शा का इस्तेमाल किया



जा रहा है। जिससे सड़क दुर्घटना होने की संभावना अधिक है। इसलिए इसे प्रतिबंधित कर दिया गया है। मुख्यालय की ओर से कहा गया है कि किस तरह से इस दिशा में कार्रवाई की जा रही है, अब तक क्या कार्रवाई हुई, इससे संबंधित जानकारी भी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। लोगों, स्कूलों, अभिभावकों को जागरूक करने के लिए मुख्यालय की ओर से प्रचार कर कराने का भी निर्देश दिया गया

## घर से चोरी मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार, गहने बरामद

**मुंगेर।** से एक लव जिहाद का मामला सामने आया है। जहां एक महिला के दूसरे पति ने उसके जेवरात और नकदी लेकर फरार होने के बाद पीड़िता को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। पीड़िता ने बताया कि वह पहले घरों में काम करती थी। जहां उसकी पहली शादी मुकेश यादव नाम के व्यक्ति से हुई थी। इस शादी से उनके चार बच्चे भी हैं। मुकेश शराब तस्करी में लिप्त था, जिस कारण पुलिस अक्सर घर पर छापेमारी करती थी। पुलिस की धमकियों से परेशान होकर महिला ने पति को छोड़ दिया। 6 महीने



पहले दिल्ली से लौटे थे दोनों जनवरी 2024 में सफियाबाद के महम्मदपुर सिंधिया निवासी मोहम्मद इफान (32) ने महिला को प्रेम जाल में फंसाया। महिला ने मंदिर में इफान से दूसरी शादी कर ली। छह महीने पहले इफान पीड़िता को दिल्ली ले गया। वहां कुछ दिन रहने के बाद दोनों मुंगेर लौट आए। यहां वे कासिम बाजार थाना क्षेत्र के अंबे चौक के पास किराए के कमरे में रहने लगे।पीड़िता ने बताया कि पिछले 10 दिनों से उसका पति कमरे पर नहीं आया। जांच में पता चला कि वह महिला के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गया है। महिला को जब अपने पति पर शक हुआ तो वह लगातार उसे फोन करने लगी। सोमवार की शाम उसके पति ने महिला को कोतवाली थाना क्षेत्र के नीलम चौक के पास मिलने के लिए बुलाया। जब महिला नीलम चौक के पास अपने पति के पास मिलने के लिए आई और उसे जब जेवरात के बारे में पूछ रहा था करने लगे तभी पति-पत्नी के बीच नोक झोंक हुई और वह मौके पर से भागना चाह रहा था जिसके बाद पत्नी ने उसे पकड़ लिया और शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद और सभा को शुभ स्थानीय लोग मौके पर जुटे लेकिन मुस्लिम एरिया होने के कारण स्थानीय मुस्लिम समाज के लोगों ने उसके पति को वहां से भगा दिया तभी सूचना पर पहुंची कोतवाली थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। अस्पताल की सूचना पर कोतवाली थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# 'इस बेचारी का क्या है, पति हटा तो सी.एम बनाया

**पटना।** बिहार विधानमंडल में आरक्षण के मुद्दे को लेकर आज मंगलवार को हंगामा हुआ। राजद के विधायक और MLC ग्रीन कलर की टीशर्ट पहनकर पहुंचे हैं। टीशर्ट पर लिखा है- 'तेजस्वी सरकार के समय बिहार में बढ़ी 65 फीसदी आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल करो।' 'आरक्षण चोर BJP-NDA जवाब दो।' विधान परिषद में विपक्षी सदस्यों के टीशर्ट को देखकर मुख्यमंत्री भड़क गए। उन्होंने टीशर्ट पर लिखे स्लोगन को पढ़ते हुए राबड़ी देवी से बैठने को कहा। सीएम ने कहा- 'आपका क्या है, सब आपके हसबैंड का किया हुआ है। इस बेचारी को कुछ पता है। मैं तो यही पूछ रहा हूं कि क्यों इसे (स्लोगन वाले टीशर्ट) पहन कर आए हैं।' इस दौरान राबड़ी देवी बीच-बीच में उनके बयान का विरोध करती रहीं। नीतीश कुमार ने राबड़ी की ओर इशारा करते हुए कहा-



इसका कोई मतलब है। कोई मतलब नहीं है। कोई काम नहीं करते थे ये लोग। विधान परिषद में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 'जो मांग विपक्ष कर रहा है, उसे हम लोगों ने पारित किया है। मामला कोर्ट में है, कोर्ट को फैसला लेने दीजिए।'सदन के बाहर पोर्टिको में विपक्ष के विधायक नारेबाजी कर रहे हैं। आरक्षण चोर के नारे लगा रहे हैं। आरक्षण के बढ़े दायरे को 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे पर राजद विधायकों ने विधानसभा परिसर में मार्च किया। वहीं लालू के इफ्तार से कांग्रेस की दूरी पर आरजेडी विधायक भाई वीरेंद्र बोले- 'इंडिया गठबंधन पूरे देश के लिए है। बिहार में महागठबंधन में है। हम एक दूसरे के पूरक है। कांग्रेस और महागठबंधन के नेता तय कर चुके हैं कि तेजस्वी को सीएम बनाना है। ये सब सोचना फालतू है। कांग्रेस में राहुल और सोनिया गांधी बड़े नेता हैं। उसके बाद



डायरेक्शन देने के लिए कौन बचता है पार्टी है।' डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सदन में कैग रिपोर्ट पेश की। कैग रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कई जगह बेवजह पुल बना दिए गए। आबादी और जमीन की कमी के बावजूद पुल बनाए गए। इस निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। पटना जिला के बाढ़ अनुमंडल में एक तरफ सड़क और पुल दोनों बने। वही दूसरी ओर न जमीन थी और न गांव थे। बाढ़ के घोषवरी प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव से कुम्हरा गांव तक सड़क बनाने के लिए 8.03 करोड़ रुपए खर्च किए गए। PMGS के तहत सड़क बनाई गई। नीरा उत्पादन में भारी गड़बड़ी का खुलासा भी कैग रिपोर्ट में हुआ है। नीरा परियोजना बिना तैयारी के शुरू की गई। बिना व्यावहारिकता ज्ञान के योजना शुरू होने से 11.68 करोड़ रुपए का भारी नुकसान हुआ है। नीरा गुड़ उत्पादन पर 2.03 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। बिहार विधानसभा में सोमवार को बिहार विनियोग विधेयक और मांग अनुदान पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार और इखढ पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पूछा- 'मुख्यमंत्री को हाईजैक करके घर में क्यों रखा है।' तेजस्वी के बयान पर डिप्टी CM सम्राट चौधरी ने हमला बोला। उन्होंने कहा- 'मैंने लालू जी के साथ भी काम किया। उनके पास कोई विचारधारा नहीं है। तेजस्वी मुझसे पूछते हैं, कभी संघ कार्यालय गए थे। मैं पूछता हूं, आपके पिताजी जब इखढ के साथ थे तो कितनी बार संघ कार्यालय गए थे।'

नागपुर के संघ कार्यालय जाएंगे तो आपकी किस्मत खुल जाएगी। वहां जाएंगे तो आपको घुसते से दिखेगा यादव निवास। फ्सर कार्यालय में यादव निवास भी बना हुआ है।

## संक्षिप्त डायरी

### प्रेग्नेंट पत्नी को मारकर घर से 3 किमी दूर दफनाया



**नालंदा।** 22 मार्च को पति ने अपनी 7 महीने की प्रेग्नेंट पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद घर से 3 किलोमीटर दूर शव को दफना दिया। फिर साले को फोन पर कहा-तुम्हारी बहन को मारकर फेंक दिया है। घटना अस्थावां थाना क्षेत्र के तेलिया खंधा की है। मायके वालों ने बेटी को फोन करना शुरू किया तो संपर्क नहीं हो पाया। 23 मार्च को वो लेग महिला के ससुराल पहुंचे तो घर पर कोई नहीं था। ताला लगा था। फिर पुलिस को घटना की सूचना दी। परिजन और पुलिस महिला की खोजबीन कर रहे थे। इसी दौरान 24 मार्च को आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को गड्ढे से बरामद किया। शव मिलने के बाद मायके वालों ने थाने में आवेदन दिया, जिसके आधार पर FIR दर्ज की गई। मृतका के भाई नीतीश कुमार पासवान ने 6 लोगों पर दहेज के लिए गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं, दूसरी तरफ मृतका के अवैध संबंध की भी चर्चा है। पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है। मृतका की पहचान रूपेश पासवान की (28) वर्षीया पत्नी सोनी देवी के रूप में की गई है। दोनों की यह दूसरी शादी थी। 2018 में दोनों का विवाह हुआ था। 2 बेटियां भी है। एक की उम्र 2 और दूसरी 5 साल की है। बताया गया कि रूपेश की पहली पत्नी की मौत हो गई थी। कब हुई, किस कारण हुई, ये क्लियर नहीं है। होली के एक दिन बाद ससुराल गई थी बेटी वहीं, मृतका के पिता अरुण के बताया कि 'होली में बेटी अपने मायके आई हुई थी। त्योहार के एक दिन बाद सोनी ससुराल लौट थी।' 'जिस प्रखंड में सोनी रहती थी, उसी प्रखंड में उसकी बहन भी रहती है। जब दामाद रूपेश ने मेरे बेटे से कहा कि तुम्हारी बहन को मारकर फेंक दिए है तो हमने अपनी दूसरी बेटी से स्थिति के बारे में पता करने को कहा। तब उसने कहा था कि सब कुछ ठीक है।'

### बिजली खंभे से टकराकर बाइक सवार घायल

**दरभंगा।** में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। किसी ने डायल-112 पर एंबुलेंस को घटनास्थल पर भेजने के लिए कहा। एंबुलेंस को पहुंचने में आधा घंटे का समय लगा। देरी होने पर



आक्रोशित भीड़ ने चालक और ईएमटी के साथ बदसलूकी की। पब्लिक मूवमेंट को देखते हुए दोनों कर्मी वहां से निकल गए। जिसके बाद ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को लोगों ने लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया जाता है कि घायल सीतामढ़ी जिला के बोखरा थाना क्षेत्र के सौरया निवासी मो. युनुस के बेटे मो. सुहैल गंभीर रूप से घायल हो गए। जाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. एनसी विश्वास ने बताया कि हालत नाजुक होने के कारण डीएमसीएच रेफर किया गया है। मरीज के सिर में गंभीर चोट लगी है। सिटी स्कैन करवाने की भी जरूरत है। ड्रेसर ने कहा कि प्राथमिक उपचार के बाद मरीज को रेफर किया गया। घटना जाले थाना क्षेत्र के लतरहा गांव की है।एंबुलेंस कर्मियों ने जाले थाने में दिया आवेदन एंबुलेंस चालक और टेक्नीशियन ने बताया कि सड़क जाम के कारण घटनास्थल पर पहुंचने में आधा घंटा लग गया। मौके पर कुछ जागरूक नागरिकों ने कहा कि ऐसी स्थिति में लोगों को समझदारी दिखानी चाहिए। निजी वाहन का इस्तेमाल कर मरीज को जल्द अस्पताल पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्ति हमारी अपनी संपत्ति है, इसे नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। एंबुलेंस कर्मियों के साथ मारपीट गलत है। स्वास्थ्य सेवाओं में इनका अहम योगदान होता है। वहीं एम्बुलेंस चालक संजीव कुमार मिश्रा और ईएमटी शिव नारायण साह ने जाले थाना में आवेदन देकर कहा है कि घटनास्थल पर पहुंचते लोगों ने हमलोगों के साथ मारपीट, गाली-गलौज की। जबकि हमलोग सूचना मिलते ही पहुंच गए। सरकारी एम्बुलेंस को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। ऐसे उग्र लोगों को चिह्नित कर उचित कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया। डायल 112 की टीम घटनास्थल से क्षतिग्रस्त एंबुलेंस को जब्त कर थाने ले आई।

### 1.50 लाख का गहना लेकर बाबा फरार



**समस्तीपुर।** में गरीबी और कष्ट दूर करने के नाम पर गहने लेकर भागने का मामला सामने आया है। गांव में यज्ञ का पोस्टर चिपकाने आए दो बाबा ने घटना को अंजाम दिया है। ठगी होने के बाद पीड़ित महिला ने स्थानीय थाना में जाकर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जिसमें महिला के घर के पास लगे सीसीटीवी में दोनों ठगों की तस्वीर कैद हो गई है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, ठगों ने महिला को झांसा देने के बाद बहला-फुसलाकर डेढ़ लाख रुपए का जेवर लेकर फरार हो गया। घटना सोमवार के दिन जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र के गोही गांव का है। जहां माला देवी (24) के साथ ठगी हुई है।पीड़िता पीड़ित महिला ने बताया कि मेरे घर के बाहर दो बाबा आए और बोले कि हमें यज्ञ का पोस्टर चिपकाना है ,मैंने कहा कि चिपका लीजिए तभी वो मेरे घर के अंदर आए और बोले कि प्यास लगा है पानी पिला दीजिए। मैं उन्हें लोटा में पानी पीने के लिए दी। इस दौरान दूसरे वाले ने मुझसे मेरे घर परिवार और गहना के बारे में पूछा। मैं उन्हें सारी बातें बताई जिसके बाद वो बोले तुम्हारे ऊपर बहुत कष्ट है लो ये पानी पी लो। जब मैं पानी पी ली तो उसने कहा कि अपने सारे जेवर एक पन्नी में डाल कर रख दो और बचा हुआ पानी गांव के पोखर में फेंककर आ जाओ। वारिसनगर थाना अध्यक्ष निरंजन कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला ने दो लोगों के खिलाफ आवेदन दिया गया है कि उसने करीब डेढ़ लाख रूपए के गहने की ठगी कर ली है। आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। एक बाइक पर दो बाबा दिखाई पड़े हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है।



# बढ़ रही है इमेज कंसल्टैंट सेवाओं की मांग

**भारत में लगातार बढ़ती जा रही प्रतिस्पर्धा की वजह से अपनी इमेज मैनेज करना भी एक अहम जरूरत बन चुकी है। अधिक से अधिक लोग अब इस जरूरत को महसूस कर रहे हैं जिस वजह से देश में इमेज कंसल्टैंट की सेवाओं की मांग में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है।**

इमेज कंसल्टिंग के तहत लोगों को अपने भीतर छुपी क्षमताओं को निखारने और साथ ही साथ उन क्षमताओं को सभी के समक्ष प्रदर्शित करने के लिए अपनी अपीयरैंस (दिखावट) के प्रबंधन हेतु मार्गदर्शन किया जाता है। इमेज कंसल्टिंग के तहत लोगों को परिधान पहनने व तैयार होने के ढंग, बॉडी लैंग्वेज, शिष्टाचार एवं सॉफ्ट स्किल्स के बारे में शिक्षित किया जाता है। इमेज कंसल्टैंट व्यक्तिगत रूप से तथा समूह में कोचिंग प्रदान करते हैं। वे किसी एक व्यक्ति अथवा कम्पनियों को अपनी सेवाएं देते हैं। वे लोगों के लिए मुक्त कार्यशाला भी आयोजित करते हैं। इस क्षेत्र से जुड़े कार्यों में पर्सनल शॉपिंग, यूनिफॉर्म डिजाइन, इमेज मैनेजमैंट, पॉलिसी डिजाइन, स्टाइलिंग आदि भी शामिल हैं। भारत में लगातार बढ़ती जा रही प्रतिस्पर्धा की वजह से अपनी इमेज मैनेज करना भी एक अहम जरूरत बन चुकी है। अधिक से अधिक लोग अब इस जरूरत को महसूस कर रहे हैं जिस वजह से देश में इमेज कंसल्टैंट की सेवाओं की मांग में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है।

यह ऐसा करियर है, जिसमें व्यक्ति अन्य लोगों के विकास का मुख्य सहयोगी बनता है तथा अन्य लोगों को और अधिक सफल बनाने से उसे सफलता मिलती है। यह क्षेत्र उन महिलाओं को करियर बनाने का दूसरा मौका देता है जिन्होंने कुछ समय के लिए अपने पहले करियर को छोड़ रखा हो। इमेज कंसल्टिंग बिजनैस इंस्टीच्यूट भारत में इमेज कंसल्टैंसी की शिक्षा तथा प्रशिक्षण देने वाला अग्रणी संस्थान होने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी एक प्रतिष्ठित संस्थान है। यह संस्थान इमेज कंसल्टिंग एवं बिजनैस प्रोग्राम संबंधी अनोखे पेशेवर कोर्स करवाता है। इस संस्थान की डायरैक्टर सुमन अग्रवाल भारतीय उपमहाद्वीप की वरिष्ठतम इमेज कंसल्टैंट मानी जाती हैं। उनकी कहानी भी एक उत्तम प्रेरणा स्रोत है। उन्हें कॉलेज की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देनी पड़ी थी परंतु आज वह एक सफल उद्यमी तथा इस संस्थान की डायरैक्टर हैं। यूनाइटेड किंगडम स्थित फैडरेशन ऑफ इमेज प्रोफैशनल इंटरनैशनल द्वारा उन्हें इमेज मास्टर अवार्ड से नवाजा गया जिससे वह भारतीय उपमहाद्वीप में सर्वाधिक वरिष्ठ इमेज कंसल्टैंट बन गई। इमेज कंसल्टिंग में पहनावे के महत्व पर वह कहती हैं, ''80 प्रतिशत से अधिक संवाद दृश्य होता है और पहनावा इसका सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब भी आप किसी से मिलते हैं तो व्यक्ति का सबसे अधिक ध्यान सामने वाले के पहनावे पर ही जाता है। हालांकि यह बताना जरूरी है कि पहनावे के संबंध में कौशल एक इमेज कंसल्टैंट के पास होता है, वह सर्वश्रेष्ठ फैशन डिजाइनर समेत किसी अन्य पेशेवर के पास नहीं हो सकता है। महत्व बढ़िया परिधानों का नहीं होता, बल्कि उस संदेश का होता है जो आप अपने पहनावे से सामने वाले को देना चाहते हैं। सही पहनावे को सुनिश्चित बनाने के लिए व्यक्ति को अपने काम, लक्ष्यों एवं मौके का ध्यान रखने के अलावा आकर्षक दिखने के लिए अपने शारीरिक ढांचे, रंग-रूप, चेहरे के आकार आदि पर भी गौर करना पड़ता है।'' उनके अनुसार इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए यह एक उत्तम एवं बेहद लाभदायक करियर साबित हो सकता है।

# करियर उन्मुखी होते हैं पत्राचार पाठ्यक्रम

**आज सभी विषयों में ग्रैजुएशन तथा मास्टर डिग्री कोर्स के अलावा अनेक सर्टीफिकेट कोर्स एवं डिप्लोमा भी पत्राचार माध्यम से दूरस्थ शिक्षा के रूप में उपलब्ध हैं। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को सभी संबंधित विषयों का बुनियादी ज्ञान प्रदान करना होता है।**

कुछ प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश एक चयन परीक्षा के माध्यम से दिया जाता है। पत्राचार शिक्षा ने हमारे देश की शिक्षा प्रणाली में एक आश्चर्यजनक परिवर्तन ला दिया है। पत्राचार माध्यम से अध्ययन करने वाले छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न आधुनिक तकनीकों का सहारा भी दिया जा रहा है। उपग्रह संचार, लो पावर ट्रांसमीटर्स की सहायता एवं सूचना सुपर-हाइवेज के माध्यम से देश भर में शिक्षा का प्रसार हो रहा है। देश में अनेक मुक्त विश्वविद्यालय तथा उससे भी अधिक नियमित विश्वविद्यालय तथा कई अन्य संस्थाएं दूरस्थ अध्ययन कार्यक्रम चलाते हैं। दूरस्थ शिक्षा पद्धति कई श्रेणियों के शिक्षार्थियों, विशेष रूप से देरी से पढ़ाई शुरू करने वालों, जिन व्यक्तियों के घर के पास उच्चतम शिक्षा साधन नहीं है, सेवारत व्यक्तियों और अपनी शैक्षिक योग्यताएं बढ़ाने के इच्छुक व्यक्तियों को लाभ प्रदान कर रही है। मुक्त विश्वविद्यालय ऐसे लचीले पाठ्यक्रम विकल्प देते हैं जिन्हें वे छात्र ले सकते हैं जिनके पास कोई औपचारिक योग्यता नहीं है किन्तु अपेक्षित आयु (प्रथम डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए 18 वर्ष) के हो चुके हैं और लिखित प्रवेश परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं। ये पाठ्यक्रम छात्र अपनी सुविधानुसार भी ले सकते हैं। विश्वविद्यालयों के दूरस्थ शिक्षा केंद्र न्यूनतम पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों को प्रवेश देते हैं। यह पात्रता नियमित पाठ्यक्रमों के समान ही होती है। पत्राचार शैक्षिक संस्थाएं छात्रों को पाठ्यक्रम सामग्री के साथ-साथ संपर्क कक्षाएं भी उपलब्ध कराती हैं और परीक्षाएं संचालित करती हैं। अधिकांश विश्वविद्यालय मुद्रित अध्ययन सामग्री के अलावा अपने स्थानीय केंद्रों पर मल्टीमीडिया साधनों से भी छात्रों को शिक्षित करते हैं। ये विश्वविद्यालय ग्रैजुएशन पाठ्यक्रम, मास्टर डिग्री पाठ्यक्रम, एम.फिल पीएच.डी. तथा डिप्लोमा एवं सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम भी चलाते हैं जिनमें से अधिकांश पाठ्यक्रम करियर उन्मुखी होते हैं।





# कॉस्मेटिक समस्याओं का निदान करते हैं डर्मेटोलॉजिस्ट

मेडिसिन में स्पेशलाइजेशन के लिए उपलब्ध विकल्पों में 'डर्मेटोलॉजी' काफी लोकप्रिय हो गया है। मौजूदा वक्त में 'फर्स्ट इम्प्रेशन इज द लास्ट इम्प्रेशन' कहावत को इतनी गंभीरता से लिया जा रहा है कि व्यक्ति के रूप को व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण अंग माना जाने लगा है। इस कारण लोगों में अपने रूप और व्यक्तित्व को लेकर चिंता का स्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। यहां तक कि कॉलेज जाने वाले छात्र भी खुद को आकर्षक दिखाने की गरज से काफी रुपये खर्च कर रहे हैं। अपने रूप को लेकर लोगों में गंभीरता का स्तर इस कदर बढ़ गया है कि वह चेहरे पर छोटा-सा मुंहासा हो जाने भर से परेशान हो उठते हैं। कई बार वह ऐसी परेशानियों को इस कदर अपने ऊपर हावी कर लेते हैं कि घर से बाहर निकलना भी छोड़ देते हैं। ऐसे माहौल में रूप निखारने का दावा करने वाली फेयरनेस क्रीमों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। खुजली और घमौरियों (रैशेज) जैसे त्वचा संबंधी रोग आम हो चुके हैं। गर्मी और बरसात के मौसम में इनकी अधिकता काफी बढ़ जाती है। इनके सही उपचार के लिए डॉक्टर का परामर्श जरूरी होता है। कई बार उपचार के लिए डॉक्टर के पास कुछ दिनों या हफ्तों के अंतराल पर बार-बार जाने की जरूरत होती है। ऐसे में लोग अपनी त्वचा के लिए ज्यादा खर्च करने में जरा भी नहीं हिचकते। त्वचा और रूप के प्रति लोगों के बढ़ती सजगता के कारण डर्मेटोलॉजिस्ट की मांग में इजाफा हो रहा है। डर्मेटोलॉजी मेडिसिन की एक शाखा है, जिसमें त्वचा और उससे संबंधित रोगों के निदान का अध्ययन किया जाता है। यह एक स्पेशलाइज्ड विषय है, जिसकी पढ़ाई एमबीबीएस के बाद होती है। डर्मेटोलॉजिस्ट रोगों के उपचार के अलावा त्वचा, बाल और नाखूनों से संबंधित कॉस्मेटिक समस्याओं का भी निदान करते हैं।

## डर्मेटोलॉजिस्ट का काम

इनका मुख्य कार्य लोगों की उन बीमारियों का उपचार करना होता है, जो त्वचा, बाल, नाखूनों और मुंह पर दुष्प्रभाव डालती हैं। एलर्जी से प्रभावित त्वचा, त्वचा संबंधी दागों, सूर्य की रोशनी में झुलसे या अन्य तरह के विकारों से ग्रसित त्वचा को पूर्व अवस्था में लाने में ये रोगियों की मदद करते हैं। इसके लिए वह दवाओं या सर्जरी का इस्तेमाल करते हैं। त्वचा कैंसर और उसी तरह की बीमारियों से जूझ रहे रोगियों के उपचार में भी वह सहयोग करते हैं। क्लिनिक या अस्पताल में वह सबसे पहले मरीजों के रोग प्रभावित अंग का निरीक्षण करते हैं। जरूरी होने पर वह रोग की गंभीरता जांचने के लिए संबंधित अंग से रक्त, त्वचा या टिश्यू का नमूना भी लेते हैं। इन नमूनों के रासायनिक और जैविक परीक्षणों से वह पता लगाते हैं कि रोग की वजह क्या है। रोग का पता लगने के बाद उपचार शुरू कर देते हैं। इस कार्य में वह दवाओं, सर्जरी, सुपरफिशियल रेडियोथेरेपी या अन्य उपलब्ध उपचार विधियों का उपयोग करते हैं।

## करते हैं कॉस्मेटिक सर्जरी

चेहरे और अन्य अंगों को आकर्षक बनाने के लिए डर्मेटोलॉजिस्ट कॉस्टमेटिक सर्जरी भी करते हैं। त्वचा की झुर्रियों और दाग-धब्बों को खत्म करने के लिए वह डर्माब्रेशन जैसी तकनीक और बोटोक्स इंजेक्शन का इस्तेमाल करते हैं। इन तकनीकों के अलावा वह लेजर थेरेपी का भी उपचार में उपयोग करते हैं। इस तकनीक की मदद से वह झुर्रियों और त्वचा पर होने वाले सफेद दाग का ईलाज करते हैं।

**योग्यता** – फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के साथ बारहवीं पास करके एमबीबीएस डिग्री प्राप्त करना डर्मेटोलॉजिस्ट बनने की पहली शर्त है। इसके बाद डर्मेटोलॉजी, वेनेरियोलॉजी और लेप्रोलॉजी में तीन वर्षीय एमडी या दो वर्षीय डिप्लोमा की पढ़ाई की जा सकती है।



# करियर को दिशा देती है सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग

**लोगों में प्रतिभा तो होती है परंतु उसे समझने और निखारने की आवश्यकता होती है. उन्हें प्रशिक्षण मुहैया कराने के लिए कई संस्थानों में संबंधित कोर्स संचालित किए जा रहे हैं.**

सॉफ्ट स्किल की क्षमता आपके करियर को नई दिशा देती है. अक्सर देखा जाता है कि कुछ लोग तकनीकी रूप से बड़े प्रतिभावान होते हैं. साथ ही, वे अपने क्षेत्र में निपुण भी होते हैं किंतु एक निश्चित बिंदु पर उनके करियर में ठहराव-सा आ जाता है. ऐसा इसलिए होता है क्योंकि उनमें नेतृत्व क्षमता, समूह में काम करना, सामाजिक सम्प्रेषण और संबंध निर्माण आदि कौशल का अभाव होता है. सॉफ्ट स्किल व्यापक क्षेत्र है, जिसमें सम्प्रेषण कौशल, श्रवण कौशल, टीम कौशल, नेतृत्व के गुण, सृजनात्मकता और तर्कसंगत, समस्या निवारण, कौशल और परिवर्तनशीलता आदि सम्मिलित हैं. सॉफ्ट स्किल के गुण किताबों से नहीं सीखे जाते, बल्कि इसके लिए प्रशिक्षण कारगर होते हैं. यदि आप सही अर्थों में अपने व्यक्तित्व में सॉफ्ट स्किल्स जोड़ना चाहते हैं तो आपको एक अच्छा, मेहनती और सीखने वाला बनकर उन सब बातों को, जो कुछ भी आपने व्यावहारिक रूप से ग्रहण किया है, व्यवहार में लाना होगा. कुछ ऐसे सॉफ्ट स्किल्स भी हैं जो आपकी रोजगार की संभावनाओं और व्यक्तित्व में सुधार कर स्थायी और अच्छी सैलरी पर नौकरी प्राप्त करने में सहयोग करता है.

## प्रभावी सम्प्रेषण

कौशल प्रभावी सम्प्रेषण कौशल में सार्वजनिक भाषणों, प्रस्तुतीकरण, बातचीत, संघर्ष समाधान ज्ञानवितरण आदि के लिए मौखिक कौशल, अनुदेश मैनुअल तैयार करना, ज्ञापन, सूचनाएं लिखना, कार्यालयीन पत्र व्यवहार आदि के लिए लेखन कौशल शामिल हैं. इनमें मौखिक और गैर-मौखिक, दोनों ही शामिल है. चूंकि हमारा सम्प्रेषण का आधिकारिक माध्यम अंग्रेजी है, इसलिए इसमें कुछ हद तक अंग्रेजी में दक्षता होनी जरूरी है.

## सामूहिक कार्य

कौशल अंतर्वैयक्तिक और सामूहिक कार्य कौशल उच्चतर उत्पादकता तथा बेहतर वातावरण के लिए योगदान करते हैं क्योंकि इनसे व्यक्ति संयुक्त लक्ष्य हासिल करने हेतु मिलकर कार्य करते हैं. यह सम्प्रेषण टीम सदस्यों के बीच एक गतिशील पारस्परिक क्रिया की स्थापना, फीडबैक का आमंत्रण, उसे प्रदान करना तथा संघर्ष की स्थिति को हल करना अपेक्षित होता है.

## ज्ञानात्मक कौशल

अपने रोजमर्रा के जीवन में अक्सर आपको ऐसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है जब आप सही फैसले करने में असमर्थ होते हैं. आपके सामने ऐसी स्थितियां उत्पन्न होने की ज्यादा संभावनाएं उस वक्त होती हैं जब आप किसी संगठन में कार्य करते हैं. ऐसी दबावपूर्ण स्थितियों का मुकाबला करने के लिए आपको कुछेक ऐसे कौशल विकसित करने की आवश्यकता है जो आपको निर्णय लेने, सृजनात्मक एवं अन्वेषणात्मक समाधान विकसित करने, व्यावहारिक हल ढूंढने, समस्याओं का स्वतंत्र रूप से पता लगाने, उनको हल करने और विभिन्न क्षेत्रों में समस्याओं के निदान में कार्य नीतियां लागू करने में मददगार हो सकते हैं.

## नौकरियां

आजकल ज्यादातर संगठन अपने कर्मचारियों में उनके सकारात्मक, सम्प्रेषण, अंतर्वैयक्तिक और टीम कौशल, समस्या निदान, अनुकूलनशीलता और कार्य पद्धति में सुधार हेतु प्रशिक्षण प्रदान करते हैं. इससे एक तरफ जहां उनके व्यवसाय और व्यक्तिगत जीवन पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं दूसरी तरफ संगठन की उत्पादकता में भी वृद्धि होती है. अत- सॉफ्ट स्किल में पाठ्यक्रम पूरा करने के उपरांत कोई व्यक्ति किसी निजी या सार्वजनिक संगठन में सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षक के रूप में रोजगार प्राप्त कर सकता है. इसके अलावा, आप अपना स्वयं का ट्रेनिंग सेंटर भी खोल सकते हैं.

## व्यक्तित्व संबंधी गुण

समय के साथ-साथ अब फोकस एक सामान्य व्यक्ति से सुशिक्षित और परिष्कृत व्यक्तित्व की ओर हो गया है. विभिन्न संगठनों, खासकर कंपनियों को ऐसे व्यक्तियों की तलाश रहती है जो कुशाग्र और सुशिक्षित होते हैं. उनमें ऐसे सम्प्रेषण कौशल होने चाहिए कि वे सबसे आगे रहें. इसके लिए वे अपने कर्मचारियों को भर्ती के उपरांत प्रशिक्षण प्रदान करते हैं लेकिन वे उन व्यक्तियों को वरीयता देते हैं जो पहले से अपने क्षेत्र में बेहतर होते हैं. चूंकि ज्यादातर लोग प्रतिभाओं के साथ जन्म लेते हैं, परंतु उन्हें परिष्कृत और शिक्षित करने की आवश्यकता होती है. उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बाजार में बहुत से संस्थान संचालित किए जा रहे हैं. ये संस्थान काफी धन अर्जन कर रहे हैं और इस तरह सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षकों को आकर्षक रोजगार का विकल्प प्रदान कर रहे हैं.

## वेतन

इस सेक्टर में काफी अच्छा वेतन है. चूंकि यह कल्चर प्राइवेट कंपनियों और वैश्वीकरण के कारण तेजी फला-फूला है, इसलिए इसकी ग्रोथ भी ज्यादा है.

## योग्यताएं

पहले इस फील्ड में पाठ्यक्रम नहीं चलाए जाते थे लेकिन अब सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षकों के लिए शिक्षण कार्य भी एक अच्छे विकल्प के रूप में उभरकर सामने आया है क्योंकि सभी इंजीनियरिंग और प्रबंध संस्थानों में तकनीकी कौशल एक अनिवार्य विषय के रूप में शामिल होता है. वहां पर छात्रों को साक्षात्कार और समूह चर्चा में बेहतर प्रदर्शन के लिए अपेक्षित अन्य वैयक्तिक कौशलों के साथ-साथ प्लेसमेंट और सम्प्रेषण कौशलों के लिए प्रशिक्षित और तैयार किया जाता है.





# पहली बार में क्रैक करना है आईआईटी जेईई तो अपनाएं ये आसान टिप्स

**अगर आप आईआईटी एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं, तो कुछ जरूरी टिप्स को अपनाना बिल्कुल न भूलें। इनकी मदद से आप पहली बार में एग्जाम क्लियर कर पाएंगे**

जेईई मेन्स जेईई मेन्स की परीक्षा में अच्छे पर्सेंटाइल लाने वाले कैंडिडेट्स जेईई एडवांस्ड की तैयारी में जुट चुके हैं। साल भर की मेहनत तो बेहतर रिजल्ट का कारण है ही साथ ही परीक्षा से पहले अंतिम दिनों की मेहनत भी अत्यधिक मायने रखती है। आज हम आपको यहां बता रहे हैं जेईई मेन्स परीक्षा को क्रैक करने और एडमिशन पाने की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए जरूरी टिप्स।

## ऐसे करें एग्जाम की तैयारी

- अपनी सिली मिस्टेक्स पर काम करने का प्रयास करें क्योंकि इससे आपके ओवरऑल स्कोर में सुधार होगा।
- मॉक टेस्ट लेने और पिछले वर्ष के प्रश्नों को ऑनलाइन हल करने से आपको विभिन्न प्वाइंटस को एनलाइज करने में मदद मिलेगी।
- सब्जेक्ट वाइज फॉर्मूला शीटतैयार करें, ऐसा करके आप फॉर्मूले को रिवाइज करने करने के लिए हर समय अपने साथ रख सकते हैं।
- एक डेली टाइम टेबल तैयार करें और मुख्य रूप से रिवीजन और ऑनलाइन टेस्ट पर ध्यान केंद्रित करें क्योंकि ये टेस्ट आपके स्कोर को 40-50% तक सुधारने में मदद करते हैं।
- स्टडी के दौरान छोटे ब्रेक लें या संगीत सुनें क्योंकि यह कंसंट्रेशन पावर को बढ़ाता है।
- सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि परीक्षा नजदीक आने पर खुद को स्वस्थ और फिट रखें।

## जेईई एडवांस्ड फिजिक्स को क्रैक करने के टिप्स

- **फॉर्मूले अच्छी तरह से सीखें :** जैसे ही आप फिजिक्स का रिवीजन करते हैं, सभी फॉर्मूले को नोट कर लें और उन्हें अच्छी तरह से याद रखें।
- **स्कोरिंग टॉपिक पर कंसंट्रेट करें :** एक बार आपके बेसिक चैपर को रिविजन करने के बाद, मॉर्डन फिजिक्स, वेव ऑप्टिक्स, अल्टरनेटिंग करंट, साउंड वेव्स जैसे स्कोरिंग टॉपिक्स पर ध्यान केंद्रित करें। थर्मोडायनामिक्स पर अतिरिक्त ध्यान दें क्योंकि यह फिजिक्स और केमेस्ट्री के लिए सामान्य है।
- **डेलिगेट प्रैक्टिस :** जेईई एडवांस पिछले वर्ष के क्वेश्चन पेपर को सॉल्व करना आवश्यक है। इन्हें सॉल्व समय फोकस्ड और कॉन्फिडेंट रहें।

## जेईई एडवांस्ड केमिस्ट्री क्रैक करने के टिप्स

- **अपनी प्रिपरेशन को सिस्टमेटिक रूप से तैयार करें :** फिजिक्स और इनऑर्गेनिक केमेस्ट्री से फंडामेंटल कॉन्सेप्ट को रिवाइज करना शुरू करें। अपने समय का एक बड़ा हिस्सा ऑर्गेनिक केमेस्ट्री की तैयारी में दे। लास्ट 5 दिनों के लिए क्वालिटेटिव एनालिसिस छोड़ दें क्योंकि इसमें मुख्य रूप से याद रखने की आवश्यकता होती है।
- ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में शामिल मैकनिज्म पहली बार में जटिल लग सकता है। कठिन टॉपिक के लिए ज्यादा गहराई में न जाएं क्योंकि अंतिम दिनों में समय की कमी होती है। ऑर्गेनिक केमिस्ट्री के लिए छोटे नोट्स बनाने की जरूरत होती है।
- **रिएक्शन की प्रैक्टिस करें :** सबसे महत्वपूर्ण टॉपिक्स, इक्वेशन, मैकनिज्म और रिलेटेड प्रॉब्लमस का रेगुलर प्रैक्टिस करें।
- **रेगुलर रिवीजन :** केमिस्ट्री कई छात्रों को कंफ्यूज करने वाली लगती है। बेहतर रिटेंशन के लिए केमिस्ट्री का रेगुलर रिवीजन जरूरी है।

## जेईई एडवांस मैथ्स को क्रैक करने के टिप्स

- **कॉन्सेप्चुअल क्लियरिटी :** पहले सभी चैप्टर्स के बेसिक कॉन्सेप्ट को रिवाइज करें। मैथ्स फॉर्मूला से भरा है। उन्हें अच्छी तरह से करने के लिए, फार्मूला के विभिन्न एप्लीकेशन की प्रैक्टिस करें।
- **मॉक टेस्ट दें :** फुल लेंथ वाले जेईई एडवांस मॉक टेस्ट देने से आपकी स्पीड और एक्यूरेसी में सुधार करने में मदद मिलती है।
- **प्रैक्टिस क्वेश्चन को सॉल्व करें :** प्रत्येक चैप्टर को रिवाइज करने के बाद जेईई एडवांस लेवल के प्रैक्टिस क्वेश्चन को सॉल्व करना आवश्यक है।
- **पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को सॉल्व करें :** जब आप जेईई एडवांस मैथ्स की तैयारी कर रहे हों तो जेईई एडवांस्ड पिछले साल के टेस्ट से प्रैक्टिस करना जरूरी है।

# आईपीएल में आज होगा केकेआर और रॉयल्स में मुकाबला

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** इंडियान प्रीमियर लीग में बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगे क्योंकि पहले मैच में इन्हें हार का सामना करना पड़ा था। केकेआर को जहां शुरुआत मैच में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) वहीं राजस्थान रॉयल्स को सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया था। पहले मैच में दोनो ही टीम उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पायीं थीं। दोनो के ही बल्लेबाज और गेंदबाज विफल रहे थे। सुनील नरेन के अलावा केकेआर का कोई भी गेंदबाज आरसीबी के बल्लेबाजों को रोक नहीं पाया। यहां तक कि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी विफल रहे थे।

ऐसे में अब वरुण का लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। केकेआर की नजरें एनरिक नोर्किया की फिटनेस पर भी आधारित रहेंगी। नोर्किया अगर फिट होते हैं तो उन्हें स्पेंसर जॉनसन की जगह शामिल किया जा सकता है। पहले मैच में कप्तान अजिंक्य रहाणे और नारायण के आउट होने के बाद केकेआर की बल्लेबाजी ढ़ह गयी थी। ऐसे में इस बार का मध्यक्रम बिखर गया था। वेंकटेश अय्यर और आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाज मध्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। इसके अलावा रिंकू सिंह से भी टीम को रनों की उम्मीद रहेगी। पिछले कुछ समय से उनका बल्ला खामोश है। आईपीएल के पहले मैच में भी वह केवल 12 रन बना पाए थे। वहीं दूसरी ओर रॉयल्स की हालत भी ठीक नहीं है। उसको अगर ये मैच जीतना है तो सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। सनराइजर्स के खिलाफ पिछले मैच में उसके मुख्य तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने चार ओवर में 76 रन दिये थे जबकि फजल हक फारुकी और महेश थीक्षाना जैसे गेंदबाज भी प्रभावी नहीं रहे थे। टीम की कप्तान कर रहे युवा रियान पराग को भी आत्मविश्वास से फैसल देने होंगे। टीम की बल्लेबाजी रियान के अलावा संजू सैमसन, वैभव सूर्यवंशी और शिमोन हिटमायर जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रहेगी।




## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिटी सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नोर्किया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारखंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती, चेतन सकारिया।

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), संजू सैमसन, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल राठौड़, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, युद्धवीर सिंह, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, तुषार देशपांडे, फजलहक फारुकी, क्वेना मफाका, अशोक शर्मा, संदीप शर्मा।

# आईपीएल ऑरेंज कैप की दौड़ में ईशान सबसे आगे



**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 वें सत्र के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले (ऑरेंज कैप) की दौड़ में सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन शीर्ष पर हैं। ईशान ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले ही मैच में शानदार शतक लगाया था। इसमें शीर्ष-10 खिलाड़ियों में 5 भारतीय और 5 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं।

दूसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन हैं, जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 75 रन की पारी खेली थी। तीसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के मिचेल मार्श हैं, जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 72 रनों की पारी खेली थी। चौथे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स के ध्रुव जुरेल हैं, जिन्होंने अपने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 70 रनों की पारी खेली थी। पांचवें नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड हैं, जिन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 67 रनों की पारी खेली थी। छठे नंबर पर दिल्ली कैपिटल्स के आशुतोष शर्मा हैं, जिन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 66 रनों की पारी खेली थी। सातवें नंबर पर संजू सैमसन हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 66 रनों की पारी खेली थी। आठवें नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र हैं, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 65 रनों की पारी खेली थी। 9वें नंबर पर आरसीबी के विराट कोहली हैं, जिन्होंने कोलकाता के खिलाफ पहले मैच में 59 रनों की पारी खेली थी। 10वें नंबर पर आरसीबी के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट हैं, जिन्होंने कोलकाता के खिलाफ 56 रनों की पारी खेली थी।

# अश्विन युवा स्पिनरों को देते हैं टिप्स : रचिन

चेन्नई । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेल रहे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने टीम के अनुभवी स्पिन आर अश्विन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम की अच्छी शुरुआत का श्रेय इस अनुभवी खिलाड़ी को दिया है। अश्विन ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मैच में हालांकि एक ही विकेट लिया था। रविंद्र ने कहा, ' अश्विन एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी है। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं। उनके अनुभव और क्रिकेट ज्ञान का लाभ टीम को मिलता है। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं और युवा स्पिनरों को टिप्स देते हैं । मैं उनको खेलते हुए देखकर बड़ा हुआ हूं और उनके साथ एक टीम में खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस क्रिकेटर ने कहा, ' हमारे पास बहुत अच्छे स्पिन गेंदबाज हैं और हमारी टीम का संतुलन बहुत अच्छा है। अगर किसी दिन कोई गेंदबाज नहीं चल पाता है तो हमारे पास उसके लिए भी विकल्प हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अच्छी प्रगति कर रहे हैं और वह जल्द ही टीम से जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा, ' हम उनकी वापसी की समय सीमा को नहीं जानते हैं। हम यह जानते थे कि बुमराह पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। इसलिए हमने उसी के अनुरूप रणनीति तैयार की और अन्य विकल्पों पर विचार किया था।



# स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा ने आईसीसी रैंकिंग में कायम रखा अपना स्थान

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने मंगलवार को यहां जारी ताजा आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों की रैंकिंग में क्रमशः अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा। मंधाना के अलावा कोई अन्य भारतीय शीर्ष-10 में मौजूद नहीं है। सूची में कप्तान हरमनप्रीत कौर 11वें स्थान पर, जेमिमा रोड्रिग्स 15वें स्थान पर और शेफाली वर्मा उनसे एक पायदान नीचे हैं।

बल्लेबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं, उनके बाद टीम की साथी तहलिया मैकग्रा मौजूद हैं। मूनी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 75 और 70 रन बनाकर शीर्ष पर अपनी बढ़त में इजाफा किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच में 32 रन की पारी खेलने वाली फोबे लिचफील्ड तीन स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गईं। स्टार ऑलराउंडर मेली केर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे मैच में 40 रन की पारी के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान की बढ़त हासिल की जबकि न्यूजीलैंड की जॉर्जिया प्लिमर पिछले महीने शीर्ष क्रम में कुछ लगातार पारियों की बदौलत 20 स्थान का सुधार करते हुए 50वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दीप्ति ने इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और पाकिस्तान की सादिया इकबाल के बाद गेंदबाजों में अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। सदरलैंड टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों के लिए व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पर पहुंच गई। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद दो स्थान की छलांग लगाकर चौथे स्थान पर पहुंच गई। डार्सी ब्राउन 12 पायदान की छलांग लगाकर 18वें स्थान पर पहुंची। केर टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडरों की रैंकिंग में वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज के बाद दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं जबकि मैकग्रा (तीन पायदान ऊपर 18वें स्थान पर) और सदरलैंड (एक पायदान ऊपर 21वें स्थान पर) ऊपर की ओर बढ़ने वाली खिलाड़ियों में शामिल हैं।



# लखनऊ सुपर जायंट्स का तेज गेंदबाज चोट से उभरा, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हो सकती है वापसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स को भले ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन मंगलवार को उन्हें कुछ सकारात्मक खबरें मिलीं। प्रमुख तेज गेंदबाज आवेश खान को बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मेडिकल स्टाफ ने आईपीएल 2025 के लिए LSG टीम से फिर से जुड़ने की मंजूरी दे दी है।



रिपोर्ट के अनुसार उन्हें अपने दाहिने घुटने में तकलीफ हो रही थी, जो घरेलू सत्र के दौरान उनके कार्यभार से संबंधित थी। मध्य प्रदेश के इस तेज गेंदबाज को शुरू में आईपीएल 2025 के पहले कुछ मैचों से बाहर रखा गया था। आवेश अपने दाहिने घुटने की चोट के कारण इस साल जनवरी से अनुपलब्ध हैं। वह बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे थे, जहां माना जाता है कि उन्होंने सोमवार को अपना आखिरी फिटनेस मूल्यांकन पूरा किया। आधिकारिक तौर पर यह पुष्टि नहीं हुई है कि आवेश एलएसजी टीम से कब जुड़ेंगे।

एलएसजी कैंप अपने तेज गेंदबाजों की चोटों से त्रस्त है और शार्दुल के शामिल होने से उन्हें बहुत जरूरी राहत मिलेगी, जो मोहसिन खान की जगह आए हैं। मोहसिन के अलावा मयंक यादव और आकाश दीप की तेज गेंदबाजी जोड़ी चोटों के कारण उपलब्ध नहीं है और वर्तमान में बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ठीक हो रही है।

अभी तक तेज गेंदबाजों की वापसी की तारीख पर कोई आधिकारिक अपडेट नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच बहुप्रतीक्षित आईपीएल 2025 मुकाबला 27 मार्च को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

**आईपीएल 2025 के लिए टीम**

ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड मिलर, एडेन मार्कराम, निकोलस पूरन, मिशेल मार्श, अवेश खान, मयंक यादव, मोहसिन खान, रवि बिश्नोई, अब्दुल समद, आर्यन जुयाल, आकाश दीप, हिम्मत सिंह, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, युवराज चौधरी, राजवर्धन हैंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, मैथ्यू ब्रीट्जके।


# धोनी की विकेटकीपिंग अब भी काफी अच्छी : हेडन

**चेन्नई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने 43 साल की उम्र में भी आईपीएल खेल रहे चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की जमकर प्रशंआ की है। हेडन ने कहा कि धोनी की विकेटकीपिंग अब भी काफी अच्छी है। साथ ही कहा कि मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच में जिस तरह से उन्होंने नूर अहमद की गेंद पर सूर्यकुमार यादव की स्टंपिंग की थी उससे उनकी फिटनेस का अंदाजा होता है। इस गेंद पर सूर्यकुमार 29 रनों पर आउट हुए थे और 51 रनों की साझेदारी टूटी थी इसी के साथ सीएसके मैच में वापसी कर ली थी। हेडन ने कहा कि धोनी आज बेहतरीन थे। ऐसी गेंदों को पकड़ना थोड़ा कठिन होता है क्योंकि गेंद के एंगल में बल्लेबाज भी आ जाता है। लेकिन उन्होंने स्टंपिंग में फुर्ती की तेजी दिखाई। इससे पता चलता है कि वह अब भी बेहतरीन हैं।

वहीं सीएसके कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने कहा कि धोनी लगातार कीपिंग का अभ्यास करते हैं। एक पूर्व क्रिकेटर पीयूष चावला ने कहा कि इस सत्र के पहले उन्होंने शायद नूर के खिलाफ कीपिंग का अभ्यास किया होगा। उन्होंने कहा कि अगर आपने किसी गेंदबाज के खिलाफ पहले कीपिंग का अभ्यास नहीं किया हो तो इस प्रकार की स्टंपिंग कठिन होती है। मुझे लगता है कि उन्होंने सत्र के पहले नूर के खिलाफ कीपिंग का अभ्यास किया होगा। वह नए गेंदबाजों के खिलाफ अक्सर ऐसा करते हैं।

# टीम में वापसी मेरे हाथ में नहीं : सिराज

कोलकाता । तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अभी गुजरात टाइटन्स की ओर से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल रहे हैं। वह चैम्पियंस ट्रॉफी से ही भारतीय टीम से बाहर हैं। इसी को लेकर सिराज ने कहा कि टीम में वापसी मेरे हाथ में नहीं है। इस गेंदबाज ने कहा कि उनका ध्यान अच्छा प्रदर्शन करने और अपनी टीम के लिए विकेट लेने पर है। उन्होंने यह भी याद किया कि जब उन्होंने पहली बार आईपीएल के बाद टी20 विश्व कप 2022 में चयन के बारे में सोचना शुरू किया, तो वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और तब से उन्होंने उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया, जिन्हें वह नियंत्रित कर सकते हैं। सिराज ने कहा, चयन मेरे हाथ में नहीं है। मेरे हाथ में विकेट लेना और अपनी टीम के लिए प्रदर्शन करना है। मैं अपना 100 फीसदी दूंगा। अगर मैं चयन के बारे में सोचना शुरू कर देता हूं, तो यह मेरे प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी20 विश्व कप में, आईपीएल के ठीक बाद, मैं केवल चयन के बारे में सोच रहा था और मुझे अच्छी गेंदबाजी करने की जरूरत थी पर प्रदर्शन नहीं आया। बाद में, मुझे एहसास हुआ कि मेरे नियंत्रण में केवल मेरी गेंदबाजी और 100 फीसदी देना है। सबसे महत्वपूर्ण बात प्रदर्शन है और क्या मैं अपनी योजनाओं को ठीक से क्रियान्वित कर रहा हूं। मैंने पिछले कुछ वर्षों में यह सीखा है, और यह बहुत मददगार रहा है। अपने शरीर के बारे में सिराज ने कहा कि वह अच्छा महसूस कर रहे हैं और उन्होंने अपनी मानसिकता पर भी काम किया है। उन्होंने कहा, मेरे लिए, सब कुछ लय पर निर्भर करता है, मेरी लय जितनी बेहतर होगी, मैं उतनी ही बेहतर गेंदबाजी करूंगा।



# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए लेथम को बनाया कप्तान

### –केली और अब्बास पहली बार शामिल

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टॉम लेथम को कप्तान बनाया है। टीम में कई नए खिलाड़ियों को भी पहली बार जगह मिली है। वेलिंगटन फायरबर्ड्स के लिए खेलने वाले दो अनकैप्ड खिलाड़ियों बल्लेबाज निक केली और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुहम्मद अब्बास को पहली बार शामिल किया गया है। वहीं राचिन रवींद्र, डेवोन कॉनवे, ग्लेन फिलिप्स और मिशेल सेंटनर टीम से बाहर है ,ये सभी अभी आईपीएल खेल रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती मैच में शतक बनाने वाले विल यंग, केली के साथ शीर्ष क्रम में शामिल होंगे। जबकि डेरिल मिशेल, माइकल ब्रेसवेल और नाथन स्मिथ मध्य क्रम में खेलेंगे।

गेंदबाजी की कमान विल ओ'रुर्क, जैकब डफी, नाथन स्मिथ और बेन सियर्स जैसे खिलाड़ियों के पास रहेगी। तेज गेंदबजा जैमीसन को आराम दिया गया है। स्पिन में ऑलराउंडर ब्रेसवेल के साथ 22 वर्षीय ऑकलैंड एसेस के लेग स्पिनर आदि अशोक शामिल रहेंगे। दूसरा एकदिवसीय मैकलीन पार्क, नेपियर में मैच दो अप्रैल, तीसरा एकदिवसीय मैच पांच अप्रैल को बे ओवल, माउंट माउंगानुई में होगा।

**न्यूजीलैंड की टीम :** टॉम लैथम (कप्तान), मुहम्मद अब्बास, आदि अशोक, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, मिच हे, निक केली, डेरिल मिशेल, विल ओ'रूर्क, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ और विल यंग।




# श्रीलंका की अदालत ने मैच फिक्सिंग मामले में भारतीय को सुनाई 4 साल की सजा

कोलंबो । श्रीलंका की एक अदालत ने एक भारतीय नागरिक को क्रिकेट मैच फिक्सिंग के 2024 के एक मामले में मंगलवार को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। योगी पटेल पर कैंडी में खेले गए लीजेंड्स लीग टी 20 टूर्नामेंट में मैच फिक्स करने की पेशकश के आरोप लगे थे। उस पर श्रीलंका की चयन समिति के अध्यक्ष उपुल थरंगा की शिकायत के आधार पर आरोप लगाए गए थे। पटेल पर अदालत द्वारा यात्रा प्रतिबंध के बावजूद देश से भाग जाने के कारण उसकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया गया था। उसे पिछले साल मार्च में गिरफ्तार किया गया था और बाद में कड़ी शर्तों के तहत मई में जमानत पर रिहा कर दिया गया था। श्रीलंका ने 2019 में खेल संबंधी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम को अपनाया, जिसमें 10 साल तक की जेल की सजा और 5,50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है।



# मेनन आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर बने रहेंगे, जयरामन मदनगोपाल का हुआ प्रमोशन

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के अलाउद्दीन पालेकर और इंग्लैंड के एलेक्स व्हार्फ को आईसीसी अंपायरों के एलीट पैनल में शामिल किया जिसमें नितिन मेनन एकमात्र भारतीय हैं। भारत के जयरामन मदनगोपाल को इमर्जिंग पैनल में पदोन्नत किया गया है। मेनन अंपायरों के एलीट पैनल में रिचर्ड इलिंगवर्थ के बाद दूसरे स्थान पर हैं। पालेकर और व्हार्फ एलीट पैनल में माइकल गॉफ और जोएल विल्सन की जगह लेंगे। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार 50 वर्षीय मदनगोपाल को इमर्जिंग पैनल में पदोन्नत किया गया है। यह उन्हें विदेशी टेस्ट और वनडे मैचों में अंपायरिंग करने के योग्य बनाता है। तमिलनाडु के पूर्व खिलाड़ी मदनगोपाल ने अब तक एक टेस्ट, 22 वनडे और 42 टी20 अंतरराष्ट्रीय में अंपायरिंग की है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर पालेकर ने पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार टेस्ट, 23 वनडे और 67 टी20 अंतरराष्ट्रीय के साथ 17 महिला अंतरराष्ट्रीय मैचों में मैदान पर अंपायरिंग की है। उन्होंने पुरुषों के टी20 विश्व कप 2024 और अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 जैसे प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंटों में भी अंपायरिंग की है। व्हार्फ के पास प्रथम श्रेणी स्तर पर 16 साल क्रिकेट खेलने का अनुभव है। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 13 एकदिवसीय मैचों भी खेले हैं। व्हार्फ ने पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सात टेस्ट, 33 एकदिवसीय और 45 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में मैदान पर अंपायरिंग की है। वह हाल ही में हुए आईसीसी पुरुष और महिला विश्व कप, 2024 में क्रमशः पुरुष और महिला टी20 विश्व कप और 2025 में पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में अंपायरिंग कर चुके हैं। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने दोनों नए सदस्यों पालेकर और व्हार्फ को शुभकामनाएं देने के साथ ही निवर्तमान अंपायरों गॉफ और विल्सन को भी धन्यवाद दिया। शाह ने एक बयान में कहा, 'एलीट पैनल में शामिल होने के कारण काफी दबाव होता है, सब की नजरें आप पर होती है लेकिन हमें विश्वास है कि अलाउद्दीन और एलेक्स दोनों के पास शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अनुभव और कौशल है। मैं आईसीसी की ओर से उन्हें आगामी सत्र के साथ-साथ भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं देता हूं। हम जोएल और माइकल दोनों को कई वर्षों से विश्व स्तर पर उनकी सेवाओं के लिए अपना हार्दिक धन्यवाद देना चाहते हैं।'

# आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पहले ही मैच में फ्लाप रहे

### –शून्य पर आउट होने के बाद कप्तानी में भी की कई गलतियां



विशाखापट्टनम । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास में देखा गया है कि महंगे खिलाड़ी असफल रहे हैं। ये एक बार फिर साबित हुआ है। लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत को आईपीएल नीलामी में सबसे बड़ी रकम देखकर खरीदा था पर वह अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में एक भी रन नहीं बना पाये। सुपरजायंट्स ने ऋषभ को कप्तान बनाया था पर वह एक रन भी नहीं बना पाये। वह एक के बाद एक वह पूरे मैच में गलती करते रहे। उनकी कप्तानी भी खराब रही जिससे हाथ में आया मैच टीम हार गयी। उनसे चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। प्रशंसक उनकी आक्रामक बल्लेबाजी देखने मैदान पर पहुंचे थे। मगर 27 करोड़ का खिलाड़ी सात गेंद भी नहीं खेल सका और छह गेंद में खाता खोल बिना ही आउट हो गया। वहीं मैच में ऋषभ ने ट्रिस्टन स्टब्स को रन आउट करने का अवसर भी खोया। स्टब्स तब 12 रन पर खेल रहे थे। इसके बाद इस बल्लेबाज ने 22 गेंद में 34 रन बनाये। दिल्ली को जीत के लिए अंतिम छह गेंदों में छह रन चाहिए थे और उसके पास केवल एक ही विकेट शेष था। 19.1 ओवर में शाहबाज अहमद की गेंद पर बल्लेबाज मोहित शर्मा को भी वह स्टंप आउट करने में असफल रहे। उन्होंने अंतिम ओवर स्पिनरों को देकर भी गलती की। इससे विरोधी टीम दिल्ली को आसानी से रन बनाने का अवसर मिल गया।

# इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 'ए' टीम में शामिल हो सकते हैं भारत के कुछ मुख्य खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के कुछ मुख्य खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए मई-जून की विंडो में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ होने वाले चार दिवसीय दो मुकाबलों में खेलने के लिए 'ए' टीम का हिस्सा बन सकते हैं। इंग्लैंड की 45 दिवसीय यात्रा की शुरुआत भारत 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के साथ करेगा। भारत 2007 के बाद से 'ओल्ड ब्लाइटी' में पहली श्रृंखला जीतने का प्रयास करेगा।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक बयान में कहा, 'पहला चार दिवसीय मैच 30 मई से कैंटरबरी के सेंट लॉरेंस के स्पिटफायर मैदान में आयोजित किया जाएगा। दूसरा मैच एक सप्ताह बाद छह जून से नॉर्थम्प्टन के काउंटी मैदान में शुरू होगा।'

भारत के सभी मुख्य क्रिकेटर इस समय अपनी-अपनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंधित हैं क्योंकि लीग के नॉकआउट मैच 20, 21 और 23 मई को खेले जाएंगे जिसके बाद 25 मई को फाइनल होगा। भारतीय चयनकर्ताओं को इंग्लैंड दौरे से पहले भारत 'ए' टीम की घोषणा करने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है और मौजूदा स्थिति के अनुसार करुण नायर इस दौरे में शामिल हो सकते हैं।

करुण ने 2024-25 के घरेलू सत्र में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और रणजी ट्रॉफी में नौ मैचों में 54 के औसत से चार शतक और दो अर्धशतक से 863 रन बनाकर चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उनकी शानदार फॉर्म की बदौलत विदर्भ ने फाइनल में केरल को हराकर अपना तीसरा रणजी खिताब जीता। एक सूत्र ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया, 'टीम की घोषणा करने के लिए काफी समय है, नॉकआउट से पहले या इन मैचों के ठीक बाद। तब आपको स्पष्ट तस्वीर मिल जाएगी कि तब तक कौन से खिलाड़ी उपलब्ध हैं।'

रोहित शर्मा के इंग्लैंड में भारत की सीनियर टीम की अगुआई करने की उम्मीद है, भले ही न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट श्रृंखला में मिली हार के दौरान उनका प्रदर्शन मामूली रहा हो। भारत स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर भी नजर रखेगा जो अब भी ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान लगी पीठ की चोट से उबर रहे हैं। बुमराह आईपीएल 2025 के पहले कुछ मैचों के लिए मुंबई इंडियंस के लिए उपलब्ध नहीं हैं।



## पंजाब के 191 पुलिस थानों में मुंशियों के तबादले, मान सरकार का एक्शन

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब में भगवत मान सरकार इनदिनों प्रशासनिक फेरबदल में लगी हुई है। इसी बीच पंजाब सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब के 191 पुलिस थानों में मुंशियों के तबादले कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक तबादले हुए सभी मुंशी 2 साल से अधिक समय से एक स्थान पर तैनात थे। पंजाब के थानों के मुशियों की तबादले की जानकारी खुद वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मान ने फैसला लिया हैं कि कोई मुंशी 2 साल से अधिक समय तक एक ही थाने में तैनात नही रहेगा। इसके तहत कार्रवाई करते हुए थानों के मुशियों की तबादले किए गए हैं। वित्त मंत्री चीमा ने बताया कि काफी समय से शिकायतें मिल रही थी कि पंजाब के पुलिस थानों में मुंशी को छोड़कर एसएचओ, एसएसपी व डीएसपी के तबादले किए जाते हैं। इसके बाद मुंशी कई सालों से एक ही थाने में तैनात रहते हैं, जिनके 8-10 साल का समय हो गया था। इसके बाद भ्रष्टाचार का भी आंदेश रहता है। इसकारण पंजाब सरकार ने बड़ा फेरबदल कर राज्य के 191 थानों के मुंशी बदल दिए हैं।

## दिल्ली में बुखार से मचा हाहाकार, 14 दिन लगते हैं ठीक होने में

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली-एनसीआर में इन दिनों एक अजीब तरह का बुखार तेजी से फैल रहा है, जिसे डॉक्टर वायरल फीवर मान रहे हैं। लेकिन इस बार यह बुखार तीन-चार दिन में ठीक होने के बजाय 14 से 15 दिनों तक बना रहता है और मरीजों को पूरी तरह रिकवर होने में करीब 20 दिन का समय लग रहा है। इसके लक्षण भी सामान्य वायरल से ज्यादा गंभीर हैं— सिरदर्द, जोड़ों में दर्द, कमजोरी, शरीर में कंपन, कमर दर्द, जुकाम और खांसी। इस लंबे चलने वाले बुखार से लोग बेहद परेशान हैं।जानकारों के मुताबिक इस बार वायरल फीवर का एक नया रूप देखने को मिल रहा है। यह वायरल फीवर ही है लेकिन इसके लक्षण इस बार बेहद गंभीर हैं। जैसे यह बुखार लंबा चल रहा है। लोगों को कमजोर कर दे रहा है। उनकी ओपीडी में कई ऐसे मरीज आ रहे हैं जो 14 दिन तक भी इस बुखार से पूरी तरह से रिकवर नहीं हो पाए हैं।

## मायावती का दलित और पिछड़ा वर्ग गठजोड़, बीजेपी, सपा और कांग्रेस को पहुंचाएगा नुकसान

लखनऊ (एजेंसी)। कभी उत्तर प्रदेश की राजनीति की मजबूत धुरी रही बहुजन समाज पार्टी इनदिनों हाशिये पर है। इस कारण बसपा सुप्रीमो और पूर्व सीएम मायावती 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के छिटक चुके जनाधार को फिर से हासिल करने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रही हैं। इसी क्रम में मायावती दलितों के साथ पिछड़ों को जोड़कर नए समीकरण तैयार करने में लगी है। दरअसल, 2027 में दलित-ब्राह्मण गठजोड़ कर बहुमत से सरकार बनाने वाली मायावती अब दलित और पिछड़ा वर्ग को पार्टी से जोड़कर नई सोशल इंजीनियरिंग की पटकथा लिखाने की तैयारी में है। अगर उनका यह फार्मूला काम करता है तब इससे बीजेपी और समाजवादी पार्टी के वोट बैंक में सेंध लग सकती हैं, इतना ही नहीं कांग्रेस की परेशानी भी बढ़ जाएगी। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को पीडीए फॉर्मूले का फायदा हुआ था, जबकि बीजेपी को बड़ा झटका लगा था। वहीं बसपा का सूपड़ा साफ हो गया था। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पीडीए फॉर्मूले के सहारे ही 2027 की वैतरणी पार करना चाहती है। लेकिन अब मायावती दलित-ओबीसी गठजोड़ की नई पटकथा तैयार कर रही हैं जिसका सीधा असर बीजेपी, सपा और कांग्रेस पर हो सकता है। हालांकि, अभी 2027 के चुनाव में दो साल का समय है, लेकिन यूपी पंचायत चुनाव में मायावती के इस दांव की अग्नि परीक्षा होगी।

## उड़ान भरने से पहले विमान से टकराया पक्षी, ब्रेक लगाते ही यात्री घबराए

### -तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट ने रद्द की उड़ान, विमान को वापस बे में भेजा

बेंगलुरू (एजेंसी)। तिरुवनंतपुरम से बेंगलुरू जा रहा इंडिगो विमान 6ई 6629 रनवे पर एक पक्षी उसके बाएं इंजन से टकराया। विमान में सवार एक यात्री ने कहा कि पायलट और सह-पायलट ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे सभी यात्रियों का झटका लगा। सोमवार सुबह तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान के उड़ान भरने से ठीक पहले पक्षी से टकराने के बाद बेंगलुरू जाने वाली इंडिगो उड़ान रद्द कर दी गई। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक यह घटना उस समय हुई जब इंडिगो की फ्लाइट 6E 6629 179 यात्रियों को लेकर उड़ान भरने वाली थी। घटना के बाद विमान को तुरंत निरीक्षण के लिए वापस बे में ले जाया गया। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए एयरलाइन ने उड़ान रद्द करने और प्रभावित यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का फैसला लिया। बता दें ऐसी ही घटना पिछले साल दिसंबर में दिल्ली से शिलांग जा रही फ्लाइट से पक्षी के टकराने के बाद पटना के जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी।

## हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने दिया स्टे, 12 साल पुरानी बसों को बैन करने का मामला

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंदौर हाईकोर्ट ने पिछले दिनों मध्य प्रदेश में चलने वाली 12 साल से ज्यादा पुरनी बसों को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया था। वहीं अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के फैसले पर स्टे लगा दिया है। इस मामले में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ इंदौर के एक प्रतिष्ठित समाजसेवी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। बता दें कि पिछले दिनों इंदौर हाईकोर्ट द्वारा पहले स्कूल बसों और फिर सभी तरह की बसों को लेकर ये बैन लगाया गया था। हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि मध्य प्रदेश में जो बसों 12 साल से ज्यादा पुरानी हो गई है उनका संचालन पूरी तरह से रोक दिया जाए। ऐसा फैसला यात्रियों की सुरक्षा के लिए दिया गया था।

# ट्रंप के टैरिफ दबाव के चलते चीन के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करेगा भारत

### -चीनी तकनीशियनों और श्रमिकों को काम करने वीजा में राहत देने पर भी चर्चा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और चीन के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर केंद्र सरकार विचार कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर टैरिफ कम करने के दबाव को देखते हुए नीति-निर्माता भारत-चीन के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए इसी समय को सही मान रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उनका मानना है कि चीन के साथ व्यापारिक संबंधों को सामान्य करने से अमेरिका को यह स्पष्ट संदेश मिल जाएगा और ट्रंप के दबाव से निपटने में यह काम आएगा।

सूत्रों के मुताबिक भारत सरकार के कई विभागों के बीच चर्चा चल रही है कि चीन के साथ व्यापार और निवेश पर लगाए गए कुछ प्रतिबंधों में ढील दी जाए। ये प्रतिबंध 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प के बाद लागू किए गए थे। औद्योगिक क्षेत्र से मिल रही मांगों के कुछ प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। इनमें चीनी नागरिकों के लिए वीजा नियमों में ढील, चीनी उत्पादों पर टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करना और कुछ प्रतिबंधित चीनी ऐप्स को दोबारा अनुमति देना शामिल है।



इसके अलावा चीनी स्कॉलर्स के लिए वीजा जारी करने और दोनों देशों के बीच हवाई सेवाओं को फिर शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। निवेश के मामले में भी भारत सरकार अब बीजिंग से पूंजी प्रवाह की अनुमति देने पर विचार कर रही है, जिससे दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार घाटे को संतुलित किया जा सके। वर्तमान में भारत की नीति के मुताबिक उन देशों से निवेश को सरकार की मंजूरी लेनी होती है जो भारत के साथ अपनी सीमा साझा करते हैं।

रिपोर्ट में सूत्रों के मुताबिक वित्त मंत्रालय ने इस वित्तीय वर्ष की शुरुआत में व्यापार प्रतिबंधों में कुछ ढील देने के पक्ष में एक प्रस्तुति भी दी थी। वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि चीन से आने वाले उत्पादों पर अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन और गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों को लेकर भी विचार किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि व्यापार संबंधों को बहाल करना जरुरी हो गया है, खासकर ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के बाद के दौर में। व्यापार और गैर-व्यापार बाधाओं को हटाने की मांग पहले से ही छोटे और मध्यम उद्योगों द्वारा की जा रही थी। इसके अलावा बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में शामिल चीनी तकनीशियनों और श्रमिकों को भारत में काम करने के लिए वीजा नियमों में कुछ राहत देने पर भी चर्चा हो रही है।

सूत्रों का कहना है कि चीन भी भारत के साथ व्यापार बहाल करने के लिए इच्छुक है। भारत सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक धीरे-धीरे चीन के साथ व्यापारिक प्रतिबंधों में छूट दी जा सकती है, जिससे चीनी कंपनियों को भारत में निवेश की अनुमति दी जा सके। हालांकि, सरकार यह तय करेगी कि चीनी कंपनियों की भागीदारी भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी में हो और उनमें चीन की हिस्सेदारी अल्पसंख्यक हो।

## कुणाल कामरा पर सीएम योगी का तंज, कुछ लोग ने देश का चीर हरण करने की कसम खाई

लखनऊ। स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरा द्वारा महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर विवाद जारी है। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मामले में प्रतिक्रिया दी है। एक इंटरव्यू में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कुछ लोग ने देश का चीर हरण करना, विभाजन की खाई को और चौड़ी करने के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मान लिया है।



बता दें कि कुणाल कामरा ने उप मुख्यमंत्री शिंदे पर नाम लिए बगैर विवादित टिप्पणी की थी। इसका वीडियो सामने आने के बाद कामरा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। मुंबई की खार पुलिस ने मामले में कुणाल कामरा को समन भेजा है। कामरा के खिलाफ मुंबई में शिवसेना नेताओं ने केस भी दर्ज कराया है। शिवसेना (शिंदे) ने कामरा से माफी मांगने की मांग की थी। साथ ही यह चेतावनी भी दी थी कि कामरा यदि माफी नही मांगते हैं, तब शिवसेना कामरा को अपने ढंग से जवाब देगी। इस बीच सीएम योगी से जब बताया गया कि महाराष्ट्र में कॉमेडियन ने संविधान को दिखाकर कहा है कि इससे (संविधान से) मुझे अभिव्यक्ति की आजादी मिलती है। इस पर सीएम योगी ने कहा कि आपकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दूसरे पर व्यक्तिगत प्रहार करने के लिए नहीं हो सकती है। दुर्भाग्य है कि कुछ लोगों ने देश का चीर हरण करना, विभाजन की खाई को और चौड़ी करने के लिए इस अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मान लिया है।

## कृष्णानगर के बीडीओ को हटाओ, हिंदू और हिंदी भाषी मतदाताओं के नाम काटे जा रहे

### -वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने की निर्वाचन आयोग से शिकायत

कोलकाता (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि टीएमसी मतदाता सूची से फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने की आड़ में हिंदू और हिंदी भाषी मतदाताओं के नाम कटवा रही है। बीजेपी नेता श्री अधिकारी ने दावा किया कि 27 फरवरी के बाद से कई मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। बंगाल विधानसभा में विपक्षी नेता अधिकारी ने कहा, हिंदू मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। मैं निर्वाचन आयोग से कृष्णानगर के बीडीओ को हटने का आग्रह करता हूं। भाजपा नेता ने दावा किया, हिंदू मतदाताओं को ऑफिस बुलाकर यह साबित करने के लिए कहा जा रहा है कि वे बांग्लादेशी नहीं हैं। फॉर्म 7 जमा करने वालों को सबूत देने के लिए मजबूर कर रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा बागदा और कृष्णनगर में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन करेगी, जहां पार्टी को सबसे अधिक शिकायतें मिली हैं। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश मजूमदार ने बीजेपी नेता अधिकारी के आरोपों को बेबुनियाद बताकर खारिज किया। आरोपों पर मजूमदार ने कहा, तथ्य यह है कि भाजपा हरियाणा और अन्य राज्यों के मतदाताओं को पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में शामिल कर रही है। अब जब मतदाता सूची घोटाला उजागर हुआ है, तब वे ध्यान भटकाने के लिए हम पर आरोप लगा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले हिंदुओं के बीच एकता का आह्वान किया गया। शुभेंदु अधिकारी ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में 'सनातनी एकजुटता' रैली में हिस्सा लिया था। सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली में हिस्सा लिया, जो औद्योगिक शहर के 2 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र से होकर गुजरी और शहर के मध्य में समाप्त हुई।

# बीजेपी का सोनिया और राहुल पर हमला, नकली गांधी परिवार देश के साथ गद्दारी करता

### गांधी परिवार ने कमीशन के कारण राफेल सौदा नहीं होने दिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। बोफोर्स मुद्दे पर प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मांग की कि सोनिया और राहुल गांधी को क्वात्रोची परिवार के साथ अपने संबंधों का पूरा खुलासा करने तक अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोनिया और राहुल गांधी को देश के नागरिकों के लिए वे कम से कम इतना कर ही सकते हैं।



भाजपा नेता ने दावा किया कि 1984-1988 के बीच इटली में भारत के राजदूत ने बयान दिया है कि (पूर्व प्रधानमंत्री) राजीव गांधी मुख्य सूत्रधार थे, और उनके (व्यापारी) ओटावियो क्वात्रोची के साथ बहुत गहरे संबंध थे। तत्कालीन कैग ने कहा कि प्रतिस्पर्धी तोपों के मूल्यांकन में गंभीर खामियां थीं। उन्होंने कहा कि आज की ये प्रेसवार्ता कांग्रेस में भ्रष्टाचार, दलाली और गांधी परिवार केवल कमीशनखोरी करता है, ये बात जगजाहिर है। लेकिन अब ये कहना गलत नहीं होगा कि नकली गांधी परिवार देश के साथ गद्दारी भी करता है, ये नागरिकों के साथ गद्दारी करता है।

बीजेपी नेता भाटिया ने कहा कि एक लेखक हैं चित्रा सुब्रमण्यम, उनकी एक किताब आई है और किताब में जो तथ्य सामने आए हैं वे बेहद ही चिंताजनक हैं। ये तथ्य बताते हैं कि चाहे स्व. राजीव गांधी हों या सोनिया, ये दलाली भी करते हैं और देश के साथ गद्दारी भी करते हैं। उन्होंने कहा कि बोफोर्स दलाली, राजीव और सोनिया गांधी के दामन पर एक ऐसा दाग है, जो कभी नहीं मिटेगा। लेकिन जो तथ्य अब सामने आए हैं, उससे राष्ट्र सुरक्षा को लेकर कुछ अहम सवाल हम उठाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि बोफोर्स घोटाले में इतालवी कारोबारी क्वात्रोची की मुख्य भूमिका थी। उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव और सोनिया गांधी के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखे और खुलेआम दावा किया कि वे कंपनियों के लिए सरकारी अनुबंध हासिल कर सकते हैं। इतना ही नहीं क्वात्रोची के पास भारतीय पीएम से पहले ही प्रमुख रक्षा सौदों से जुड़ी गोपनीय सरकारी फाइलों तक पहुंच थी। राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान, क्वात्रोची ने विशिष्ट कंपनियों के पक्ष में बदलाव किए और अनुबंध हासिल किए, इसमें राजीव गांधी ने इन बदलावों में मदद की।

भाटिया ने कहा कि भारत की सेना और वायुसेना राफेल मांगती रही, लेकिन 10 साल तक डील नहीं हुई। लेकिन अब ऐसा लगाता हैं कि तब गांधी परिवार अपने कमीशन का इंतजार करता रहा। कोई भी रक्षा सौदा हो, गांधी परिवार का केवल एक ही मकसद है कि उनकी तिजोरी में कितनी काली कमाई आएगी।

## तेलंगाना टनल में फंसे 7 लोगों में से एक मजदूर का शव मिला

### - हादसे के 32 दिन बाद भी 6 लोगों का नहीं लग पा रहा पता

नागरकुर्नूल (एजेंसी)। तेलंगाना के नागरकुर्नूल में स्थित श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) टनल का एक हिस्सा गिर गया था। इसमें 8 मजदूर फंस गए थे। हादसे के 32 दिन बाद मंगलवार को रेस्क्यू टीम को एक और शव मिला है। इसे बाहर निकालने के प्रयास जारी हैं। इससे पहले 9 मार्च को गुरप्रीत सिंह का शव मिला था। बचाव दल के अधिकारियों का कहना है कि शव की पहचान नहीं हो पाई है। वह किस वर्कर का है।



एडवांस मशीनों की मदद से शव को जल्द ही निकाल लिया जाएगा। अभी भी टनल में फंसे 6 वर्कर्स का पता नहीं चल रहा है, बचाव दल उन्हें तलाश रहे हैं। उनके जिंदा होने की संभावनाएं न के बराबर हैं। इससे पहले 15 मार्च को मजदूरों की तलाश के लिए ऑटोमैटिक हाइड्रोलिक-एबल रोबोट को तैनात किया था। यह रोबोट एक विशेष तकनीकी से लैस है, जो सर्च ऑपरेशन की रफ्तार बढ़ाने में मदद करता है। अधिकारियों के मुताबिक इस रोबोट के साथ 30 एचपी क्षमता वाला लिक्विड रिंग वैक्यूम पंप और वैक्यूम टैंक मशीन तैनात की गई है, जिससे मिट्टी हटाने का काम किया जाएगा। मैन्युअल खुदाई की बजाय, यह रोबोट ऑटोमैटिक तरीके से मलबा हटाने में सक्षम है। एक घंटे में करीब 620 क्यूबिक मीटर मिट्टी सुरंग से बाहर निकाली जा सकती है। राज्य के विशेष मुख्य सचिव (आपदा प्रबंधन) इस सर्च ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं। ऑपरेशन में भारतीय सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, मानव अवशेष खोजी कुत्ते, सिंगरेनी कोलियरीज, हैदराबाद स्थित रोबोटिक्स कंपनी और अन्य यां शामिल हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे के बाद टनल में काम कर रहे मजदूर डर के कारण काम छोड़कर चले गए हैं। सीनियर सरकारी अधिकारी ने बताया कि श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल प्रोजेक्ट में 800 लोग काम कर रहे हैं। इनमें से 300 लोकल और बाकी झारखंड, ओडिशा और यूपी के हैं। अधिकारी ने यह भी कहा कि शुरुआत में मजदूरों में डर जरूर है। हालांकि कंपनी ने उनके लिए आवासीय कैंप बनाए हैं। कुछ लोग वापस जाना चाहते हैं, लेकिन हमारे पास इस बात की कोई रिपोर्ट नहीं है कि सभी मजदूर एक साथ छोड़कर जा रहे हैं।

## मार्च में ही अप्रैल जैसी गर्मी का एहसास, लोगों को आने लगी कूलर और एसी की याद

नई दिल्ली (एजेंसी)। मार्च का महीना अभी खत्म नहीं हुआ है, लेकिन गर्मी ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। तेज धूप और बढ़ते तापमान ने लोगों को कूलर और एसी की याद दिला दी है। दिन में चिलचिलाती धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मार्च में ही अप्रैल जैसी गर्मी का एहसास होने लगा है। लोगों ने अभी से ही घरों में एसी और पंखे चलाने शुरू कर दिए हैं। इस बदलते मौसम का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। अधिक गर्मी के कारण सर्दी, खांसी और बुखार जैसी समस्याएं तेजी से फैल रही हैं।



मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होगी। 26 मार्च को न्यूनतम तापमान 18 डिग्री और अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। 27 मार्च को तेज सतही हवाओं के साथ अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक पहुंच सकता है। 28, 29 और 30 मार्च को भी दिन में गर्मी तेज रहने की संभावना है। 30 और 31 मार्च को आंशिक रूप से बादल छाए रहने के आसार हैं, लेकिन गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखकर प्रशासन ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में तापमान डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि लोग तापमान की जानकारी प्राप्त कर सकें और गर्मी से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां बरत सकें। विशेषज्ञों के अनुसार, अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए लोगों को कुछ महत्वपूर्ण सावधानियां बरतनी चाहिए। जिनमें धूप में निकलने से पहले छाता, टोपी या गमछे का इस्तेमाल करें। हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें, ताकि गर्मी कम महसूस हो। भरपूर मात्रा में पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें। कैफीन और शराब के सेवन से बचें, क्योंकि यह शरीर में पानी की कमी कर सकते हैं। बाहर जाने से पहले अपने शरीर को हाइड्रेट रखें और धूप से बचने के उपाय करें।

# बिहार के सीएम नीतीश कुमार की अजीब हरकतों ने किए सवाल खड़े, बीजेपी चुप

### - विपक्ष कर चुका है इस्तीफे की मांग, बेटे को सीएम बनाने का भी दिया सुझाव

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार की अजीब हरकतों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। 20 मार्च को पटना के एक कार्यक्रम में राष्ट्रगान बजने के दौरान ही वह हंसी-ठिठोली करते नजर आए थे। वहीं प्रधान सचिव दीपक कुमार ने सीएम को हाथ देकर सावधान मुद्रा में रहने का इशारा किया तो नीतीश पत्रकारों को प्रणाम करने लगे। पूर्व सीएम रबड़ी देवी ने कहा था कि अगर नीतीश कुमार का दिमाग खराब है, तो उन्हें गद्दी छोड़कर अपने बेटे को सीएम बना देना चाहिए।

बता दें नीतीश कुमार ने पाटलिपुत्र खेल परिसर में राष्ट्रगान को शुरू होने से पहले रुकवा दिया। नीतीश ने मंच से इशारों में कहा कि पहले स्टेडियम का चक्कर लगाकर आते हैं, फिर शुरू कीजिएगा। सीएम का संकेत मिलते ही मंत्री विजय चौधरी ने राष्ट्रगान बंद करवा दिया। फिर से राष्ट्रगान शुरू हुआ, लेकिन नीतीश अजीब हरकतें करते नजर आए। वहीं 15 मार्च 2025 को पटना में होली मिलन समारोह में नीतीश कुमार बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद के पैर छूने के लिए झुके। हालांकि रविशंकर ने उन्हें रोक दिया। पास खड़े जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने भी सीएम नीतीश का हाथ पकड़ लिया। इसके बाद नीतीश ने रविशंकर को गले लगा लिया। नीतीश, रविशंकर से 4 साल बड़े हैं।

नीतीश कुमार ने 2 बार पीएम मोदी के पैर छूने की कोशिश भी कर चुके हैं। पहली बार 7 जून 2024 को, जब दिल्ली में लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद एनडीए की बैठक हुई थी। दूसरी बार 13 नवंबर 2024 को जब पीएम मोदी दरभंगा एम्स के शिलान्यास कार्यक्रम में आए थे। इस दौरान अपना भाषण खत्म कर सीएम नीतीश अपनी कुर्सी की ओर जा रहे थे। बीच में रुके और पीएम मोदी के पैर छू लिए।

30 जनवरी 2025 को पटना में भी राष्ट्रपति महात्मा गांधी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। यहां सीएम नीतीश महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद ताली बजाने लगे थे। विधानसभा स्पीकर नंदकिशोर यादव ने उन्हें रोका था। 30 नवंबर 2024 को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन नीतीश कुमार सदन में भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी के ब्रेसलेट से खेलने लगे। सीएम का ये अंदाज देखकर मंत्री अशोक चौधरी भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए थे।

15 अक्टूबर 2024 को गांधी मैदान में दशहरा पर रावण वध समारोह का आयोजन हुआ। इसमें नीतीश ने रावण पर चलाने के लिए दिए गए तीर-धनुष को फेंक दिया। 21 सितंबर 2024 को नीतीश कुमार मंत्री अशोक चौधरी के कंधे पर सिर रखकर उनसे लिपट गए थे। सीएम नीतीश ने कहा था- हम इनसे बहुत प्रेम करते हैं। नीतीश कुमार के इस तरह के व्यवहार को विपक्ष ने मानसिक बीमारी बताया और इस्तीफे की मांग की।

लालू यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा था कि राष्ट्रगान का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। बिहारवासियों, अब भी कुछ बचा है? वहीं राबड़ी देवी ने विधानसभा में कहा था कि अगर सीएम नीतीश कुमार का दिमाग खराब है, तो उनको गद्दी छोड़नी चाहिए और अपने बेटे को सीएम बना देना चाहिए। बेटा नहीं बनता तो किसी दूसरे अपने को कुर्सी सौंप दें।



वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा था कि बिहार के लिए कल काला दिवस था। पीएम मोदी के लाडले सीएम ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। लाडले सीएम पर पीएम मोदी क्या कहेंगे? भारत माता की जय करने वाले बीजेपी के दोनों डिप्टी सीएम गायब हैं। सीएम नीतीश कुमार को रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। राष्ट्रगान को अपमान करने वाले को तीन साल की सजा होती है। जनसुराज के प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार का मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है। यह बात पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी जानते हैं, लेकिन वोट के लालच में कुछ नहीं कर रहे हैं। नवंबर 2023 में बीजेपी नेता सुशील कुमार मोदी ने विधानसभा में कहा था कि नीतीश किसी गंभीर मानसिक बीमारी के शिकार हैं। ऐसे शख्स के भरोसे पूरा बिहार छोड़ा हुआ है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**